लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 14 | अंकः 317 | मूल्यः ₹ 3.00/- | पेज : 12 गुरुवार | 31 अगस्त, 2023



रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

**सीएम ने कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से की बातः** योगी बोले, 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करेंगे, कार्यक्रम में बच्चियों ने बांधी राखी, कहा

# बेटियों से भेदभाव नहीं होना चाहिए

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में बुधवार को सीएम योगी ने कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान कार्यक्रम में बच्चियों ने सीएम को राखी बांधी। सीएम ने कहा, अगले वित्त वर्ष में राशि को 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करेंगे। बेटी की जन्म लेते ही 5 हजार उसके नाम पर दर्ज होगा। बेटी की उम्र एक साल होगी तक 2 हजार की राशि और पहली क्लास में 3 हजार और नौवीं क्लास में 3 हजार इसके बाद स्नातक में 5 हजार इसके बाद 7 हजार बेटी के लिए अलग-अलग योजनाओं के तहत दी जाएगी। यह सभी बेटियों के लिए रक्षा बंधन पर तोहफ़ा होगा। योगी ने कहा, रक्षा बंधन के त्योहार पर मंगलवार रात 12 बजे से लेकर 31 अगस्त तक रात 12 बजे तक बसों में यात्रा नि:शुल्क है। सभी बहनें इसका लाभ उठाए। आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के कार्यक्रम को एक नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने के लिए।

### कोई परीक्षा हो उनके बिना भेदभाव के परिणाम आने लग गएः सीएम योगी

उन्होंने कहा, हमारा भारतीय समाज प्राचीन काल से ही मातृ वंदना को उनके प्रति सम्मान के भाव को प्राथमिकता देता रहा है। यही कारण रहा है हर उसे वस्तु को सम्मान की निगाह से समाज ने आगे बढ़ने का कार्य किया है। शासन की योजनाएं समय-समय पर चलाई जाती हैं। डबल इंजन की सरकार का यह मानना है कि बेटी सिर्फ बेटी है। उसे बेटी के साथ कोई भेदभाव किसी भी स्तर पर नहीं होना चाहिए। उसको सुरक्षा मिलना चाहिए उसको संरक्षण मिलना चाहिए और उसे आगे बढ़ाने के पर्याप्त अवसर भी मिलनी चाहिए। सीएम ने कहा कि अक्सर यहां पर जब नियुक्ति पत्र वितरित करते हैं। विभिन्न बोर्ड की बोर्ड की परीक्षा में मेरिट सूची में आए हुए बालक बालिकाओं को सम्मानित करते हैं। मैं उसे अवसर पर इस बात को देखता हूं चाहे कोई परीक्षा हो उनके बिना भेदभाव के परिणाम आने लग गए तो बेटियां ज्यादा मेरिट सूची में आने लगे उनका नंबर ज्यादा आता है। पांच बेटियों ने आज जो यहां पर अपने उद्बोधन को अपने सम्मान के माध्यम से अपनी बात को यहां पर रखा है। उनका जो आत्मविश्वास अच्छा लग रहा था। इस बात को प्रदर्शित करता है इस सरकार की जो योजना है वह सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है।



### शिशु मृत्यु दर को काफी स्तर तक कंट्रोल किया गया

उन्होंने कहा कि पिछले 6 साल के अंदर बेटी और बेटियों के बीच में जो 1000 की आबादी में अंतर था, उसमें 29 अंकों की बढ़ोतरी हुई। बेटियों की संख्या में वृद्धि करके अनुपात में संतुलन बनाने में सफलता पूरी की। नेशनल एचडी हेल्थ सर्व जब होते थे तो उसमें ज्यादा बच्चों को बीमारियों से मौत की घटनाएं होती थी। उसमें जाकर बच्चियों थी ज्यादातर बछिया में एनीमिया की स्थिति में सुधार हुआ है। नेशनल स्थिति में भी नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे में उत्तर प्रदेश के आंकड़े इस बात को कहते हैं कि शिशु मृत्यु दर को काफी हद तक नियंत्रित करने में सरकार को मदद मिली है।

### सुमंगला योजना के तहत अब 25000 रुपये मिलेंगे

मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना की धनराशि बढ़ाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुमंगला योजना के तहत अब 25000 रुपये मिलेंगे। अभी तक 15000 रुपये दिए जाते हैं। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य और राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

### बेटियों ने कहा, योजना से सपने हो रहे साकार

- योजना की लाभार्थी रत्ना मिश्रा ने बताया कि इस योजना के माध्यम से वह पढ़ पा रही हैं। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अब वह अपने सपनों को साकार कर पाएंगी, क्योंकि उनके पास प्रदेश बेटियों का ध्यान रखने वाले सीएम योगी हैं। कक्षा 10वीं की छात्रा अक्षरा कुशवाहा ने बताया कि इस योजना ने उनके जैसी निर्धन कन्याओं के जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन लाया है।
- इसके जरिए वह पढ़ पा रही हैं और अन्य बच्चों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल पा रही हैं। इसके लिए उन्होंने सीएम योगी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कस्तूरबा कन्या इंटर कॉलेज की छठवीं कक्षा की छात्रा शिवांशी विश्वकर्मा ने सीएम योगी को संस्कृत में अपना परिचय दिया। साथ ही उन्होंने देश भक्ति की भावना से ओत प्रोत संस्कृत का प्रयाण गीतम् पदं पदं प्रवर्धते...सुनकर कार्यक्रम में मौजूद लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार किया।
- उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से वह पढ़ पाएंगी और टीचर बनने के अपने सपने को पूरा कर पाएंगी। शिवांशी ने योजना के लिए सीएम योगी को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य, महिला कल्याण एवं बाल विकास की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बेटी के जन्म लेते ही 2000 की राशि

- सीएम योगी ने कहा बेटी के जन्म लेते ही 2 हजार की राशि बच्ची के नाम होता है। जब बेटी 1 साल की हो सभी प्रकार के टीकाकरण को संपन्न करने पर 1000 की राशि बेटी के खाते में चली जाती है। बेटी पहली क्लास में एडमिशन ले तो उसे 1000 मिलेगा। जब छठी क्लास में पहुंचे तो उसे 2000 की राशि मिले। बेटी जब नौवीं क्लास में जाए तो 3000 की राशि बेटी के नाम पर जाए और बेटी जब हाई स्कूल के बाद इंटरमीडिएट की परीक्षा में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट का कोर्स करें तो 5000 की राशि सरकार बेटी के अकाउंट में दे सके।

### अब तक 2 लाख बेटियों की शादी कराई

- उन्होंने कहा कि शादी विवाह के योग्य हो सके और परिवार की स्थिति ऐसे नहीं है कि वह दहेज दे सके, तो उसके लिए मुख्यमंत्री विवाह योजना में 51000 की राशि राज्य सरकार उपलब्ध कराती है। अब तक 2 लाख बेटियों की शादी कराई जा चुकी है। किसी योजना के तहत प्रदेश के अंदर 14 लाख से अधिक बेटियों को इस योजना से लाभान्वित किया गया है। योजना में वित्तीय वर्ष में प्रदेश के अंदर हम लोगों ने प्रदेश के अंदर 1 लाख70 हजार अकोला भ्रमित किया है। अब तक 16 लाख 24000 बेटी इस योजना से लाभान्वित हो चुकी है।

### 2017 के पहले स्कूलों में नंगे पैर बच्चे जाते थे

- उन्होंने कहा कि साल 2017 में जब सरकार बनी थी, उत्तर प्रदेश के अंदर में इस बात को लेकर की बेसिक शिक्षा परिषद के ज्यादातर स्कूलों में जो बच्चे स्कूल जाते थी तभी सरकारी स्कूलों में जाने वाली ज्यादातर बालिकाओं को नंगे पैर स्कूल जाना होता था। क्योंकि बेटी से पहले घर में ही उसके साथ अन्याय शुरू होता है।

## सीएम ने 200 फरियादियों की सुनी समस्याएं

लखनऊ। सीएम योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन के दौरान जन शिकायतों के निस्तारण का निर्देश दिए। इस दौरान वह खुद एक-एक फरियादी के पास पहुंचे। उन्होंने जनता की समस्याएं सुनी। सीएम ने जनता दर्शन में परिजनों के साथ पहुंचे बच्चों को दुलारा इसके साथ ही चॉकलेट दी।जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 फरियादियों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सीएम ने हर किसी को आश्वस्त किया कि सबकी समस्या का निस्तारण कराना उनकी प्रतिबद्धता है। प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। परेशान करने वाले को किसी भी सूरत में बख्शे नहीं जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। किसी की जमीन पर कब्जा करने वाले और कमजोरों को परेशान करने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।



## मदरसों पर मेहरबान योगी सरकार

**सरकार द्वारा कराए गए सर्वे के बाद पहले चरण में मानक पूरे करने वाले 8,449 मदरसों को मान्यता देने की तैयारी**

- इसमें तहतानिया यानी कक्षा 1 से 5, फोकानिया यानी कक्षा 5 से 8 और आलिया व उच्च आलिया यानी हाई स्कूल और इंटर की पढ़ाई वाले मदरसे शामिल
- 11 सितंबर को मदरसा बोर्ड की बैठक बुलाई गई

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के मदरसों में शिक्षा का स्तर सुधारने और उनका कायाकल्प करने जा रही है। सरकार द्वारा कराए गए सर्वे के बाद पहले चरण में मानक पूरे करने वाले 8,449 मदरसों को मान्यता देने की तैयारी है। इसके लिए 11 सितंबर को मदरसा बोर्ड की बैठक बुलाई गई है। मदरसा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद के अनुसार बीते दिनों शासन की तरफ से कराए गए सर्वे के दौरान जो मदरसे सामने आए थे उन्हें जल्द मान्यता दी जाएगी। इसमें तहतानिया यानी कक्षा 1 से 5, फोकानिया यानी कक्षा 5 से 8 और आलिया व उच्च आलिया यानी हाई स्कूल और इंटर की पढ़ाई वाले मदरसे शामिल हैं।

### मान्यता प्राप्त कुल 8,449 मदरसे काम नहीं कर रहे थे

मदरसा बोर्ड के चेयरमैन ने बताया कि प्रदेश में 16,000 से ज्यादा मदरसे हैं। योगी सरकार की तरफ से मदरसों की हालत में सुधार और शिक्षा को गुणवत्तापरक बनाने के प्रयासों के चलते छात्र-छात्राओं की संख्या भी खासी बढ़ी है। संसाधन भी मिल रहे हैं। मान्यता मिलने से मदरसों की स्थिति में और सुधार होगा। पिछले साल मदरसा सर्वेक्षण के दौरान पता चला था कि राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त कुल 8,449 मदरसे काम नहीं कर रहे थे। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों की अधिकतम संख्या (550) मुरादाबाद जिले में पाए गए थे।

### मानक पूरे करने वाले अस्थायी मदरसों को भी स्थायी किया जाएगा

उत्तर प्रदेश में कुल 25,000 से अधिक मदरसे हैं। उनमें से 16,513 से अधिक को यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन से मान्यता मिली है। इन मान्यता प्राप्त मदरसों में 19 लाख से अधिक छात्र नामांकित हैं। सरकार ने गैर मान्यता प्राप्त मदरसों को तीन श्रेणियों में बांटा है। मदरसा बोर्ड से मान्यता होने के बावजूद पोर्टल से छूटे करीब 2,500 मदरसों के साथ मानक पूरे करने वाले अस्थायी मदरसों को भी स्थायी किया जाएगा। 2016 के बाद पहली बार बोर्ड यह प्रक्रिया करने जा रहा है। मदरसों के सर्वे और उनकी जांच को लेकर यूपी में काफी सियासत भी होती रही है।



### बधाई व अवकाश सूचना

आप सभी को रक्षाबंधन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं, साथ ही सभी को सूचित किया जाता है कि रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर जन एक्सप्रेस के प्रेस व कार्यालय में दिनांक 31 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 02 सितंबर 2023 को प्रकाशित होगा।

–संपादक

## केन नदी में डूबे पांच बच्चे, चार की मौत

जन एक्सप्रेस । बांदा

बांदा जिले में पैलानी थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसे में पांच बच्चे नदी में डूब गए। गुरगवां गांव के पास केन नदी में पांच बच्चे नहा रहे थे। कुछ देर में सभी बच्चे अचानक डूबने लगे। मौके पर चीख-पुकार सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने बचाने का प्रयास किया। इस दौरान चार बच्चे निकाल लिए गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं, एक बालक का पता नहीं चला है। जानकारी के अनुसार, गांव के पास ही रहने वाले विवेक उर्फ कन्नू पुत्र राम शरण अपने साथियों सूर्यांश, लवलेश, विजय, लक्ष्मी के साथ केन नदी में नहाने गया था। अचानक बहाव तेज होने पर बच्चे संभल नहीं पाए। बच्चे बचने के लिए किनारे आने का प्रयास करने लगे, लेकिन वह खुद को डूबने से बचा नहीं सके। उन्होंने मदद के लिए आवाज लगाई। आसपास के लोग दौड़कर पहुंच गए और फिर उनको बचाने का प्रयास किया। चार बच्चों को तो नदी से निकाल लिया गया, लेकिन एक बच्चा अभी ढूंढा नहीं जा सका है। वहीं, जो बच्चे रेस्क्यू कर निकाल लिए गए हैं, उन्हें जिला अस्पताल बांदा भेजा जा रहा है। इस घटना से गांव में कोहराम मचा हुआ है और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल पर एसडीएम पलानी शशि भूषण मिश्रा, पुलिस अधीक्षक बांदा, सीओ सदर अंबुजा त्रिवेदी सहित समूचे थाना क्षेत्र का फोर्स मौके पर उपस्थित हैं।



### मृतक बच्चों का विवरण

- राखी (18) पुत्री राम कृपाल।
- सूर्यांश (5) पुत्र लवलेश।
- विजयलक्ष्मी (14) पुत्री रामविशाल।
- पुष्पेन्द्र (8) पुत्र दिनेश।

## चंद्रयान-3 के रोवर ने लैंडर की पहली फोटो भेजी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु

चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर ने बुधवार सुबह विक्रम लैंडर की एक तस्वीर क्लिक की। रोवर पर 2 नेविगेशन कैमरे लगे हैं जिससे ये फोटो क्लिक की गई है। इसमें विक्रम लैंडर पर लगा पेलोड 'चास्टे' सतह पर ड्रिलिंग करता दिख रहा है। ये पेलोड सतह और गहराई में तापमान मापता है। चंद्रयान-3 का लैंडर 23 अगस्त को शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रमा पर उतरा था। इसके बाद रोवर बाहर आया था। इसरो ने लैंडिंग के करीब 14 घंटे बाद लैंडर के रोवर से बाहर आने की पुष्टि की थी। रोवर के कैमरों को इलेक्ट्रो-ऑप्टिक्स सिस्टम प्रयोगशाला ने विकसित किया है।



**स्कूली बच्चियों ने पीएम मोदी को राखी बांधी** सावन के आखिरी दिन देशभर में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया गया। दिल्ली में स्कूली बच्चियों ने पीएम नरेंद्र मोदी को राखी बांधी। वहीं, जम्मू-कश्मीर से लेकर छत्तीसगढ़ तक स्कूली बच्चियों ने सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ के जवानों को राखी बांधी। घर से दूर तैनात होकर देश की रक्षा में लगे इन जवानों ने बच्चियों को मिठाई खिलाई और साथ में तस्वीरें क्लिक करवाईं। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में राखी के पर्व के लिए भस्म आरती और खास पूजा की गई।

## चैंबर में वकील की गोली मारकर हत्या

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद में बुधवार को चैंबर में घुसकर वकील की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के वक्त वह अपने चैंबर में खाना खा रहे थे तभी दो हमलावार पैदल आए। उन्होंने वकील की कनपटी पर गोली मारी और मौके से फरार हो गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर तमाम वकील इकट्ठा हो गए हैं। पुलिस मौके पर जांच कर रही है। शुरुआती जांच में वकील के साले पर हत्या का शक है। प्रदेश में वकीलों के प्रदर्शन के चलते आज तहसील में काफी पुलिस फोर्स तैनात थी। इसके इसके बावजूद हमलावर हत्या करके फरार हो गए। इससे पुलिस सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सिहानी गेट थाना क्षेत्र की सदर तहसील के चैंबर नंबर-95 में यह वारदात हुई है। बुधवार दोपहर करीब 2 बजे मनोज चौधरी (35) अपने चैंबर में खाना खा रहे थे। उनके साथ तीन अन्य लोग भी बैठे हुए थे। तभी 2 अज्ञात युवक चैंबर में घुस आए। जब तक कोई कुछ समझ पाता, उन्होंने मनोज चौधरी की कनपटी पर गोली मारी और मौके से भाग गए। गोली लगने से वकील मनोज चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद वकील का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चैंबर में मौजूद अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### साले पर हत्या का शक

वारदात से वकीलों में गुस्सा है। वकीलों के हंगामे की आशंका के मद्देनजर कई थानों का फोर्स तहसील परिसर के आसपास तैनात कर दिया गया है। हत्या किस वजह से हुई, ये अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। हालांकि शुरुआती जांच में पता चला है कि मनोज चौधरी अपने साले नितिन डागर के साथ इस चैंबर पर बैठते थे। दोनों के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। वारदात के बाद से नितिन डागर लापता है। इसलिए उसी पर वारदात का शक है। फिलहाल पुलिस टीमें नितिन को खोज रही हैं। मनोज चौधरी तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव भी लड़ चुके थे।






# जिलाधिकारी ने ली जिला स्कूल परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति एवं जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, यातायात प्रभारी को निर्देश दिए कि जो बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन पर बात करते, रांग साइड चलते, ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के विरुद्ध जो कार्यवाही ऑनलाइन चालान के माध्यम से की जाती हैं, उनकी रिकवरी भी कराई जाए। उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय व अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि जिला मुख्यालय व बेड़ी पुलिया पर स्पाट चिन्हित करके सिग्नल व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। साथ ही आठ ब्लैक स्पॉट एनएच- 35 पर चिह्नित किए गए हैं, उसमें राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से संपर्क करके कार्यों को कराया जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन, यातायात, शिक्षा विभाग मिलकर विद्यालयों में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में बच्चों को जानकारी प्रत्येक माह कार्यक्रम आयोजित कराकर दें। ताकि यातायात के सम्बन्ध में बच्चे जागरुक हो सके और अपने मां-बाप एवं अभिभावकों को भी जानकारी उपलब्ध करा सके। जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि विद्यालयों के प्रबंधकों व संचालकों के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कराकर बस संचालन के मानक के बारे में जानकारी दी जाए। साथ ही वाहनों पर कमियां हो तो उन्हें पूर्ण कराकर संचालन किया जाए। अगर वह फिर भी वाहन संचालन में लापरवाही करते हैं तो सम्बन्धित विद्यालय के प्रबंधक व संचालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी से संपर्क स्थापित करके किसी एक विद्यालय में वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए।

उन्होंने कहा कि विद्यालयों द्वारा अगर प्राइवेट वाहनों से बच्चों को विद्यालय में लाते हुए पाए जाएं तो सम्बन्धित विद्यालय के संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विद्यालय संचालकों से कहा कि मानक के अनुरूप ही वाहनों पर बच्चों को बैठाया जाए। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय ने कहा कि माह सितंबर, अक्टूबर, नवंबर में यातायात के नियम कानून का प्रचार प्रसार सभी विद्यालयों पर पुलिस विभाग द्वारा कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि वाहनों के संचालन में जो नियम कानून उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित किया गया है, उसके सम्बन्ध में सभी विद्यालयों को उपलब्ध करा दें ताकि वह अनुपालन सुनिश्चित कर सके। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि प्राइवेट बसों के संचालन के लिए पुरानी कोतवाली के पास की जमीन से संचालन कराया जाए। ट्रक एसोसिएशन के महेश प्रसाद जायसवाल ने जिलाधिकारी से कहा कि नो एंट्री का समय कुछ कम किया जाए ताकि व्यापार में नुकसान ना हो। वाहन नो एंट्री पर कई घंटे खड़े रहते हैं, जिससे व्यापार प्रभावित होता है। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा ट्रैफिक यातायात प्रभारी से कहा कि नो एंट्री के छूट के बारे में बैठक कर रूपरेखा निर्धारित करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राजबहादुर, मानिकपुर राम जन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# कारागार में महिलाओं को दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव ने बुधवार को जिला कारागार में महिला बंदियों की समस्याएं सुनी। साथ ही महिला अधिकारों सम्बन्धी जानकारी भी दी। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना एंव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने महिलाओं से सम्बन्धित जानकारी दी। साथ ही कारागार में बंद महिलाओं से वार्ता कर उनकी समस्याएं सुनी एवं निस्तारण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं के पास अधिवक्ता नहीं हैं, उनके लिए अधिवक्ता नियुक्त कराने के निर्देश पैरालीगल वालेंटियर को दिए जा रहे हैं। ऐसे में ऐसी महिलाएं अपने प्रार्थना पत्र दे सकती हैं।

इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, उप कारापाल प्रभारी जेलर रजनीश कुमार सिंह, उप कारापाला बृजेश किशोरी समेत अन्य जेल सुरक्षा कर्मी आदि मौजूद रहे।

# हापुड़ घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने जिला कचहरी में किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



हापुड़ में प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने के विरोध में बुधवार को जिले के अधिवक्ता कार्य से वितरत रहे। इस दौरान अधिवक्ताओं ने जुलूस निकालकर हापुड़ में हुई घटना पर नाराजगी का इजहार किया।

हापुड़ की घटना के विरोध में बुधवार को जिला कचहरी में हुई बैठक में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यहरन यादव ने कहा कि अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। महासचिव मान सिंह ने कहा कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर की गई लाठी चार्ज की जितनी निन्दा की जाए वह कम है। दोषियों के खिलाफ अतिशीघ्र विधिक कार्यवाही की जाए। एडवोकेट काउंसिल के जिला प्रभारी रामप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि हापुड़ पुलिस का यह अमानवीय कृत्य बेहद निंदनीय है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को जिम्मेदार दोषियों की सेवाएं समाप्त करनी चाहिए। जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। सरकार को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट अतिशीघ्र लागू कर देना चाहिए। फौजदारी के वरिष्ठ अधिवक्ता आनन्द मिश्रा ने कहा की कुछ पुलिस कर्मियों का यह कृत्य बेहद शर्मसार करने वाला है। सभी दोषी पुलिस कर्मियों की सेवाएं समाप्त होनी चाहिए।

इस मौके पर पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मण त्रिपाठी, पूर्व महामंत्री शिवशंकर उपाध्याय, पूर्व कोषाध्यक्ष देवशरण मिश्र, अनिल त्रिपाठी, रोहित सिंह, राजेश सिंह चैहान, सुरेन्द्र पयासी, अरुण टाइगर, मनमोहन चतुर्वेदी, विकास निगम, नरेन्द्र सिंह लल्ला, लक्ष्मण कुशवाहा, केके मिश्रा, त्रिभुवन सिंह यादव, आशीष यादव, धर्मराज सिंह पटेल, राजेंद्र पटेल, बिराग, रामकृष्ण, शारदा प्रसाद सिंह, राजनारायण पाण्डेय, अनुजा श्रीवास्तव, दमयंती केशरवानी, निर्मला, दीपक मिश्रा, विकास निगम, कमलाकांत मिश्र, प्रदुम्न नारायण मिश्र, विनीत कुमार, नीरू गुप्ता, रावेंद्र त्रिपाठी, दिलीप गुप्ता, अशोक कुमार, पंकज आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार आल इंडिया लायर्स यूनियन चित्रकूट के जिलाध्यक्ष एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि लोगों के मौलिक अधिकारों को दफन करने तथा अत्याचार, शोषण के विरोध में उठने वाली आवाज को दबाने के लिए पुलिस प्रशासन को मौखिक निर्देश जारी कर दिए हैं और इसी दमनकारी नीतियों के बल पर सत्ता में बने रहने का सपना सजारखा है। उन्होंने कहा कि हापुड़ में महिला अधिवक्ताओं को भी मारा गया, वंही पुरुष अधिवक्ता अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। सरकार पुलिस बल से विरोधी आवाज दबाने का काम कर रही है, लेकिन अब अधिवक्ता आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। सरकार की हर मनमानी के खिलाफ अधिवक्ता सड़क पर उतरेगा। कचेहरी परिसर से नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए अधिवक्ता तहसील परिसर पहुंचकर सभा भी की।

# डैश बोर्ड के माध्यम से की जाएगी विकास कार्यों की समीक्षा : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री कमांड सेंटर के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि अभी तक नियोजन विभाग को सभी विभागीय अधिकारी विकास कार्यों की रिपोर्टिंग मैन्युअल प्रपत्र के अनुसार देते थे, अब मुख्यमंत्री द्वारा बीते 30 जुलाई को उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री कमांड सेंटर की स्थापना की गई है। जिसमें मुख्यमंत्री डैशबोर्ड लॉन्च किया गया है, अब विभागों के विकास कार्यों को विभाग व जिले के विकास कार्यों की रैंकिंग की समीक्षा डैस बोर्ड के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि कार्यों की फीडिंग विभागीय पोर्टल पर अवश्य कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला सूचना विज्ञान अधिकारी से कहा कि सभी अधिकारियों को विभागीय पोर्टल पर फीडिंग के बारे में जानकारी विस्तृत दी जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि इस डैस बोर्ड को गंभीरता से लें, सही तरह से फीडिंग कराए। कोई समस्या हो तो तकनीकी सेवाओं के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, अपर जिला अधिकारी न्यायिक एवं ईडीएम से संपर्क स्थापित कर निस्तारण कराएं ताकि विकास कार्यों को तेजी से कराया जा सके। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी से कहा कि डाटा फीडिंग की प्रत्येक सप्ताह समीक्षा भी कराया जाए। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक विभाग में विशेष सचिव प्रदेश में नोडल अधिकारी नामित किए गए हैं, उनसे संपर्क करके विभागीय योजनाओं की फीडिंग में जो समस्याएं हैं, उन्हें नई व्यवस्था के अनुसार लागू किया जाए।

प्रोजेक्टर के माध्यम से जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनय दीक्षित एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा ने डैशबोर्ड की कार्य प्रणाली, संरचना, सेक्टर, विभागों की रैंकिंग एवं ग्रेडिंग, रैंकिंग फार्मूला, जनपदों की रैंकिंग, विभागों तथा जनपदों के अधिकारियों से अपेक्षा,डैस बोर्ड के महत्वपूर्ण बिंदु आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, प्रभगीय वनाधिकारी पी के त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी आरके त्रिपाठी, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, विद्युत आर एस वर्मा, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# होमगार्ड की हुई मौत, पत्नी को दिया 30 लाख का चेक

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



पांच माह पूर्व औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में जान गंवाने वाले दिवंगत होमगार्ड की आश्रित पत्नी को जिलाधिकारी श्रुति व जिला कमांडेंट होमगार्ड्स ने तीस लाख रूपये का चेक सौपने का काम किया। चेक हाथ में पाकर पत्नी की आंखे नम हो गई। उसने सभी का आभार जताया।

बताते चलें कि देवमई कंपनी में होमगार्ड्स स्वयंसेवक के पद पर तैनात कन्हैयालाल पुत्र स्व. लखनलाल की सेवाकाल के दौरान तीस मार्च 2023 को औंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत ड्यूटी करते समय दुर्गागंज बड़ाहार के पास मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। जिनकी आश्रिता पत्नी प्रेमलता को विभागीय सहायता अनुग्रह राशि के अर्न्तगत पांच लाख होमगाड्र्स मुख्यालय से पास हो गया। परिवार के किसी एक सदस्य को होमगार्डस स्वयंसेवक के पद नियुक्त किये जाने का प्राविधान है। जिसकी कार्यवाही प्रचलन में है। होमगाड्र्स कन्हैयालाल के डयूटी भत्ते का भुगतान एक्सिस बैंक के सैलरी एकाउंट के माध्यम से किया जा रहा था। बैंक के प्राविधानों के अर्न्तगत दुर्घटना में होमगाड्र्स की मृत्यु हो जाने की दशा में एक्सिस बैंक ने स्व0 कन्हैयालाल की आश्रित पत्नी प्रेमलता को तीस लाख का चेक जिलाधिकारी श्रुति एवं जिला कमाण्डेन्ट होमगाड्र्स अर्जुन प्रसाद ने प्रदान किया। चेक हाथ में पाकर पत्नी की आंखे नम हो गई। उसने अधिकारियों समेत बैंक कर्मचारियों का आभार जताया। इस अवसर पर होमगाड्र्स विभाग के एटूडीसी अजय कुमार सोनकर, उमेश कुमार मिश्रा, पीसीपी सच्चिदानन्द त्रिपाठी, राम खेलावन, कनिष्ठ सहायक सचिन कुमार, विष्णुदत्त सोनी, शिवम होमगाड्र्स एवं एक्सिस बैंक के उप शाखा प्रबंधक अशुतोष सिंह, संजीत कुमार मौलिक एवं हिमांशु शुक्ला उपस्थित रहे।

# रक्षाबन्धन पर्व पर सुमंगला योजना के तहत् 29 लाभार्थियो को वितरित किया चेक

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ लोक भवन लखनऊ में संवाद किया गया। जिसका सजीव प्रसारण जनपद स्तर पर गाँधी सभागार कलेक्ट्रेट में सांसद-राज्यमंत्री उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार साध्वी निरंजन ज्योति की उपस्थिति में देखा व सुना गया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सर्वप्रथम रक्षाबन्धन के उपलक्ष्य में उपस्थित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थियों द्वारा उपस्थित जन प्रतिनिधियों-अधिकारीगणों को रक्षा सूत्र बांधा गया। जन प्रतिनिधियों-अधिकारीगणों द्वारा उपस्थित लाभार्थियों को मिष्ठान वितरित कर नित प्रति भविष्य में आगे बढ़ने की कामना किया गया। उन्होंने बेटियो के निरन्तर प्रगति के लिए कन्या सुमंगला योजना की धनराशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 कर दिया जो बेटियो को आगे की शिक्षा व भविष्य के निर्माण में सहायक होगी। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, विधायक खागा कृष्णा पासवान, विधायक जहानाबाद राजेन्द्र पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष व जिलाधिकारी श्रुति ने मुख्यमंत्री कन्या सुगंगला योजनान्तर्गत जनपद के उपस्थित 29 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक उपलब्ध कराते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया तथा पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन प्राप्त कर रही लाभार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय मंत्री द्वारा जनपदवासियों को रक्षाबन्धन पर्व की हार्दिक शुभकामनाए दिया और विधायक खागा, जहानाबाद, भाजपा जिलाध्यक्ष, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को रक्षासूत्र बाधते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया गया। उन्होने कहा कि रक्षाबन्धन पर्व भाई-बहन के अटूट प्यार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कन्या सुमंगला योजना बेटियो के लिए आगे बढ़ने एवं उनके सपनों में पंख लगाने का कार्य कर रहे है।

## सट्टा कारोबार शहरों से कस्बों व ग्रामीण क्षेत्रों तक पसार रहा पैर

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** शहर से लेकर पूरे जनपद में क्रिकेट मैच के नाम पर सट्टे का कारोबार दिनों दिन पैर पसारता जा रहा है। नगर क्षेत्र के पीरनपुर, मसवानी, चौक, आईटीआई रोड, कलेक्टरगंज, हरिहरगंज सहित विभिन्न इलाकों में सट्टा माफियाओं द्वारा ऑनलाइन आईडी देकर लोगों को लूटने का काम किया जा रहा हैं। इस काले कारोबार को पुलिस का संरक्षण हासिल है। इलाका पुलिस सहित एसपी द्वारा गठित स्पेशल टीमें भी मोटी रकम ले रही है। जिसके चलते सट्टा संचालक बेखौफ अपने कारोबार को दिनों रात बड़ा स्वरूप दे रहे हैं। सूत्रों की माने तो सदर कोतवाली के दो कमाऊपूत सिपाही हर संचालक के घरों पर हाजिरी लगाकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। इसके अलावा ईलाकाई पुलिस व स्पेशल टीमें भी बहती गंगा में हाथ धो रही है। नवागत पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के बाद भी यह काला कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कारोबारी शौकीन अल्पअवधि में संपन्नता के शिखर पर पहुंचने का सपना देखने वालों को कंगाल कर रहे हैं। जबकि संचालक अकूत संपत्ति के मालिक बनते जा रहे हैं। सूत्रों बताते है कि संचालक सट्टा खेलने वालों को ब्याज पर रकम भी देने है।

# हापुड़ मे अधिवक्ताओ पर हुए लाठी चार्ज का किया विरोध, सौपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

प्रदेश के हापुड़ जनपद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज का जनपद के अधिवक्ताओं ने विरोध प्रर्दशन किया और मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी-उपजिलाधिकारी को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से दोषी अधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही की मांग किया। वही अधिवक्ताओ पर दर्ज मुकदमो को वापस लेने तथा घायल अधिवक्ताओ को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग किया।

बताते चले कि 29 अगस्त को प्रदेश के हापुड़ जनपद मे अधिवक्ताओ पर जनपद प्रशासन द्वारा लाठी चार्ज की घटना को मद्देनजर जनपद के अधिवक्ताओ ने न्यायायिक कार्य से विरक्त रहते हुये। विरोध प्रर्दशन किया और जिला प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओ पर बर्बर व्यवहार की निन्दा किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन के माध्यम से दोषी अधिकारियो पर दण्डात्मक कार्यवाही की मांग किया। 48 घण्टे के अन्दर डीएम, एसपी का स्थान्तरण, पुलिस क्षेत्राधिकारी के विरुद्ध मुकदमा व गिरफ्तारी, अधिवक्ताओ पर दर्ज मुकदमो को वापस, घायल अधिवक्ताओ को मुफ्त ईलाज, अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम पारित किये की मांग किया। वही चेतावनी दिया कि जल्दी ही मांगे नही पूरी किया गया तो अधिवक्ता सड़कों पर उतर कर आन्दोलन करेंगे।

# रक्षाबंधन पर ससुर ने मायके जाने से किया मना तो मासूम बच्ची सहित पति पत्नी ने खा लिया जहरीला पदार्थ

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

रक्षाबंधन पर्व के दिन ससुर द्वारा मायके जाने से मना करने पर आहत हुई महिला ने अपनी मासूम बच्ची सहित जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया तो वही पति ने भी जहर खाकर जान देने की कोशिश की है तीनों को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए महोबा जिला अस्पताल लाया गया जहां इमरजेंसी वार्ड में तीनों का इलाज डॉक्टर की देखरेख में किया जा रहा है। दरअसल आपको बता दें कि महोबा की सीमा से लगे मध्य प्रदेश के ग्राम जौराहा निवासी महेंद्र की 26 वर्षीय पत्नी 26 रूचि रक्षाबंधन पर्व पर अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए मायके पठा जाना चाहती थी।

जिस पर उसने अपने पति से साथ जाने की इच्छा जताई तो पति ने साथ चलने के लिए हामी भर दी और मायके जाने की तैयारी में पत्नी रुचि लग गई। बताया जाता है कि तभी पेशे से होमगार्ड उसका ससुर राम द्विवेदी घर आया तो उसने बहु को मायके जाने से ही मना कर दिया। ऐसे में भाइयों को रक्षाबंधन में राखी ना बांध पाने से आहत महिला ने घर में रखी हेयर डाई अपनी मासूम 7 वर्षीय बच्ची को खिला कर खुद भी हेयर डाई का सेवन कर लिया। यह देख पति ने भी आक्रोशित होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे तीनों की हालत बिगड़ गई। पति-पत्नी और मासूम बच्ची को परिवार के लोग इलाज के लिए महोबा जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इमरजेंसी वार्ड में तीनों को भर्ती कर लिया गया है।

# हापुड़ जनपद में वकीलों पर हुए लाठीचार्ज से महोबा के अधिवक्ताओं में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



जनपद मे अधिवक्ताओं ने एक दिन का कार्य बहिष्कार करते हुए सड़क पर उतरकर जमकर प्रदर्शन किया। जिला अधिवक्ता समिति के बैनर तले इकट्ठा हुए जनपद के अधिवक्ताओं ने हापुड़ में वकीलों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठी चार्ज को लेकर अपना आक्रोश जताया है। वकीलों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और एक बाइक जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट में पहुंचे जहां डीएम ऑफिस के बाहर बैठकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान तीन सूत्रीय मागों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को संबोधित जिला अधिकारी को सौपा गया और उक्त मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही के साथ-साथ घायल वकीलों को मुआवजा दिए जाने की भी मांग की गई है।

दरअसल आपको बता दे की हापुड़ जनपद में एक महिला अधिवक्ता के साथ पुलिसकर्मी द्वारा अभद्रता किए जाने और झूठा मुकदमा लिखे जाने पर हापुड़ में अधिवक्ताओं ने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया था।

इसी प्रर्दशन के दौरान वकीलों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया था जिसमें कई अधिवक्ता घायल हो गए थे। इसको लेकर बार काउंसिल प्रयागराज द्वारा पूरे उत्तर प्रदेश में एक दिवसीय अधिवक्ता न्यायालय के न्यायिक कार्य से विरत रहने के निर्देश दिए गए जिसको लेकर आज महोबा जिला अधिवक्ता समिति के जिला अध्यक्ष नरेंद्र बाबू अनुरागी के नेतृत्व में वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे। कार्य बहिष्कार करते हुए सभी अपने चैंबरों से बाहर निकले और सड़क पर जमकर नारेबाजी की।

पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बाइकों से रैली निकाली गई और कलेक्ट्रेट में पहुंचकर डीएम के दरवाजे पर बैठ धरना दिया गया।

इस दौरान पुलिस और प्रशासन के खिलाफ जमकर वकीलों ने नारेबाजी की है। वकीलों ने कहा कि जनपद हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज में 48 घंटे के अंदर डीएम और एसएसपी का स्थानांतरण किया जाए साथ ही दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा लिखकर कार्यवाही हो। इसके अलावा जो अधिवक्ता इस लाठी चार्ज में घायल हुए उन्हें मुआवजा दिए जाने की भी मांग महोबा के अधिवक्ताओं ने की है। यही नहीं इस मांग पत्र का ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया और कहा गया कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो बार काउंसिल के आगे निर्देश पर अधिवक्ता बड़ा आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

# परम्परागत रूप से निकला कजली जुलूस

**जन एक्सप्रेस । चरखारी/महोबा**

गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी ऐतिहासिक कजली जुलूस धूम धाम के साथ निकला। कजली जुलूस का शुभारम्भ मंदिर रायनपुर से हुआ जिसमें पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा ने विधिवत कजली पूजन करते हुए जुलूस का शुभारम्भ किया। जुलूस के दौरान राजकुमारी चंद्रावल, आल्हा, ऊदल की झांकियों के साथ हाथी घोड़े आकर्षण का केन्द्र रहे साथ ही दंग' बुन्देलखण्डी गीत नृत्य आदि का आनन्द भी लोगों ने उठाया। नगर पालिका परिषद चरखारी के तत्वाधान में ऐतिहासिक कजली जुलूस का आयोजन हुआ तथा रायनपुर से प्रारम्भ हुए जुलूस में कस्बा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों की संख्या में लोग कजली पूजन व जुलूस देखने के लिए पहुंचे।

जुलूस रायनपुर मंदिर से प्रारम्भ होकर वी पार्क, सदर बाजार, डयोढ़ी गेट बस स्टेशन होते हुए कोठी तालाब पहुंचा जहां कजली का विसर्जन किया गया। जुलूस के दौरान झांकियां व हाथी घोड़े लोगों के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। जुलूस में शामिल राजकुमारी चंद्रावल, आल्हा ऊदल की झांकियों के साथ ही हाथी घोड़े लोगों के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे।

इस दौरान मुख्य रूप से नगर पालिकाध्यक्ष मंजू कुशवाहा, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, एसडीएम डॉ0 प्रदीप कुमार, सीओ उमेश चन्द्र, प्रभारी निरीक्षक गणेश प्रसाद गुप्ता, सतीष श्रीवास्तव, सभासद मु0 सरफराज, सभासद प्रतिनिधि गर्जन सिंह, राम महाराज, शशि तिवारी, सेवक सैनी, सद्दाम हुसैन, सीलू महाराज, सपा जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष बाबू मंसूरी, रामराजा तिवारी, जगदेव यादव, जीतेन्द्र यादव सहित नगर पालिका स्टाफ उपस्थति रहा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 19-23 अगस्त, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.2 (+1.3)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.4 (+0.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 80 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 70 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 10.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर -पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

## फास्ट फॉरवर्ड

### कलेक्टर गंज चौराहे को शीघ्र खोले जाने की मांग



जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल , कलेक्टरगंज उद्योग व्यापार मंडल वा कानपुर उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वाधान में व्यापारियों ने व्यापारियों के पुरोधा मसीहा पंडित श्याम बिहारी मिश्रा चौक चौराहा पुलिस द्वारा बंद किए जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए एक ज्ञापन एसीपी कलक्टर गंज को सौंप कलेक्टर गंज चौराहे को शीघ्र खोले जाने की मांग की है। इस दौरान एसीपी कलक्टर गंज ने व्यापार मंडल के सभी लोगों को आश्वासन देते हुए का की आप सभी की भावनाओं वा मांग को जो ज्ञापन में समाहित हैं उन्हें उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जायेगा।

### खोए मोबाइल वापस मिलने पर महिलाओं ने एसपी कानपुर देहात को बांधी राखी



जन एक्सप्रेस/देहात। जनपद में अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आए दिन मोबाइल गिरने की शिकायतें आती रहती हैं। जिस पर पुलिस विभाग के सर्विलांस सेल टीम ऐसे मोबाइलों को बरामद करने के लिए सर्विलांस पर लगाकर उनका पता लगाती है और मोबाइल बरामद होने पर उनके स्वामियों को लौटाए जाते हैं। जिसके चलते बुधवार को कानपुर देहात एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने सर्विलांस टीम द्वारा बरामद किए गए 201 मोबाइलों को मोबाइल स्वामियों को बुलाकर उन्हें वापस लौटाए गए। जिस पर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने एसपी व पुलिस टीम को धन्यवाद दिया। इस दौरान रक्षाबन्धन के मौके पर 82 महिलाओं को भी खोए हुए मोबाइल वापस मिले। जिन्हें पाकर महिलाओं ने एसपी कानपुर देहात को राखी बांधते हुए धन्यवाद कहा तो वही एसपी ने सभी महिलाओं को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

### हापुड़ घटना के विरोध में कानपुर के वकील रहे हड़ताल पर




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। हापुड़ में वकीलों पर बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में कानपुर बार व लायर्स एसोसीएशन ने बुधवार को संयुक्त रूप से अदालती काम का बहिष्कार किया। वकीलों के न्यायिक कार्य से विरत रहने का यह निर्णय मंगलवार शाम कानपुर बार की कार्यकारिणी की आपात बैठक में लिया गया था। न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए कानपुर के अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन भी किया। लायर्स एसोसीएशन के अध्यक्ष रवींद्र शर्मा ने हापुड़ घटना की निंदा करते हुए कहा की यह भारत की न्याय व्यवस्था पर हमला है। उन्होंने कहा की न्याय व्यवस्था को पंगु करने का काम किया जा रहा है उसको देश और प्रदेश का अधिवक्ता कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने कहा की यह तो अभी जंग की शुरुआत है, अगर दोषी पुलिसकर्मियों पर तत्काल कार्यवाही और घायलों को मुवावजा नही दिया गया, तो प्रदेश का अधिवक्ता संघर्ष करने को बाध्य होगा जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी।

### पशुओं ने सड़क पर किया गोबर तो देना होगा जुर्माना

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। अगर आपके पशु ने शहर की सड़क पर गोबर किया तो अब आपको 1000 का जुर्माना भरना होगा। 63 साल पहले नगर निगम ने अधिनियम बनाया था इसके बाद अब पहली बार फिर से गंदगी पर जुर्माना का टारगेट है कर दिया है । सफाई निरीक्षकों को हर माह 25 ,25 चालान काटना अनिवार्य कर दिया गया है हर माह सभी को मिलाकर कम से कम 1500 चालान काटने होंगे इससे शहर में सफाई को लेकर जहां जागरूकता बढ़ेगी वहीं नगर निगम का खजाना भी भरेगा।

# 72 साल की वृद्ध शिक्षिका का आरोप विधायक इरफान और भोलू के गुर्गे ने जालसाजी कर हड़पे लाखों रूपए

**बैंक स्टाफ और अपने एक रिश्तेदार पर भी लगाया जालसाजी में शामिल होने का आरोप**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



विधायक इरफान सोलंकी के साथ बिलाल चिश्ती

सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसका कारखास पूर्व पार्षद मोहम्मद मुरसलीन खान उर्फ भोलू जेल में जरूर हैं लेकिन इनके गुर्गे अभी भी लोगों को बादस्तूर प्रताड़ित करने में लगे हुए हैं। बीते दिन बुधवार को एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक 72 वर्षीय बुजुर्ग रिटायर्ड शिक्षिका ने विधायक इरफान और भोलू पार्षद के गुर्गे बिलाल चिस्ती समेत अन्य पर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया अनवरगंज ब्रांच के लोन स्टाफ से मिलकर लगभग पांच लाख से अधिक रूपए लोन कराकर साजिश रच हड़पने का आरोप लगाते हुए कोतवाली कर्नलगंज में शिकायती पत्र दिया है। थाना कर्नलगंज के तलाक महल क्षेत्र में निवास करने वाली कनीज बेगम पुत्री स्व0 बशीर अहमद उम्र लगभग 72 वर्ष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह शिक्षा विभाग की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं। उनके द्वारा कुछ माह पहले स्टेट बैंक आफ इंडिया की अनवरगंज शाखा के बैंक प्रबंधक से पेंशन पर लोन लेने का आग्रह किया था गया था लेकिन प्रबंधक ने उम्र ज्यादा होने का हवाला देते हुए उनके आवेदन को निरस्त कर दिया था। उनका आरोप है कि उनके करीबी रिश्तेदार नावेद ने इरफान सोलंकी वा भोलू पार्षद के करीबी बिलाल चिस्ती उसकी बहन समेत अन्य के साथ साजिश रचते हुए उनसे उनकी ब्लैंक चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए मोबाइल के साथ एटीएम भी ले लिया। लेकिन उन्हें लोन पास होने अथवा निरस्त होने की कोई भी जानकारी नहीं दी गई।

### पेंशन से किस्त काटने पर हुआ जालसाजी का खुलासा

बुजुर्ग पीड़िता का कहना है कि जब उनकी पेंशन से किस्त कटी तो वह बैंक गई तो उन्हें पता चला कि बैंक से उनका 539000 का लोन पास हुआ है। इसके बाद उन्होंने बैंक प्रबंधक से जाकर कहा कि जब आपने मुझे लोन देने से इनकार कर दिया था तो मेरे बिना सामने आए आपने मेरा लोन पास कैसे किया और अब मेरे खाते से पैसा कहां चला गया है। पीड़िता की माने तो बैंक प्रबंधक कोई जवाब ना दे पाए। इसके बाद बैंक से पीड़िता ने स्टेटमेंट निकलवाई तो चौंक पड़ी एक लाख अस्सी हजार लोन का पैसा इरफान और भोलू पार्षद के गुर्गे बिलाल चिस्ती की बहन के अकाउंट में चेक के माध्यम से ट्रांसफर होने के साथ ही साथ कई अन्य के खातों में भी एटीएम अथवा ऑनलाइन ट्रांसफर किया गया था।

### जान से मरवाने की मिल रही धमकी

पीड़िता के आरोपों को माने तो बिलाल चिस्ती ने पूरे खानदान को ख़त्म कराने की धमकी दी है। और यह भी कहा है कि कहीं भी दौड़ लो बिलाल के खिलाफ कोई पुलिस की डायरी में मुकदमा दर्ज नहीं होगा। पीड़िता का कहना है कि कई महीनो से पीड़िता पुलिस के चक्कर लगा रही है लेकिन उसका मुकदमा दर्ज नहीं किया गया लगातार बिलाल धमका रहा है। इस मामले में फिर से एक बार पीड़िता ने पुलिस का दरवाजा खटखटाया है और कर्नलगंज थाने में लिखित में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाल कर्नलगंज से पूछने पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया है की पीड़िता के द्वारा उन्हें कोई तहरीर नहीं मिली है वह गस्त पर थे फिर भी वह मामले को दिखावा रहे हैं।

# कुलपति ने किया विश्वविद्यालय में नए क्रीड़ा स्थल का भूमि पूजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



छत्रपति शाहूजी महाराज कानपुर विश्वविद्यालय में नए क्रीड़ा स्थल का भूमि पूजन बुधवार को हुआ। बताते चले कि प्रथम फेस में 24 करोड़ की लागत से बनने वाला यह नया क्रीड़ा स्थल राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधा से लैस होगा। जिसमें 1.400 मीटर आईएएएफ का सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, 01 फुटबाल ग्राउंड, 01 हॉकी एस्ट्रोटर्फ व बीसीसीआई स्टैंडर्ड पर आधारित क्रिकेट स्टेडियम के साथ ही 3 सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट व 200 मीटर के वार्मअप ट्रैक की सुविधा उपलब्ध होगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने विश्वविद्यालय परिसर में सभी सम्बद्ध महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय परिसर के सभी छात्र/छात्राओं को निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए निम्न खेलकूद से सम्बन्धित खेल विषेशज्ञों के संरक्षण में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि इच्छुक छात्र - छात्राऐं एवं खिलाड़ी खेल विशेषज्ञों से संपर्क कर निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। कुलपति ने कहा कि खेलो को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पोर्ट्स कोटा से विश्वविद्यालय मे सभी पाठयक्रमों मे प्रवेश लेने वाले खिलाड़ियो को निशुल्क प्रवेश, फ्री हॉस्टल एवं डाइट जैसी अन्य सुविधाएं खेल नीति के तहत प्रदान की जाएगी। इसके साथ राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खेलो में मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियो को प्रोत्शाहन राशि भी प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ.श्रवण कुमार यादव, डॉ.आर.पी. सिहं, डॉ.प्रभाकर पाण्डेय, निमिषा, सौरभ, विश्वविद्यालय के संपत्ति अधिकारी डॉक्टर प्रवीण भाई पटेल सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**हाल ए आवास एवं विकास परिषद कानपुर**

# अंगद पांव जमाए तैनात कई अधिकारी और कर्मचारी बहा रहे हैं भ्रष्टाचार की गंगा

**जमकर करवा रहे हैं अवैध निर्माण**

जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी



**कानपुर नगर।** शहर के कल्याणपुर के आवास एवं विकास परिषद में दर्जनों कर्मचारी ऐसे है जो दशकों से यहीं पर अपने अंगद पांव जमा कर टिके हुए हैं। इन कर्मचारियों का ट्रांसफर वर्षों से नही हो रहा। अगर किसी कर्मचारी के ट्रांसफर का फरमान विभाग से आता है तो उसकी पैरवी इनके ऊपर बैठे घूसखोर अधिकारी करते हैं जिसके बाद ट्रांसफर आदेश कूड़े के ढेर में चला जाता है।ये कर्मचारी खुलेआम सड़कों और पार्कों में अवैध अतिक्रमण कराते हैं जिसकी वजह से कई जगहों पर जाम के हालात बने हुए है।इसके अलावा इन कर्मचारियो की जेब भरने के बाद मानकों को ताक पर रखकर अवैध इमारते भी तानी जा रही है।जिससे आवास एवं विकास परिषद के रेवेन्यू पर खासा असर पड़ रहा है।हालांकि ऐसा नही है कि ये कर्मचारी अकेले ही माल डकार रहे है,इनके ऊपर बैठे अधिकारी भी इनके ऊपर नजर इनायत करने के एवज में मोटा कमीशन लेते है।यही कारण है कि अधिकरियों के लिए कमाऊ पूत बने इन कर्मचारियो पर कोई कार्यवाई नही हो पाती।

**कौन कौन जमे हैं अभी तक**

दशकों से जमे कर्मचारियो में मुख्यत: वरिष्ट सहायक शिवांग पांडे,बाबू ममता, विपिन बग्गा,प्रशांत अग्निहोत्री, मुनिम्जद्दीन, मंशाराम यादव, चपरासी विशंभर, लल्ला पांडे ,खान और आरपी सिंह है। ये कर्मचारी खुलेआम सड़को और पार्कों में अवैध अतिक्रमण करा रहे हैं। इसके अलावा ग्रीन बेल्ट पर भी इन कर्मचारियों ने कब्जे करवा दिए है। और तो और दर्जनों अवैध निर्माण भी इन सभी की शह पर चल रहे हैं।



# यूपी टी-20 लीग का धमाकेदार आगाज़

**गदर 2 की फेम और टाइगर श्रॉफ ने ग्राउंड पर लोगों को किया चीयर अप दर्शक हुये झूमने को मजबूर**

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा




**कानपुर नगर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से प्रदेश में पहली बार कानपुर शहर में यूपी ञ20 लीग का शुभारंभ फिल्मी हस्तियों के रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। मैच के शुभारंभ के मौके पर चीफ गेस्ट के रूप में यूपीसीए के चेयरमैन और पूर्व डीजीपी डीएस चौहान, अध्यक्ष डॉ. निधिपत सिंघानिया और राजीव शुक्ला ने गदर 2 की फेम अमीषा पटेल, टाईगर श्राफ, मीत ब्रदर्स, एक्टर मनीष पॉल मौजूद रहें। ञ20 लीग का आगाज ग्रीन पार्क में बुधवार शाम सभी ने गुब्बारे उड़ा कर किया। बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल ने सजना जी वारी-वारी जाऊं...गीत पर जैसे ही डांस किया तो पूरा ग्रीनपार्क तालियों की आवाज से गूंज उठा। गदर 2 के गाने उड़ जा काले कावां..., मैं निकला गड्डी लेकर...कहो न प्यार है.. पर डांस करके कनपुरियों को झूमाने पर मजबूर कर दिया। अमीषा पटेल ने कानपुर वालों से कहा कि हिन्दुस्तान जिंदाबाद था, हिंदुस्तान जिंदाबाद है और हिंदुस्तान जिंदाबाद रहेगा... इसके बाद पूरा स्टेडियम हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे से लागाये जिससे पूरा स्टेडियम गूंज उठा। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्राफ की जबरदस्त इंट्री से पूरा स्टेडियम तालियों गड़गड़ाहट से गूंज उठा। टाईगर श्रॉफ के जय-जय शिव शंकर मूड है भयंकर गीत पर प्रस्तुति देकर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम ग्रीन पार्क में चार चांद लगा दिये। चेयरमैन डीजीपी डीएस चौहान ने कहा कि यह प्रदेश में क्रिकेट के लिए नई शुरुआत है आने वाले समय में यह और भी विस्तार करेगी। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि यूपी टी-20 लीग प्रदेश के प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़ने का शानदार मौका है। इससे युवा आईपीएल और भारतीय टीम तक पहुंचेगें।

**नोएडा सुपर किंग्स की टीम**

कप्तान नीतीश राणा, भुवनेश्वर कुमार, सौरभ कुमार, समर्थ सिंह, अलमास शौकत, प्रशांत वीर, नमन तिवारी, कुनाल त्यागी, अर्जुन भारद्वाज, किशन, शिवेन मेहरोत्रा, शांतनु, ओशो मोहन, चैतन्य पराशर, मो. जावेद, मनीष सोलंकी, रोहित द्विवेदी, निलोत्पलेंदु प्रताप और तरुण।

**कानपुर सुपर स्टार की टीम**

कप्तान अक्शदीप नाथ, अंकित राजपूत, समीर रिजवी, आकिब खान, जसमेर धनकर, अंश यादव, आदर्श सिंह, राहुल राजपाल, शानू सैनी, प्रशांत चौधरी, विनीत पंवार, प्रांजल सैनी, कुशाग्र शर्मा, विवेक, अजय कुमार, ऋषभ राजपूत, शिवम सारस्वत, कार्तिकेय यादव, विशाल पांडेय और शुभ खन्ना।

# खाद्य विभाग टीम के आने की सूचना पर साढ़ चौराहा पर दो घण्टे पसरा रहा सन्नाटा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रक्षा बंधन के त्योहार के चलते इन दिनों देश मे मिलावट की चीजों की भरमार सी हो गई है हर खाने पीने वाली चीजों में मिलावट करना एक परम्परा बनती जा रही जिससे आम जनता की सेहत को काफी नुकसान हो सकता है लेकिन कुछ लोग अभी मिलावट करने से बाज नही आ रहे

इन सभी चीजों को देखेते हुए सरकार ने खाद्यान विभाग के सभी अधिकारियों को अलर्ट कर दिया गया है किसी गांव में कोई भी मिलावटी चीजे न बिके अगर कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने मे कोई चूक न करे इन सभी दिशा निर्देशों को देखते हुए आज रक्षाबन्धन के दिन कानपुर, रमईपुर ,मझावन होते हुए विकाश खण्ड भीतरगांव क्षेत्र के कुंदौली साढ़ चौराहा समेत कई चौराहो में टीम आने से हड़कम्प मच गया जंहा सभी होटल मालिक अपनी अपनी दुकानें सजाये हुए थे और मिठाइयों की ब्रिक्री शुचारु रूप से कर रहे थे तभी अचानक क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम आने की सूचना मिली तो सभी होटल मालिको ने अपनी अपनी दुकाने बन्द करना सुरु कर दिया और चौराहों पर होटल के सामने लगी मिठाइयों की ट्रे गायब होनी सुरु हो गई और मिठाई खरीदने वाले बिना मिठाई लिए वापस लौटना सुरु हो गए यह सिलसिला लगभग दो घण्टे तक चला ।इस सारे मामले पर जब खाद्य निरीक्षक आशुतोष कुमार सिंह फोन पर बात करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर आता रहा।

# राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर में बुधवार को रोजगार मेला प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिल्हौर कानपुर मयंक मिश्र एवं सह प्रभारी कार्यदेशक श्रवण कुमार शुक्ल के नेतृत्व अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन हुआ। मेले का शुभारंभ राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर के नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार द्वारा किया गया। इस मेले में लगभग 10 कंपनियों आर एम वी रनिया, महिंद्रा जनरेटर, सन्नी टोयोटा, जेड बी टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्रियल इंस्ट्रूमेंट, सोलर प्रेस, इक्विपलस इण्डिया, यूनाइटेड इंजीनियरिंग, एस बी कार आदि कंपनियों ने बच्चो को अप्रेंटिसशिप प्रदान करने के लिए प्रतिभाग किया। मेले में कुल 194 बच्चो ने प्रतिभाग किया जिसमे कुल 65 बच्चों का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए किया गया। मेले में कार्यदेशक जय प्रकाश, विवेक शुक्ल, अंगद चौधरी, अमित दीक्षित,विभव शुक्ल, प्रखर शुक्ल, ऋषि प्रकाश, हरिनाम सिंह,सर्वेश कुमार ,रूपेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे नेता भारत की सामाजिक समरसता के शत्रु उनके खिलाफ चुनाव लड़ेगा सनातन वैदिक रामराज परिषद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर नगर। स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए भारत की सामाजिक समरसता को नष्ट करने के लिए दिये जा रहे अनर्गल बयानों का संज्ञान लेते हुए सनातन वैदिक रामराज परिषद में अपने सदस्यों की बैठक की। बैठक में लिए गए पार्टी के निर्णय के बारे में अवगत कराते हुए सनातन वैदिक रामराज परिषद के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों की सामूहिक निंदा करते हुए अपनी पार्टी के संदेश में स्पष्ट तौर पर कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य भारत की सामाजिक समरसता के शत्रु हैं उनका सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा एवं उनके खिलाफ हर चुनाव में सनातन वैदिक रामराज परिषद् का प्रत्याशी खड़ा होगा। अजय मिश्रा ने आगे कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान की सभी दलों द्वारा हर स्तर पर निंदा की जानी चाहिए एवं सामाजिक समरसता स्थापित करने वाले लोगों एवं संस्थाओं को इनका हर स्तर पर विरोध करना चाहिए। न्यायालय को भी स्वतः संज्ञान लेते हुए ऐसे लोगों पर सार्वजनिक बयान बाजी करने से रोक लगनी चाहिए यह जनहित एवं राष्ट्रीय एकता में बहुत आवश्यक कदम होगा। भारतीय जनता पार्टी को भी आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे नेताओं को राजनीति के चक्कर में साथ नहीं लेना चाहिए यह जिस थाली में खाएंगे उसी थाली में छेद करेंगे यह विगत में वह कर चुके हैं। समाजवादी पार्टी के लिए स्वामी प्रसाद मौर्य भस्मासुर साबित होगा उसे तुरंत निकाल बाहर करें नहीं तो उसकी बची-खुची साथ भी खत्म हो जाएगी। अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि सनातन हिंदू वैदिक मान्यताओं के कारण ही भारत विश्व गुरु था विश्व गुरु है और भविष्य में भी विश्व गुरु रहेगा। सनातन वैदिक रामराज परिषद के सक्रिय राजनीति में आने से ऐसे लोगों का राजनीतिक भविष्य समाप्त हो जाएगा। इस बैठक में संस्था के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

### पति के किन्नर से हैं अवैध संबंध, ससुराल वाले दहेज मांग कर रहे प्रताड़ित

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर के पुलिस कमिश्नर कार्यालय में बीते दिन बुधवार को थाना नौबस्ता क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता पहुंची और उसने अपने पति पर एक किन्नर से अवैध संबंध होने के साथ-साथ ससुराली जनों पर मारपीट कर अतिरिक्त दहेज मांगने और प्रताड़ित करने का आरोप भी लगाया है। थाना नौबस्ता के खाड़ेपुर के योगेंद्र विहार में निवास करने वाली विवाहिता शिलम सिंह ने बताया कि उनका विवाह लगभग पांच वर्ष पहले खाड़ेपुर योगेंद्र विहार निवासी दीपांशु सिंह के साथ हुआ था। विवाहिता के आरोप हैं कि उसके पति का एक किन्नर के साथ अवैध संबंध है।

# अगला दो माह रेल यात्रियों के लिए कठिन, निरस्त रहेंगी ट्रेनें

जन एक्सप्रेस। अमेठी

वाराणसी रेलवे स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते अगले माह सितंबर और अक्टूबर में अलग-अलग तिथियां में नौ जोड़ी ट्रेन निरस्त रहेंगी। वहीं कई ट्रेनों के मार्गों में परिवर्तन किया गया है।जिससे रेल यात्रियों के लिए सितंबर और अक्टूबर माह परेशानी भरा रहेगा। बताते चलें कि अमेठी रेलवे स्टेशन होते हुए लखनऊ प्रतापगढ़ वाराणसी रेलवे ट्रैक पर तेईस जोड़ी ट्रेनों का संचालन होता है। इन ट्रेनों में शामिल तीन जोड़ी इंटरसिटी हैं।तो अन्य ट्रेनों से लोग दिल्ली,मुंबई,देहरादून समेत अन्य स्थानों की यात्रा करते हैं। इन ट्रेनों में बड़ी संख्या में लोग अपने टिकट भी बुक करा चुके हैं।ऐसे में सितंबर व अक्टूबर माह में रेल यात्रा करने में परेशानी हो सकती है। लखनऊ वाराणसी के बीच गौरीगंज,अमेठी रेलवे स्टेशन होते हुए प्रतिदिन अप/डाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस 20 सितंबर से 15 अक्टूबर तक वाराणसी के बजाय लोहता स्टेशन तक संचालित होगी। ऐसे में वाराणसी जाने वाले यात्रियों को लोहता से वाराणसी सड़क मार्ग से जाना पड़ेगा। अमेठी रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली अप/डाउन हावड़ा अमृतसर पंजाब मेल 19 सितंबर से 14 अक्टूबर तक अमेठी प्रतापगढ़ के बजाय सुल्तानपुर के रास्ते संचालित होगी।अमेठी स्टेशन होकर जाने वाली अप/डाउन नीलांचल एक्सप्रेस 12 सितंबर से 15 अक्टूबर तक कानपुर प्रयागराज पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते संचालित होगी। जंक्शन की राष्ट्रीय संचालित होगी।अप/डाउन आगरा कोलकाता एक्सप्रेस 21 सितंबर से 14 अक्टूबर तक अपने निर्धारित लखनऊ अमेठी प्रतापगढ़ के बजाय कानपुर प्रयागराज पंडित दीनदयाल जंक्शन के रास्ते संचालित होगी। गया लखनऊ एकात्मकता एक्सप्रेस भी 7 सितंबर से 15 अक्टूबर तक अमेठी प्रतापगढ़ के बजाय सुल्तानपुर के रास्ते संचालित होगी।मरुधर एक्सप्रेस 19 सितंबर से 15 अक्टूबर तक लखनऊ तक आएगी और यहीं से लौट जाएगी।

### कार्य पूरा करने के लिए जारी हुआ आदेश

उत्तर रेलवे सूत्रों के अनुसार वाराणसी रेलवे स्टेशन पर कार्य पूरा करने के लिए ब्लॉक स्वीकृत किया गया है।ब्लॉक के दौरान ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हो रहा है।स्टेशन अधीक्षक अमेठी ने बताया कि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे लखनऊ द्वारा यह आदेश पहले जारी किया गया है।



### निरस्त रहेंगी ये ट्रेनें

राजेंद्र नगर से जम्मू तवी के बीच संचालित होने वाली अर्चना एक्सप्रेस 9 सितंबर से 15 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी।अप/डाउन हावड़ा बीकानेर व हावड़ा लाल कुआं एक्सप्रेस 2 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक अमेठी प्रतापगढ़ होकर संचालित नहीं होगी। अप डाउन बनारस लखनऊ इंटरसिटी 03 अक्टूबर से 06 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। बनारस देहरादून एक्सप्रेस एक अक्टूबर से छ अक्टूबर तक तो देहरादून बनारस जनता एक्सप्रेस दो से सात अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। बनारस दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस एक से छ अक्टूबर तक,दिल्ली बनारस काशी विश्वनाथ दो से सात अक्टूबर तक निरस्त रहेगी। मालदा टाउन एक्सप्रेस 10 सितंबर से 14 अक्टूबर तक निरस्त रहेगी।

## दो सितम्बर को शब्बेदारी व 18बनी हाशिम के शबीह ताबूत के जुलूस का आयोजन

जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर। अंजुमन असगरिया अमहट की तरफ से शनिवार को रात 9बजे हुसैनिया नौतामीर अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया है। जिसमें पेशखानी काशिफ अयोध्यावी करेंगे और मजलिस मौलाना सैयद सिब्तैन अब्बास रिजवी हौजये इलमिया कुम ईरान पढ़ेंगे। संचालन अनीस जायसी करेंगे। इसके बाद शबीह गहवारा 'झूला' हजरत अली असगर अलैहिस्सला निकाला जायेगा और रात भर शब्बेदारी होगी मुकामी अंजुमनों के अलावा बाहरी अंजुमनें,अंजुमन अजाऐ अहलेबैत सिपाह जौनपुर व अंजुमन पंजतनी जलालपुर नौहा मातम करेंगी। रविवार को सुबह 5बजे18बनी हाशिम के शबीह ताबूत हुसैनिया नौतामीर से उठकर हुसैनिया शेखखानी पर समाप्त होगा दौराने जुलूस मौलाना मुशीर अब्बास खान मौलाना मोहम्मद मेंहदी नकवी आजमगढ़ मौलाना शारिब अब्बास अकबरपुर मौलाना जीशान हैदर तकरीर करेंगे।

# प्रधानपति की दिनदहाड़े की गई हत्या

✻ दो पक्षों के बीच के विवाद का समझौता कराना प्रधान पति को पड़ा भारी

जन एक्सप्रेस। तिलोई, अमेठी



इन्हौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत करनगांव में जहीदुल निशा पत्नी रौनक अली व राजू पुत्र सादिक अली के बीच घर के बगल में कब्जा किए गए तालाब की जमीन पर दरवाज़ा लगाने को लेकर दोनों पक्षों में काफी देर तक विवाद चलता रहा। जिसके बाद प्रधान पति को फोन पर सूचना दी गई सूचना मिलते ही दोनों पक्षों में समझौता कराने प्रधानपति रिजवान अहमद और सहयोगी रामधनी पासी के साथ मौके पर पहुंचे।

वहीं सुलह समझौता की बात कर रहे थे कि अभय पक्ष राजू ने लोहे के खंते से प्रधानपति को मारने दौड़े कि इतने में ही सामने प्रधान सहयोगी आ गए और उनके सिर पर हमला कर दिया। इस लोहे के घंटे से प्रधान पति पर भी जोरदार हमला किया। जिससे घटनास्थल पर ही प्रधान पति रिजवान अहमद पुत्र शरीफ उम्र लगभग 52 वर्ष की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। वही प्रधान सहयोगी रामधनी पासी पुत्र श्यामलाल पासी उम्र लगभग 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची और घायल रामधानी को इलाज के लिए सिंहपुर सीएचसी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। घटनास्थल पर तनाव को देखते हुए गांव में बड़ी संख्या में पुलिसबल को तैनात किया गया है। वहीं प्रधानपति की मौत के बाद गांव में जबरदस्त तनाव बना हुआ है। जिसको लेकर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। वही इस संबंध में पुलिस अधीक्षक अमेठी डॉ इलमारन ने बताया कि दो पक्षों के बीच नया दरवाजा लगाने के विवाद का समझौता कराने गए प्रधानपति की एक पक्ष के हमले से मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।फिलहाल मृतक के परिजन द्वारा लिखित तहरीर दी गई है। शीर्घ ही आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर स्वास्थ्य कार्यक्रमों को सही रूप में संचालित करने के साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा।उन्होंने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने का निर्देश दिया।बैठक में समिति के समक्ष अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर करने के लिए आवश्यक सामग्री, उपकरण क्रय करने स्टाफ की उपलब्धता, जन जागरूकता तथा अन्य कार्यक्रम पर हुए व्यय के अनुमोदन हेतु 23 प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में



डीएम ने संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं, कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के विभाग के कर्मियों को दिया। डीएम ने सभी चिकित्सकों को उनके तैनाती स्थल पर ही निवास करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, सीएमएस बीपी अग्रवाल, डीपीआरओ श्रीकांत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा समस्त एमओआईसी मौजूद रहे।

# डीएम और एसपी पहुंचे जिला अस्पताल

✻ सड़क हादसे में घायल लोगों का जाना हाल चाल, घायलों को दिये गए नए कपड़े

जन एक्सप्रेस। अमेठी

बुधवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में दो लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।गंभीर रूप से घायल आठ लोगो का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।घायलों का हाल चाल जानने डीएम राकेश मिश्रा और एसपी डा इलामारन जी जिला अस्पताल पहुँचे।और घायलों का हाल चाल जानने के साथ बेहतर इलाज के लिए डाक्टरो को आदेश दिया। साथ ही तहसीलदार के नेतृत्व में तहसील की एक टीम जिला अस्पताल पहुँची।और सभी घायलों को नए कपड़े वितरित किया।



दरअसल बुधवार सुबह वाराणसी से सीतापुर जा रही मजदूरों से भरी पिकअप गाड़ी ट्रक में पीछे से जा घुसी।हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 18 घायल हो गए।आनन फानन में घायलों को जगदीशपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर रूप से घायल आठ लोगो को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।घायलों का हाल चाल जानने डीएम राकेश मिश्रा और एसपी डॉ इलामारन जी जिला अस्पताल पहुँचे और घायलों का हाल चाल जानने के साथ ही सभी घायलों के बेहतर इलाज के सीएमएस बद्री प्रसाद अग्रवाल को निर्देश दिया।अदिकरियो के जाने के बाद तहसीलदार आशीष सिंह के नेतृत्व में तहसील कर्मियों की टीम मौके पर पहुँची।और सभी घायलों को कपड़ा सौंपा।

### बेकरी की फैक्ट्री में करते थे काम

सड़क हादसे में मृतक और घायल सभी सीतापुर के रहने वाले थे।जो वाराणसी के गुड मॉर्निंग बेकरी फैक्टरी में काम करते थे।और रक्षाबंधन पर अपने घर सीतापुर जा रहे थे। जहाँ लखनऊ वाराणसी राजमार्ग पर स्थित उतेलवा के पास उनकी गाड़ी ट्रक में पीछे से टकरा गई।

# रूट डायवर्जन का होगा सख्ती के साथ पालन: टीएसआई

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

शहर के बीचो-बीच गोपालदास पुल के निर्माण को लेकर नगर क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था सुचार रूप से व्यवस्थित करने में मौजूदा टीएसआई छोटेलाल को काफी पसीना बहाना पड़ रहा है। टीएसआई छोटेलाल को एकसाथ कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

नगर की यायायात व्यवस्था को सुगम बनाने के साथ ही डग्गामारी, हेल्मेट, सीटबेल्ट, काली फिल्म तथा शहर में भारी वाहनों के प्रवेश को रोकना तथा सबसे ज्यादा समस्या शहर में चलने वाले सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों का एकसाथ छूटने का समय यातायात व्यवस्था को अनियंत्रित बना रहा है। बावजूद इसके टीएसआई छोटेलाल का कहना है कि पूर्व में रहे टीएसआई अनूप



सिंह के द्वारा यातायात व्यवस्था काफी कुछ व्यवस्थित किया गया है, उसी को और मजबूती से पालन कराने के लिए हम अपनी टीम के साथ काम कर रहे है। उन्होंने बताया कि हमारा प्रयास नगर क्षेत्र की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाए रखना, पयागीपुर से अमहट, दरियापुर, शाहगंज, डाकखाना चौराहा, दिवानी चौराहा, डीएम आवास के सामने से गोलाघाट, बस स्टाप, कुड़वार नाका, अस्पताल चौराहा, अमहट चौराहा आदि स्थानों से रूट डायवर्जन का पालन करवाना है। जिससे आमलोगों की यात्रा निर्विघ्न चले, ईमरजेंसी वाहनों को गंतव्य तक पहुंचने में बाधाएं ना उत्पन्न हो, इसलिए शहर के सभी चौराहों पर एक सब इंस्पेक्टर (टीएसआई) को लगाया गया है। ई-रिक्शे से लेकर भारी वाहन व चार चक्का वाहनों के प्रवेश को लेकर डायवर्जन किया गया है, टीएसआई छोटेलाल ने बताया कि यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरूद्ध गंभीर कार्यवाई होगी। उन्होनें वाहन चालकों से अपील करते हुए कहाकि गोपालदास पुल के निर्माण तक सही और व्यवस्थित यातायात के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।

## बस स्टाप पर उमड़ी भीड़, व्यवस्था बनाने में एआरएम व इंचार्ज बहाते रहे पसीना



जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

राज्य सरकार ने राखी त्योहार पर महिलाओं को निशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई है,जिसके चलते परिवहन निगम को महिलाओं को दिक्कत ना होने पाए इसलिए एआरएम नागेंद्र नाथ पांडेय व स्टेशन इंचार्ज नान्हू राम रोड़वेज बस स्टाप परिसर में व्यवस्था बनाने में पसीना बहाते नजर आए। राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए 29 अगस्त रात 12 बजे से 31 अगस्त रात्री 12 बजे तक निशुल्क यात्रा सुविधा दी है, राज्य सरकार द्वारा परिवहन निगम की दी गई फ्री यात्रा को महिलाओं ने काफी सराहा। महिलाओं को प्रदेश सरकार की निशुल्क सफर योजना काफी पसंद आई,एआरएम व स्टेशन इंचार्ज ने संयुक्त रूप से बताया कि महिलाओं की सुगम यात्रा तथा उन्हें उनके गंतव्य तक पहुचाने के लिए हम उन्हें समय समय पर बसें उपलब्ध करा रहें है। बहनों को दिक्कत ना हो इसलिए हम स्टेशन पर रहकर व्यवस्थाएं दे रहे हैं अधिक से अधिक बहनों को सरकार की योजना का लाभ मिले हम प्रयास कर रहे हैं।

# डीजी भ्रष्टाचार निवारण ने डीएम जसजीत कौर से मांगी आख्या, आरोपी स्वयं की करेगा जांच

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

उपजिलाधिकारी सदर/नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र चन्द्र प्रकाश पाठक द्वारा जन सूचना अधिकार के तहत सूचना मांगी जाने वाली सूचना शुल्क से जुड़ा है।

शिकायतकर्ता द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अपर महानिदेशक भ्रष्टाचार निवारण संगठन को 7 अगस्त 2023 को एक शिकायती पत्र भेजा गया था, जिसमें पीड़ित द्वारा एसडीएम सदर सीपी पाठक पर सूचना शुल्क के तौर पर दस रूपये नकद के रूप में विभाग को दिया गया, जिसकी एक प्रति विभाग के बाबू जय प्रकाश सिंह के द्वारा प्राप्त करते हुए रिसीविंग पीड़ित को दी गयी। लेकिन सूचना के बावत ली गयी दस रूपये की नकद धनराशि राजकीय कोष में जमा नहीं की गयी जिससे सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया। ऐसा आरोप शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से किए गए शिकायती पत्र में लिखते हुए कार्यवाही समेत उक्त के विरूद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग कर डाली। जिसपर शिकायतकर्ता के पत्र को मुख्यमंत्री के उप सचिव भाष्कर चन्द्र काण्डपाल ने संज्ञान में लेते हुए 17 अगस्त 2023 को जिलाधिकारी सुलतानपुर जसजीत कौर को सम्पूर्ण प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की अपेक्षा की है। शासन से जांच शुरू होने की खबर लगते ही नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र / उपजिलाधिकारी सदर कार्यालय में हड़कम्प मचा हुआ है।

### डीजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन ने मामले पर बिठाई जांच, डीएम जसजीत कौर से मांगी जांच आख्या

बताते चलें कि वित्तीय अनियमितता मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय के बाद अब भ्रष्टाचार निवारण संगठन के डीजी ने भी मामले पर संज्ञान ले लिया है, जिसके चलते विभाग में हड़कंप मचा हुआ है तो वहीं जानकारों की मानें तो अगर सही से जांच हुई तो एसडीएम सदर सीपी पाठक की मुश्किलें बढ़ना तय माना जा रहा है। वैसे तो एसडीएम सदर का कार्यकाल विवादों से ही जुड़ा रहा है नजूल भूमि पर निर्माण कार्य को लेकर एसडीएम सदर शुरू से ही सवालों के घेरे में रहे हैं, जिसमें अंदरखाने के सूत्रों की मानें तो लेखपाल इन्द्र प्रताप सिंह की भूमिका किंगमेकर की बताई जाती है।

### भ्रष्टाचार निवारण की जांच पर भी आई आंच,आरोपी को सौंप दी गयी भ्रष्टाचार की स्वयं जांच

डीजी भ्रष्टाचार निवारण संगठन के द्वारा बिठाई गई जांच पर भी आंच आनी शुरू हो गयी है, दरअसल महानिदेशक भ्रष्टाचार निवारण ने जिलाधिकारी जसजीत कौर से भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच आख्या मांगी है, जिस पर डीएम द्वारा एडीएम वित्त एवं राजस्व को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए सन्दर्भित कर दिया गया। जिसके बाद अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व द्वारा एसडीएम सदर सीपी पाठक को आवश्यक कार्यवाही करने व आख्या प्रेषित करने का आदेश दिया गया है। जिससे सम्पूर्ण जांच प्रक्रिया पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। तो वहीं दूसरी तरफ शिकायतकर्ता ने कहाकि अगर आरोपित को ही जांच सौंप कर कार्यवाही की अपेक्षा की जा रही है तो यह कानून का मजाक बनाना भर होगा।

## सघन कुष्ठ रोगी खोज अभियान एक सितंबर से, कुल 971 टीम जुटेंगी अभियान में

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में एक से 30 सितम्बर तक सघन कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा, जिसमें घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ मरीजों की पहचान की जाएगी यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वीरेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 971 टीम बनाई गई हैं हर टीम में एक आशा कार्यकर्ता और एक पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ0 आर बी यादव ने बताया कि वर्तमान में जनपद में कुष्ठ के करीब 183 रोगी हैं, जिनमें शहरी क्षेत्र में 24 और ग्रामीण क्षेत्र में 159 हैं। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ट्रेस, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट की प्रक्रिया अपनाते हुए रोगी की शीघ्र पहचान, जांच और इलाज किया जाता है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति की करेक्टिव सर्जरी निःशुल्क की जाती है और मरीज को श्रम ह्रास के बदले में 12,000 रुपए दिए जाते हैं। पहले 8000 रुपए दिये जाते थे, अब इस राशि को बढ़ा दिया गया हैं।

जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी एस अस्थाना ने बताया कि कुष्ठ एक संक्रमण रोग है। यह 'माइकोबैक्टीरियम लेप्रे' नामक जीवाणु के कारण होता है, जो एक एसिड-फास्ट रॉड के आकार का बेसिलस है। यह त्वचा के अल्सर, तंत्रिका क्षति और मांसपेशियों को कमजोर करता है। कुष्ठ रोग में त्वचा पर हल्के रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। धब्बे संवेदना रहित होते हैं और रोग की शुरुआत बहुत धीमी गति व शांति से होती है, यह तंत्रिकाओं, त्वचा और आंखों को प्रभावित करता है। कुष्ठ अत्यधिक घातक रोग है, क्योंकि इस रोग में स्थाई शारीरिक दिव्यांगता हो सकती है।

## विधायक एवं जिलाधिकारी ने कन्या सुमंगला योजना की 10 लाभार्थी बालिकाओं से बंधवाया रक्षा सूत्र, बालिकाओं को दिए प्रमाणपत्र व उपहार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन, लखनऊ में कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं से रक्षा सूत्र बंधवाया एवं उनसे संवाद किया व रक्षाबंधन के अवसर उपहार भी वितरित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना व निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से धनराशि प्रेषित की गई। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद रायबरेली के एनआईसी कक्ष में किया गया। कार्यक्रम में सलोन विधायक अशोक कुमार जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव तथा कन्या सुमंगला योजना की 10 लाभार्थी बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग



किया गया एवं मुख्यमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण देखा गया। जनपद स्तर पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभान्वित बालिकाओं द्वारा सलोन विधायक व जिलाधिकारी का पुष्पगुच्छ देकर अभिनन्दन किया गया।

कार्यक्रम में बालिकाओं ने सलोन विधायक व जिलाधिकारी को रक्षा सूत्र बांधा। विधायक सलोन एवं जिलाधिकारी के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी बालिकाओं को डमी चेक के साथ रक्षाबंधन उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, संरक्षण अधिकारी वीरेन्द्र पाल व जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 सितम्बर को

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में दिनांक 09 सितम्बर 2023 को दीवानी न्यायालय, रायबरेली में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिल्पी रानी के द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यापक स्तर पर बैंक से सम्बन्धित प्री-लिटिगेशन मामले, बीमा से संबंधित मामले, राजस्व से संबंधित मामले, विद्युत से सम्बन्धित मामले, जल से संबंधित मामले, सर्विस में वेतन एवं भत्ते से सम्बन्धित, श्रम से सम्बन्धित, मोटर दुर्घटना से सम्बन्धित, पारिवारिक मामले एवं अन्य छोटे-मामलों का निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में निस्तारण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लोक अदालत में निस्तारण होने पर निर्णय के विरुद्ध कोई अपील नहीं होती है तथा मामला अन्तिम रुप से निस्तारित हो जाता है। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि 09 सितम्बर 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करावे।

# ऑल इंडिया शूटिंग चैम्पियनशिप में जिले का नाम रोशन करेंगे ताहा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली।

खेल प्रतिभाओं को संवारने व निखारने में अपना जनपद भी अलग पहचान रखता हैं। यहां के होनहार बच्चों ने अपने प्रदर्शन के जरिये अपनी अलग पहचान बनायी ओर देश-प्रदेश में जिले का गौरव बढ़ाया हैं। जिले के ही ताहा-अल-अजीज-अंसारी जो रंगमहल थाना कोतवाली के निवासी हैं, को उ0प्र0 का प्रतिनिधित्व करने के लिये नेशनल रायफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में आयोजित होने वाली 32 वीं ऑल इंडिया जी0वी0 मावलंकर शूटिंग चैम्पियनशिप, इंदौर मध्य प्रदेश में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने जा रहे बिग्ब्योर पब्लिक इंटर कॉलेज के इंटरमीडिएट के यह होनहार छात्र 1 से 10 सितम्बर 2023 तक इंदौर में होने वाली प्रतियोगिता में जिले व प्रदेश का नाम रौशन करेगा। कॉलेज के प्रबंधक, स्टाफ व छात्रों सहित नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन



सोनकर व शहर के गणमान्य लोगों ने ताहा-अल-अजीज-अंसारी को जिले का नाम रोशन करने के लिये अग्रिम शुभकामनाएं दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की है।

# लोकसभा-विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा किसी से गठबंधन नहीं : मायावती



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि उनकी पार्टी 5 राज्यों में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन की मुंबई बैठक से एक दिन पहले इस ऐलान से साफ हो गया है कि बसपा विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनेगी। इससे पहले कयास लगाए जा रहे थे कि विपक्षी नेताओं ने मायावती से गठबंधन में शामिल होने के लिए संपर्क किया था। मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने लिखा- एनडीए और इंडिया गठबंधन अधिकतर गरीब-विरोधी, सांप्रदायिक, धन्नासेठ-समर्थक और पूंजीवादी नीतियों वाली पार्टियां हैं। जिनकी नीतियों के विरुद्ध बीएसपी संघर्ष कर रही है। इसीलिए इनसे गठबंधन करके चुनाव लड़ने का सवाल ही पैदा नहीं होता। मायावती ने आगे लिखा- बीएसपी विरोधियों के जुगाड़, जोड़तोड़ से ज्यादा समाज के टूटे हुए करोड़ों उपेक्षितों को आपसी भाईचारा के आधार पर जोड़कर उनके गठबंधन से साल 2007 की तरह अकेले आगामी लोकसभा, विधानसभा का आम चुनाव लड़ेगी। मीडिया बार-बार भ्रांतियां न फैलाए। इससे पहले 23 अगस्त को भी प्रेस रिलीज के जरिए मायावती ने गठबंधन न करने का ऐलान किया था।


### मेरे पास वोट हैं नोट नहीं, पार्टी से निष्कासन पर बोले इमरान

बसपा से निकाले जाने के बाद इमरान मसूद ने बसपा पर जमकर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि सदस्यता के लिए सहारनपुर से पार्टी के लिए पांच करोड़ रुपये मांगे गए थे। उन्होंने कहा कि मेरी औकात नहीं है कि मैं पांच करोड़ रुपये दूं। मैंने बहनजी से पहले ही कह दिया था कि मेरे पास आदमी हैं, वोट हैं, मगर नोट नहीं हैं। बहनजी ने जो आशीर्वाद दिया था, उसके वजन को मैं समझता हूं, मैंने बसपा के उत्थान के लिए काम किया। चुनाव में मिले वोट से भी पार्टी को पता चल गया है कि मेरे पास कितने वोट हैं। वह मेयर चुनाव में दिखाई भी दिया है। इमरान मसूद ने कहा कि पार्टी में शामिल बहनजी ने किया था, निष्कासन जिलाध्यक्ष कर रहा है। आगे क्या रणनीति होगी, इस पर उन्होंने कहा कि यह आने वाला वक्त बताएगा, लेकिन लोकसभा चुनाव मैं हर हाल में लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि बहनजी गठबंधन में नहीं गईं तो प्रदेश में बहनजी जीरो पर आउट हो जाएंगी। वहीं बसपा से निष्कासित नोमान 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले रालोद छोड़कर बसपा में आए थे और गंगोह विधानसभा सीट से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मो. मुजतबा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व सहारनपुर में पैराशूट प्रत्याशी को लोकसभा टिकट न दें, बल्कि पार्टी के कठिन दौर में भी संघर्ष के साथी रहे कार्यकर्ताओं में से किसी को प्रत्याशी बनाया जाए। कमालपुर रोड स्थित अपने कैंप कार्यालय पर पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में मो. मुजतबा ने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए ही पार्टी में आने वालों से कांग्रेस कमजोर हुई है। उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व से अपील की कि पार्टी हाईकमान जिले के स्थानीय जिम्मेदार कांग्रेसियों को विश्वास में लिए बिना लोकसभा चुनाव 2024 में टिकट वितरण न करें। उन्होंने कहा कि जिले के सर्वसमाज में बहुत निष्ठावान और ज़िम्मेदार कांग्रेसी हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी दिन रात एक कर पार्टी को मजबूत कर रहे हैं, लेकिन हमेशा चुनावी समय पर दिल्ली में हाईकमान को गुमराह कर टिकट हासिल कर लेते हैं।

## अधिवक्ताओं की हड़ताल को कांग्रेस का समर्थन: अजय राय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने हापुड़ में हुई घटना के विरोध में प्रदेश व्यापी अधिवक्ताओं की हड़ताल को अपना समर्थन दिया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस पार्टी अधिवक्ताओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। कांग्रेस पार्टी अधिवक्तओं पर हुए बर्बर लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करती है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार पूरी तरह तानाशाही रवैये पर उतारू है। हापुड़ की अधिवक्ता सुश्री प्रियंका त्यागी पर पुलिस द्वारा झूठा एवं फर्जी मुकदमा दर्ज कर उनके व उनके परिवार का उत्पीड़न किया गया बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।श्री राय ने कहा कि पीड़ितो को न्याय दिलाने वालों के खिलाफ जिस प्रकार योगी सरकार के इशारे पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही की जा रही है जिसके विरोध में कल हापुड़ एवं गाजियाबाद बार एसोशिएसन के वकील शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन कर रहे थे, जिन पर स्थानीय पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया गया, जिसमें भारी संख्या में अधिवक्ताओं को गंभीर चोटें आई हैं।



## विधि छात्रों हेतु ड्राफ्टिंग की कला महत्वपूर्ण: प्रो. बी.डी. सिंह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित विधि संकाय की अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन, ड्राफ्टिंग एंड लिटरेरी सोसायटी के तत्वाधान में कमेटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत %एग्रीमेंट ड्राफ्टिंग% पर एक सत्र का आयोजन किया गया। अधिष्ठाता विधि संकाय प्रोफ़ेसर (डॉ.) बंशीधर सिंह ने कहा कि ÷इन विषयों पर विशेषज्ञों के द्वारा परिचर्चा आयोजित करने से छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि तो होती ही है साथ ही वे भविष्य के बेहतर अधिवक्ता एवं न्यायाधीश के रूप में प्रशिक्षण पाते हैं÷, उन्होंने इस कार्यक्रम के सफ़ल अयोजन हेतु कार्यक्रम संयोजक स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी का धन्यवाद ज्ञापित किया, स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने बताया की ÷विधि के अध्ययन के दौरान प्रारूप का निर्माण करना, मसौदा तैयार करना बहुत ही आवश्यक होता है एवं इन्हें सीखना किसी भी विधि छात्र के लिए प्राथमिकता पर होना चाहिए क्योंकि ड्राफ्टिंग बार और बेंच के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है÷। मुख्य वक्ता एडवोकेट कनिका भारद्वाज रहीं जिन्होंने विस्तार से एग्रीमेंट के प्रारूपण को समझने का प्रयास किया, कार्यक्रम का संचालन समिति के कन्वेनर अंकित राय द्वारा किया गया, अंत में सोसायटी की प्रेसिडेंट आरजू नायाब द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# यूपी पीसीएस-जे का रिजल्ट घोषित, 302 सिलेक्ट हुए

## कानुपर की निशी गुप्ता ने किया टॉप, शिशिर यादव सेकंड तो रश्मि सिंह की थर्ड रैंक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने प्रतिष्ठित राज्य न्यायिक सेवा परीक्षा (पीसीएस-जे) का परिणाम प्रारंभिक परीक्षा के साढ़े 6 माह के अंदर घोषित कर कीर्तिमान बनाया है। साथ ही आयोग ने साक्षात्कार खत्म होने के 48 घंटे के अंदर परिणाम घोषित कर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस परीक्षा में कुल 303 रिक्तियों के सापेक्ष 302 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। एक रिक्ति का परिणाम उच्चतम न्यायालय में रिट पिटीशन के तहत पारित अंतरिम आदेश के कारण घोषित नहीं किया गया है। सीएम योगी ने रिकॉर्ड समय में चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर यूपीपीएससी के साथ ही सफल हुए अभ्यर्थियों खासकर महिला अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### इंटरव्यू खत्म होने के 48 घंटे के अंदर आया रिजल्ट

आयोग द्वारा न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) परीक्षा-2022 की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन 12 फरवरी 2023 को किया गया था। इसमें कुल 50 हजार 837 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम 16 मार्च 2023 को घोषित किया गया, जिसमें कुल 3145 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए सफल रहे। मुख्य परीक्षा का आयोजन 23, 24 और 25 मई 2023 को किया गया,जिसमें 3019 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। मुख्य परीक्षा का परिणाम एक अगस्त 2023 को घोषित हुआ, जिसमें 959 अभ्यर्थी सफल हुए। इन सभी 959 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 16 अगस्त से 28 अगस्त तक चला और आयोग ने 30 अगस्त को परीक्षा का फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया। यानी साक्षात्कार के 48 घंटे के अंदर रिजल्ट डिक्लेयर कर दिया गया, जो वाकई एक कीर्तिमान है।



### छठी रैंक लाकर हर्षिता ने बढ़ाया लखनऊ का गौरव

राजधानी की हर्षिता सिंह ने पीसीएस-जे में छठी रैंक लाकर लखनऊ के गौरव को चार चांद लगा दिए। हर्षिता ने अपने पहले ही प्रयास में यह सफलता हासिल की है। अभी तक हर्षिता नई दिल्ली में स्थित प्रतिष्ठित लॉ फर्म में 26 लाख रुपये के पैकेज पर काम कर रही थीं। समाज के पिछड़े तबके के लिए कुछ करने की चाह में उन्होंने पीसीएस-जे ज्वायन करने का फैसला किया। हर्षिता सिंह ने बताया कि इस सफलता में उनके स्वर्गीय पिता की प्रेरणा जो कि खुद एक नामी वैज्ञानिक थे, के साथ ही उनकी मां नीलम भाकुनी का रोल बेहद अहम है। यूपी पीसीएस-जे के साथ ही इस साल फरवरी में उन्होंने मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा की परीक्षा भी 27वीं रैंक के साथ उत्तीर्ण की है। इन परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए कोचिंग का सहारा लिए बिना सिर्फ खुद की मेहनत पर भरोसा किया। अपने जूनियर्स को हर्षिता ने नियमित रूप से कम से कम आठ घंटे पढ़ाई करने की सलाह दी है।

### बेटियों ने बढ़ाया प्रदेश का मान

घोषित परिणामों के अनुसार टॉप 20 में 15 बेटियों ने जगह बनाई है। कुल 302 चयनित अभ्यर्थियों में 165 बच्चियों ने सफलता का कीर्तिमान बनाया,जो लगभग 55ल है। यह सीएम योगी के उन्हीं प्रयासों का नतीजा है, जो उन्होंने मिशन शक्ति के रूप में बेटियों को सशक्त, शिक्षित और स्वावलंबी बनाने के लिए शुरू किया था। यही नहीं, उत्तर प्रदेश का हर जिला इस चयन प्रक्रिया में गौरव के साथ अपना प्रतिनिधित्व कर रहा है। उत्तर प्रदेश के 60 जिले से किसी न किसी अभ्यर्थी ने चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त कर अपने जिले का,अपने परिवार का गौरव बढ़ाया है।

### सफल अभ्यर्थियों की प्रतिभा सुशासन को करेगी समृद्ध: सीएम योगी

रिकॉर्ड समय में परिणाम घोषित होने के साथ ही बेटियों की बड़ी संख्या में सफलता पर सीएम योगी ने खुशी जाहिर करते हुए इसे नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की बुलंद तस्वीर करार दिया। उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा, यूपीपीएससी द्वारा आयोजित पीसीएस (जे)-2022 की परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों तथा उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई!शुचिता, पारदर्शिता के साथ रिकॉर्ड समय सीमा के अंदर पूर्ण हुई चयन प्रकिया में प्रदेश की बेटियों ने हमारा गौरव बढ़ाया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 55 प्रतिशत बेटियों की सफलता तथा शीर्ष 20 में 15 स्थान बेटियों द्वारा अर्जित करना नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की बुलंद तस्वीर को प्रस्तुत करता है। अपनी दूसरी पोस्ट में सीएम ने लिखा, आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी सफल अभ्यर्थियों की प्रतिभा, ऊर्जा और योग्यता नए उत्तर प्रदेश के सुशासन को और अधिक समृद्ध करेगी। आप सभी के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं।

## भाषा विश्वविद्यालय ने स्पेशल बैक पेपर इंप्रूवमेंट परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भाषा विश्वविद्यालय ने बुधवार को स्पेशल बैक पेपर इंप्रूवमेंट माह अगस्त परीक्षाओं के समस्त परीक्षाफल घोषित कर दिए हैं। विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर परीक्षा परिणाम की जानकारी हासिल कर सकते हैं। भाषा विश्वविद्यालय प्रशासन ने विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का स्पेशल बैक पेपर इंप्रूवमेंट माह अगस्त का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ भावना मिश्रा ने बताया कि स्पेशल बैक पेपर इंप्रूवमेंट माह अगस्त परीक्षा के परीक्षाफल का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इससे सम्बन्धित सूचना उक्त विभागों को भी दे दी गयी है।

## बार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ बार एसोसिएशन के दर्जनों अधिवक्ताओं ने बुधवार को गाजियाबाद और हापुड़ में हुई अधिवक्ताओं के साथ आपराधिक घटनाओं के विरोध में 5 सूत्री मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार को सौंपा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश पांडेय व महामंत्री कुलदीप नारायण मिश्र के नेतृत्व में जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि हापुड़ में हुई महिला अधिवक्ता के साथ हुई घटना के बाद जिलाधिकारी हापुड़ व पुलिस अधीक्षक हापुड़ का तत्काल स्थानांतरण कर दिया जाए।लाठीचार्ज में घायल महिला अधिवक्ताओं का निशुल्क उपचार किया जाए। साथ ही जो घायल अधिवक्ता है उन्हें मुआवजा दिया जाए। थाना कैसरबाग पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा गया है कि पुलिस द्वारा लगातार विवेचना में समुचित साक्ष्यों को एकत्रित नहीं किया जा रहा है। यदि सभी मामलों में प्रभावी व संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई तो बार एसोसिएशन एक सितंबर को कार्यकारिणी की बैठक कर वृहद आंदोलन पर अगली रणनीति तैयार करेगा। गाजियाबाद में अराजक तत्वों द्वारा न्यायालय परिसर में अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जिसके चलते प्रदेशभर के अधिवक्ताओं में रोष व भय व्याप्त है। जिसको लेकर एक सितंबर को सभी अधिवक्ता अपने न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

## घोसी विधानसभा उपचुनाव: मत सर्वेक्षण पर लगी रोक, एग्जिट और ओपिनियन पोल पर रहेगा प्रतिबन्ध





**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

घोसी विधानसभा उप चुनाव के मद्देनजर मतदान के पहले दिन से ही मतदान के लिए नियत समय के आरम्भ होने से मतदान समाप्त होने के पश्चात आधे घंटे तक एग्जिट पोल एवं ओपिनियन पोल पर रहेगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस अवधि में किसी व्यक्ति द्वारा मत सर्वेक्षण नहीं किया जायेगा और न ही प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से इसका प्रकाशन या प्रचार-प्रसार किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार उप-निर्वाचन के मतदान क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिये नियत समय पर समाप्त होने वाले 48 घंटों के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर भी प्रतिबंध रहेगा। जो भी व्यक्ति लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 126 (क) का उल्लंघन करेगा, उसे 02 वर्ष तक का कारावास या जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जायेगा।

### मतदान के दिन बंद रहेंगे दुकान एवं अधिष्ठान

जनपद मऊ की घोसी विधानसभा सीट पर उपचुनाव 05 सितंबर को है। प्रमुख सचिव श्रम अनिल कुमार तृतीय ने बताया कि इस क्षेत्र में दुकानों और वाणिज्यिक अधिष्ठानों में मतदान के वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जाएगा ताकि वहां के कार्मिक अपने मत का प्रयोग कर सकें। इस दिन सभी दुकान और वाणिज्यिक अधिष्ठान बंद रहेंगे।

## प्रदेश सरकार हर राशन कार्डधारक का कराएगी बायोमेट्रिक सत्यापन, तौल मशीन होंगी ऑनलाइन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश सरकार हर राशन कार्डधारक का बायोमेट्रिक सत्यापन कराएगी। कुल 15 करोड़ लाभार्थियों की ई-केवाईसी (ऑनलाइन सत्यापन) कराने का फैसला किया गया है। इसके लिए खाद्य विभाग को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। सस्ते गल्ले की दुकानों से अनाज व अन्य जिसों के वितरण में पारदर्शिता लाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसके तहत ही प्रत्येक लाभार्थी को कोटेदार के यहां जाकर ई-पॉस मशीन के जरिये आधार में लगे अंगूठे का सत्यापन कराना होगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि असली व्यक्ति ही योजना का लाभ ले रहा है। इस प्रक्रिया को अगले 5-6 माह में पूरा करने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा सस्ते गल्ले की सभी 80 हजार दुकानों पर तौल मशीन भी लगाई जाएगी। यह तौल मशीन सीधे ई-पॉस मशीन से जुड़ी होगी। इससे जितना अनाज लाभार्थी को तौलकर दिया जाएगा, ई-पॉस मशीन उतने की रसीद तत्काल निकालकर देगी। इस रसीद को लाभार्थी को दिया जाएगा। ये तौल मशीनें ई-पॉस मशीन की तरह ही वेंडर से किराये पर ली जाएंगी। आसान भाषा में कहें तो यह तौल मशीनें भी ऑनलाइन हो जाएंगी।

## लम्पी रोग नियंत्रण हेतु चलाया जाए 05 सितम्बर से 12 सितम्बर तक अभियान

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश के कतिपय जनपदों में पशुओं के लम्पी रोग से प्रभावित होने पर रोग के प्रभावी नियंत्रण एवं बचाव हेतु टीम-09 का पुनः गठन करते हुए दिनांक 05 सितम्बर से 12 सितम्बर तक पूरे प्रदेश में वृहद रूप से अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा लम्पी रोग से प्रभावित क्षेत्रों में वैक्सीनेशन प्लान बनाकर वैक्सीन लगाई जाए और पशुधन हानि न होने पाए। धर्मपाल सिंह ने अपर मुख्य सचिव डा रजनीश दुबे को अधिकारियों द्वारा लम्पी मामलों में लापरवाही पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।पशुधन मंत्री ने आज यहां विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लम्पी रोग के बचाव एवं नियंत्रण के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक की। उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया और कहा कि निर्धारित अवधि में लम्पी प्रभावित क्षेत्रों में सभी व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए कि अन्यथा उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कुशीनगर, महराजगंज और झांसी के मुख्य पशुचिकित्साधिकारी से स्पष्टीकरण लिये जाने के लिए आदेश भी दिये हैं। उन्होंने मुख्यालय के संयुक्त निदेशक, ईपीडी एमआई खॉन को एक सप्ताह के भीतर कार्यप्रणाली में सुधार लाने के भी सख्त निर्देश दिये।पशुधन मंत्री ने कहा कि अभी तक 39 जनपदों में 711 पशु लम्पी रोग से प्रभावित हुए हैं एवं 07 की मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि आईवीआरआई तथा एनआरसी हिसार के सहयोग से 15 हजार लम्पी प्रो-वैक वैक्सीन निःशुल्क प्राप्त कर उपलब्ध कराई जाए और 15 दिनों के भीतर एक लाख डोज की भी व्यवस्था की जाए। उन्होंने वैक्सीनेशन कार्य, गोआश्रय स्थलों, गोसंरक्षण केन्द्रों के सैनीटाइजेशन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। अभियान के सुनियोजित और सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए गठित टीम-09 को पुनः क्रियाशील कर दिया है।

## निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया से अभियंताओं को मिली तैनाती

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

* सिंचाई एवं जलसंधान विभाग के 32 अधिशासी अभियंताओं को मनचाही तैनाती

सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग के सहायक अभियंता से अधिशासी अभियंता के पद पर नव प्रोन्नत 32 अधिशासी अभियंताओं सिविल को पसंद के आधार पर मनचाही तैनाती दी गयी। अभियंताओं के नवीन तैनाती हेतु उनकी ज्येष्ठता के क्रम में ऐच्छिक विकल्प लिए गए, जिसके आधार पर तैनाती आदेश जारी किया गया।उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में कल देर शाम सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में सिंचाई विभाग के नवप्रोन्नत 32 अधिशासी अभियंताओं सिविल के पारदर्शी पदस्थापना हेतु वरिष्ठता के क्रम में अभियंताओं से ऐच्छिक विकल्प लिए गए, जिसके आधार पर उन्हें पदस्थापन किया गया। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ अभियन्ताओं को उनकी पसन्द के आधार पर तैनाती दी गयी, इससे अभियन्ताओं में सन्तुष्टि के साथ उनकी कार्य क्षमाता को भी बढ़ावा मिलेगा।जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से पदस्थापना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता में है। भर्ती से लेकर तैनाती तक की पूरी प्रक्रिया में कहीं पर भी किसी प्रकार की अनियमित्ता नहीं होने दी जाएगी। जलशक्ति मंत्री ने समस्त पदस्थापित अभियन्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी से कार्य करते हुए प्रदेश के विकास में अपना योगदान दें। सभी अभियंता अपने तैनाती स्थल पर ग़रीबों की खुशहाली के लिए पूर्ण मनोयोग से कार्य करें।जल शक्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि सभी अभियंता अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करते हुए अन्नदाता किसानों को खुशहाल बनाएं, किसानो की आय बढ़ाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए, यदि किसान खुशहाल होंगे तो देश एवं प्रदेश की तरक्की होगी।

# पूर्व विधायक शहीद रविंद्र सिंह की 44वीं पुण्यतिथि के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन के प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



पूर्व अध्यक्ष छात्रसंघ 1971-72 लखनऊ विश्वविद्यालय गोरखपुर विश्वविद्यालय, पूर्व विधायक शहीद रविंद्र सिंह की 44वी पुण्यतिथि की अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन के प्रांगण मे श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने रविंद्र सिंह की स्मृतियों को नमन करते हुए छात्र राजनीति में छात्रसंघ के आंदोलनों में उनके योगदान को याद किया और एक स्वर में यह मांग की, लोकतंत्र में छात्रसंघ राजनीति की नर्सरी होती है ये नेतृत्व की निडर और निर्भीक पौध को पैदा करती है इसलिए छात्रसंघों की बहाली होनी चाहिए तभी रविंद्र सिंह जैसे लोगों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा में सबसे पहले चिरंजीव रूपेंद्र शरण सिंह ने अपने नाना व (दामाद) विधायक प्रतिभूषण सिंह, डायरेक्टर एपको इंफ़्रा हर्षित कुमार सिंह नें शहीद रवींद्र सिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन अनिल सिंह वीरू द्वारा किया गया. कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट शैलेन्द्र शर्मा÷अटल ÷एवं कार्यक्रम मे उपस्थित अथितियों के प्रति आभार छात्रसंघ समन्वयक प्रो राकेश द्विवेदी जी द्वारा प्रेषित किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से (1965)छात्रसंघ के पदाधिकारी प्रोफेसर रमेश दीक्षित,चीफ प्रवोस्ट प्रो अनूप सिंह,अध्यक्ष लुआक्टा डॉ मनोज पांडे, महामंत्री कर्मचारी यूनियन डॉ संजय शुक्ला,पूर्व उपाध्यक्ष गोरखपुर विश्वविद्यालय उपेंद्र सिंह बंधु, पूर्व जुला.प्रदीप सिंह बब्बू,पूर्व छात्र नेता दयानंद तिवारी, संजय सिंह,जेपी सिंह,डॉ देवेंद्र सिंह, एडवोकेट अश्विनी त्रिवेदी, एडवोकेट कैलाश कांडपाल, एडवोकेट राकेश कुमार सिंह, अंजनी कुमार सिंह, कुलदीप प्रताप सिंह, प्रमोद लाला, रवि सिंह,फहद खान, भूपेश त्रिपाठी, शोएब खान, छात्र नेता पुष्कर सिंह सनी, छात्र नेता प्रशांत मिश्रा, छात्रनेता विद्यांचल मिश्रा, छात्र नेता युवराज सिंह शिखर तिवारी,अभिनव चतुर्वेदी, अमित यादव, कर्मचारी मो जमील आदि सैकड़ो पूर्व व वर्तमान छात्र उपस्थित रहे।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# टिकाऊ विकास, हिमालय की आस

**हिमाचल सरकार और सामाजिक संस्थाएं केंद्र से इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग कर रही हैं। प्रदेश की आर्थिकी भी खतरे में पड़ गई है। अतः सभी को विकासात्मक मुद्दों पर नए सिरे से सोचने की जरूरत है। भवन निर्माण के लिए ग्रामीण और अर्बन दोनों क्षेत्रों के लिए भूगर्भ शास्त्र परामर्श केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए जहां इंजीनियरिंग और भूगर्भीय विज्ञान के सुझाव एक ही छत के नीचे उपलब्ध हों। व्यवस्था ऐसी हो कि लाभार्थियों पर कोई बोझ न पड़े और लाल फीता शाही को बढ़ावा न मिले।**

*हिमाचल प्रदेश में बाढ़-भूस्खलन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर और चंबा जिले बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा तबाही कांगड़ा में हुई है। वैसे तो पूरा हिमाचल प्रदेश ही तबाही की चपेट में है। सब कोई हैरान है कि आखिर यह हो क्या रहा है। गांव के गांव तबाह हो रहे हैं। जहां सोच भी नहीं सकते, वहां भी तबाही के बादल छाए हैं। 369 से ज्यादा अमूल्य जीवन इस आपदा में काल का असमय ग्रास बन चुके हैं और 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति नष्ट हो चुकी है। लगभग दो हजार घर पूरे तबाह हो चुके हैं। लगभग नौ हजार घर आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बादल फटने की घटनाओं से प्रदेश दहल गया है। भारी बारिश और बादल फटने की घटना में तकनीकी रूप से कुछ अंतर होता है। जब एक छोटे 100 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में 10 सेंटीमीटर या इससे ज्यादा बारिश हो जाए तो उसे बादल फटना कहते हैं। हालांकि बादल फटने की पूर्व चेतावनी पूरी तरह से संभव नहीं है। फिर भी 12 घंटे पहले तक भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी संभव हो गई है। यह चेतावनी एक बड़े क्षेत्र के लिए होती है। सटीक स्थल की पहचान न होने के कारण मोटी सावधानी तो ली जा सकती है किन्तु घर के अंदर बैठे-बिठाए मुसीबत सिर पर आ जाए तो बचना कितना कठिन होता है इसका अंदाजा भी लगाया नहीं जा सकता है। हम वैश्विक तापमान वृद्धि के दौर से दो-चार हो चुके हैं। इसके कारण जलवायु में अभूतपूर्व बदलाव आ रहे हैं। बारिश का तरीका भी बहुत बदल गया है। कभी सूखा और कभी भारी बारिश। थोड़े समय में इतना पानी गिर जाता है जिसके बारे में सोच भी नहीं सकते। जुलाई की 255.9 मिलीमीटर औसत वर्षा के मुकाबले प्रदेश में 437 मिलीमीटर बारिश हुई। सिरमौर में सबसे ज्यादा 1097.5 मिलीमीटर बारिश हुई। किन्नौर में 199 प्रतिशत से औसत से ज्यादा बारिश हुई। कुल्लू में 476मिलीमीटर, मंडी में 546 मिलीमीटर, शिमला में 584.6 मिलीमीटर और सोलन में 735.7 मिलीमीटर वर्षा जुलाई मास में रिकार्ड की गई। अधिकांश जिलों में यह आज तक का अधिकतम है। लाहुल स्पीति और कांगड़ा को छोड़कर सभी जिलों में औसत से अत्यधिक बारिश हुई। हालांकि अगस्त में कांगड़ा में भी भारी बारिश में कई जगह बादल फटने जैसे हालात बने। विधानसभा सीट ज्वाली के कोटला में गांव के ऊपर बादल फटने से बीस-पच्चीस घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में हिमालय जैसी नाजुक और विकट पर्वत श्रृंखला में बहुत ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है। खासकर बांध, सड़क निर्माण और भवन निर्माण में बहुत सावधानी की जरूरत है। किन्तु हो इससे उलटा रहा है। मनमर्जी से हर कहीं घर बनाए जा रहे हैं। बांध निर्माण में हर नदी-नाले का पूरी तरह से दोहन करने की होड़ लगी है और सड़क निर्माण में हर घर तक सड़क पहुंचाने के प्रयास हो रहे हैं। आवागमन की सुविधा हर नागरिक का अधिकार है, किन्तु हिमालय में सावधानी पूर्वक यह देखा जाना जरूरी है कि भूगर्भीय दृष्टि से यह कहां संभव नहीं है। जहां सडकें बनाई जा रही हैं वहां भूगर्भीय कारकों का कोई ध्यान नहीं रखा जाता है। सड़क निर्माण के लिए पर्वतीय क्षेत्रों के लिए उपयुक्त तकनीक क्या हो इस दिशा में भी कोई ध्यान नहीं है। हर कहीं मनमर्जी से मलबा फेंक दिया जाता है। 90 डिग्री पर कटिंग की जा रही है जब कि कटाई एंगल ऑफ रिपोज पर की जानी चाहिए। जहां तक संभव हो सड़क निर्माण कट ऐंड फिल तकनीक से किया जाना चाहिए। जहां-जहां फोरलेन का काम चल रहा है या जहां ग्रामीण सड़कों के लिए मनमानी डंपिंग की गई है वहां ही ज्यादा तबाही देखने को मिली है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**रक्षाबंधन का पर्व समाज को यही प्रेरणा देता है। जमाने के बदलते दौर में भाई बहन के प्यार को समर्पित रक्षाबंधन पर्व मात्र औपचारिकता भर रह गया है। बहन और भाई के प्यार को रेशम के रंगीन धागे बांध पाने में अब कामयाब होते नही दिख रहे हैं। राखी के पवित्र भाव कहीं गुम होते जा रहे हैं। रक्षाबंधन की मिठास को किसी की नजर लग गई। वर्तमान में रक्षाबंधन पर्व के मायने राखी बांधने और मिठाई खाने तक ही सीमित रह गए हैं। इसकी मूल भावना तिरोहित हो गई। नारी सम्मान और सशक्तिकरण के इरादों को समेटे यह पर्व तभी सार्थक सिद्ध होगा जब समाज में लड़कियों की स्थिति बेहतर दिखाई देगी। लड़कियों को अभी भी आगे बढ़ने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ता है।**



रमा निवास तिवारी

**आखिर देश की बहनें अब भी असुरक्षित और गलत नजरों की शिकार क्यों हैं? क्यों आज भी बहुतेरी बहनें घर की चौखट के अन्दर कैद कर दी जाती हैं? उनको आगे बढ़ाने की लड़ाई उनके भाइयों को ही लड़नी होगी। बहनें जब हर दृष्टि से सशक्त हो जायेंगी तो वे स्वयं अपने को सुरक्षित कर सकेंगी। रक्षाबंधन पर भाइयों को यही गिफ्ट बहनों को देना चाहिए।**

# बहनों का प्यार भाइयों के द्वार

रक्षा बंधन भाई बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व है। इस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर अपने भाई के लिए यश कीर्ति और सुन्दर स्वास्थ्य की कामना करती हैं। भाई अपने बहनों की जीवनपर्यन्त रक्षा का संकल्प लेते हैं। भाई और बहन के बीच का सम्बन्ध हर सम्बन्धों से जुदा है। इसमें नोंक झोंक का पुट है तो एक दूसरे की परवाह और चिन्ता की व्याकुलता भी। ये दोस्त बनकर एक दूसरे के चेहरे पर मुस्कान उतारने को तत्पर रहते हैं तो किसी सख्त अभिभावक की भांति एक दूसरे का पथ प्रदर्शन करने से भी नही चूकते हैं। एक ही परिवार, परिवेश और संस्कार में पले बढ़े होने के नाते इनकी भावभूमि एक होती है लिहाजा एक दूसरे के दुखदर्द के ये बेहतर भागीदार होते हैं। माँ बाप की डांट फटकार का जिम्मा भी कई बार ये अपने कंधों पर उठाये नजर आते हैं। एक दूसरे की शिकायत करके वे अपनी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं पर कई बार इस घरेलू संकट में एक दूसरे को बचाते भी नजर आते हैं। कुल मिलाकर एक दूसरे के लिए मां बाप की डांट फटकार का कई बार ये कारण भी बन जाते हैं और कई बार निवारण भी। मुंहफुलव्वल होते होते कब इनके सुरताल एक हो जाते हैं,यह मर्म अबूझ है। यह समझ स्त्री जगत को बहन और पुरुष जगत को भाई बनकर ही आ सकती है। भाई बहन दोनों ने बचपन की मस्ती के पल साथ बिताये होते हैं। दोनों ने साथ साथ स्कूली जिंदगी का समय काटा होता है। साथ साथ बड़े होते हैं,जब वे दोनों बड़े होते हैं तो बचपन की नोकझोंक उनकी यादगार पूंजी बन जाती है। भाई और बहन का रिश्ता सच्चे दोस्त जैसा होता है। यह रिश्ता दुनिया के हर रिश्ते से अलग होता है। रक्षा बंधन का पर्व भाई को बहन और बहन को भाई के प्रेम में बांधने का काम करता है।बहन की शादी हो जाने के बाद जब वह अपने ससुराल चली जाती है तो उसे अपने भाई की बहुत याद आती है इधर भाई भी बहन के साथ गुजारे दिनों को याद करता रहता है। बहन के लिए उसका भाई उसका अभिमान होता है। किसी विवाहिता को आपत्ति या विपत्ति में अपने भाई पर अटूट भरोसा होता है कि उसका भाई उसको विपत्तियों से निकालेगा। रक्षाबंधन का पर्व इन्हीं भावनाओं का प्रकटीकरण है। जैसा कि नाम से ही पता चलता है कि रक्षा की प्रतिबद्धता में बंध जाने का पर्व ही रक्षाबंधन है। सामान्य रूप से हमारा समाज रक्षाबंधन पर्व को भाई और बहन के प्रेम पर्व के रूप में देखता है जब कि रक्षाबंधन की व्यापकता इससे इतर समाज के अन्य दूसरे सम्बन्धों में दृष्टिगोचर होती है।पहले के समय में गुरु शिष्य को और शिष्य गुरु को रक्षा सूत्र बांधकर इस बात का भरोसा व्यक्त करते थे कि गुरु शिष्य की आत्मा का रक्षण अपने ज्ञान के बल से करेगा, वह अपने मंगलमय ज्ञान के प्रसाद से शिष्य को कल्याण के मार्ग पर ले जायेगा। इस तरह शिष्य को पतित होने से गुरु बचाता था। दूसरी तरफ गुरु शिष्य को रक्षा सूत्र बांधकर उससे यह अपेक्षा करता था कि वह अपने ज्ञान विज्ञान का इस्तेमाल समाज के रक्षार्थ करेगा। रक्षा सूत्र बांध कर लोग रक्षा की प्रतिबद्धता में दूसरे को बांध दिया करते थे। रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के प्रेम का प्रतीक क्यों बना इसके पीछे तमाम पौराणिक कथाएँ हैं जहां बहनों ने भाई को रक्षा सूत्र बांध कर अपने प्रेम का इजहार किया, बदले में भाइयों ने बहनों की रक्षा का व्रत लिया। महाभारत के अन्तर्गत एक कथा आती है कि भगवान श्री कृष्ण की उंगली में एक बार चोट लग गई और उंगली से खून बहने लगा,खून बहता देख वहीं खड़ी द्रौपदी ने झट अपनी कीमती साड़ी फाड़कर भगवान कृष्ण की उंगली पर बांध दिया। जिससे खून का बहना बन्द हो गया। बदले में भगवान ने द्रौपदी की रक्षा का वचन दिया और जब बीच सभा में द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था तो कन्हैया ने द्रौपदी का चीर बढ़ाकर उसे अपमानित होने से बचाया। द्रौपदी ने भगवान कृष्ण की उंगली में साड़ी का चीर जिस दिन बांधा था वह दिन श्रावण पूर्णिमा का था। रक्षाबंधन पर्व की परम्परा का उद्गम स्थल इसी घटना को मानते हैं। रक्षा सूत्र बांधकर अपनी रक्षा की गुहार अथवा तो कहें अपील करते हुए स्त्री वर्ग को जगह जगह देखा गया है। इन्हीं प्रसंगों से यह पक्ष और भी पुष्ट होता गया कि रक्षा बंधन भाई और बहनों का ही पर्व है। श्रीमद्भागवतम् महापुराण के अष्टम् स्कन्ध में असुरों के राजा बलि की कथा आती है जिसकी दानवीरता से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उससे वर मांगने को कहा तो उसने भगवान विष्णु से कहा कि पाताल लोक में मेरे महल के हर दरवाजे पर आप मुझे अपना पावन दर्शन देने के लिए हर क्षण उपस्थित रहें। वरदान देने की वचनबद्धता के चलते भगवान विष्णु को द्वारपाल की ड्यूटी करनी पड़ी। माँ लक्ष्मी से पति की पीड़ा न सही गई तो उन्होंने राजा बलि को रक्षा सूत्र बांधकर भाई बनाया। बलि ने भी लक्ष्मी को बहन मान लिया और लक्ष्मी जी के आग्रह पर भगवान विष्णु को उसने मुक्त कर दिया। मेवाड़ की रानी कर्मावती ने भी हुमायूँ को राखी भेजकर अपनी रक्षा की गुहार की थी। हुमायूँ ने राखी की लाज रखते हुए कर्मावती के राज्य की सुरक्षा की थी। इन सभी कथाओं से यह साफ होता है कि पहले के समय में रक्षा सूत्र की महिमा और उसकी गरिमा को हर कीमत पर बचाने के लिए लोग प्रयत्नशील रहते थे। रक्षाबंधन में बहन भाई की कलाई पर राखी नही बांधती बल्कि अपना पूरा प्रेम और स्नेह उड़ेल देती है। एक ही आंगन में पले बढ़े भाई बहन जब बड़े होकर अपनी अपनी गृहस्थी में उलझ जाते हैं तो रक्षाबंधन का पर्व ही उन्हें बचपन की यादों में घसीट लाता है। बचपन की हंसी ठिठोली, नोकझोंक, लड़ाई झगड़े, रूठना मनाना ये सारे दृश्य आंखों में झिलमिला उठते हैं। पर्यावरण के प्रदूषण से निपटने के लिए अब तो लोग वृक्षों को भी रक्षा सूत्र बांधने लगे हैं। इसके पीछे सिर्फ यही मकसद होता है कि हम वृक्षों की रक्षा करें तो वृक्ष हमारी रक्षा करेंगे,ऐसी भावना का प्रचार प्रसार हो। रक्षाबंधन का पर्व हर स्त्री को सम्मान की नजरों से देखने का नजरिया प्रदान करता है।



**रक्षाबंधन के पर्व का उल्लास हो यह अच्छी बात है,मगर उसकी मूल भावना का लोप होना अच्छा नही है। जिस बहन ने भाई की कलाई पर राखी के रूप में अपने स्नेह,प्रेम का हस्ताक्षर अंकित कर दिया हो उसकी खुशियों के लिए भाइयों को सदैव तत्पर रहना चाहिए।**




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 07:05 तक |
| नक्षत्रः | शतभिषा 17:44 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | सुकर्मा, 17:15 |
| सूर्योदयः | 05:59 |
| सूर्यास्तः | 18:43 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 13:56-15:32 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (शुद्ध) |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

### करने को कमाल !

*बैठकों का दौर है ।*
*करने को कमाल ।।*
*बढ़ गई है हलचल ।*
*पैदा भी सवाल ।।*
*प्रतियोगिता चल रही ।*
*ना निकला है नाम ।।*
*बन रही ना सहमति ।*
*किसका अच्छा काम ।।*
*पल पल है बयान पर ।*
*हम ही हैं स्वीकार ।।*
*जाएगी सरकार ये ।*
*चल रहा विचार ।।*
*पर भविष्य के गर्भ में है ।*
*किसका पलड़ा भारी ।।*
*लेकिन खूब ठाट से ।*
*चल रही तैयारी ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*हम कहीं सो गए हैं क्या ऐसा तो नहीं कि हम हृदयहीन हो गए हैं गुड़िया और चिड़िया खेलती थी निर्बाध जिस आंगन में तितलियों और चिड़ियों के साथ, गुड़िया नहीं पहचानती थी नरभक्षी परिंदों और दरिंदों को, नन्हा परिंदा समझ के मुस्कुराई पर दरिंदों ने उस पर कयामत बरसाई, ऐसी क्या मर्दानगी ऐसी क्या हवस भूल गए अपनी मां को, बेटी को, बहन को और सबसे छोटी छुटकी को टूट पड़े दरिंदे चिड़िया सी गुड़िया पर और छिन्न भिन्न कर दिया मानवता को, स्त्रि के साथ यह दरिंदगी ठीक नहीं, तुम्हारी कायरता है तुम मानव नहीं दरिंदे थे, हो और दरिंदे रहोगे, समाज का श्राप है तुम दरिंदे बलात्कारियों पर।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*भविष्य की चिंता ना करके अपने वर्तमान को अच्छा बनाओ निश्चित रूप से आपका भविष्य अच्छा हो जाएगा।*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# रोज सुबह गिलोय, नीम और तुलसी का जूस पीने से सेहत को मिलेंगे कई फायदे

**आयुर्वेद** में कई ऐसी जड़ी-बूटियां हैं, जिनका सेवन करने से कई तरह की बीमारियां दूर होती हैं। इन जड़ी-बूटियों का सेवन कोई पाउडर, तो कोई कैप्सूल के रूप में करता है। इतना ही नहीं, जड़ी-बूटियों का जूस पीना भी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। आज के इस लेख में हम आपके लिए एक ऐसा जूस लेकर आए हैं, जिसमें 3 तरह की जड़ी-बूटियां शामिल हैं। जी हां, यह जूस गिलोय, नीम और तुलसी का है। इस जूस में विटामिन्स, एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स की मात्रा काफी अधिक होती है। इसलिए स्वस्थ रहने के लिए हम सभी को इस जूस का सेवन जरूर करना चाहिए। वैसे तो आप इस जूस को किसी भी समय पी सकते हैं, लेकिन सुबह खाली पेट इस जूस को पीना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। दरअसल, सुबह जूस पीने से शरीर इसके पोषक तत्वों को आसानी से अवशोषित कर लेता है। इससे सेहत को अधिक लाभ मिलते हैं।

**इम्यूनिटी बढ़ाए:** गिलोय, नीम और तुलसी जूस पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है। दरअसल, इसमें विटामिन सी होता है, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद करता है। इसलिए आप सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, एलर्जी और वायरल संक्रमण जैसी समस्याएं होने पर भी इस जूस का सेवन कर सकते हैं।



**शुगर रोगियों के लिए फायदेमंद:** अगर आप डायबिटीज रोगी हैं, तो गिलोय, नीम और तुलसी का जूस पी सकते हैं। यह जूस ब्लड शुगर को सामान्य बनाए रखने में मदद करता है। साथ ही, ब्लड शुगर में स्पाइक को रोकने का काम भी करता है। प्री-डायबिटीज में खाली पेट इस जूस का सेवन किया जा सकता है।

**बॉडी डिटॉक्स करे:** शरीर को डिटॉक्स करने के लिए भी आप गिलोय, नीम और तुलसी के जूस का सेवन कर सकते हैं। इस जूस का सेवन करने से शरीर में जमा सारे विषाक्त पदार्थ आसानी से बाहर निकल जाते हैं। यह एक नैचुरल ब्लड प्यूरीफायर के रूप में काम करता है। रोज सुबह इस जूस को पीने से त्वचा से जुड़ी समस्याएं जैसे कील-मुंहासे और दाग-धब्बे भी दूर होते हैं।

**लिवर को हेल्दी रखे:** गिलोय, नीम और तुलसी का जूस लिवर के लिए काफी फायदेमंद होता है। इस जूस को पीने से लिवर फंक्शन में सुधार होता है। इतना ही नहीं, अगर आप गिलोय, नीम और तुलसी के जूस का रोज सुबह सेवन करेंगे, तो इससे पाचन भी सही से काम करेगा।

**वजन कंट्रोल में रखे:** अगर आपका वजन अधिक है, तो रोज सुबह खाली पेट गिलोय, नीम और तुलसी का जूस पीना फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इस जूस को पीने से पाचन और मेटाबॉलिज्म दुरुस्त होता है। इससे फैट और कैलोरी को बर्न करने में भी मदद मिलती है। इसलिए अपने वजन को कंट्रोल में रखने के लिए आप इस जूस का सेवन कर सकते हैं।

**वजन कंट्रोल में रखे:** अगर आपका वजन अधिक है, तो रोज सुबह खाली पेट गिलोय, नीम और तुलसी का जूस पीना फायदेमंद साबित हो सकता है। दरअसल, इस जूस को पीने से पाचन और मेटाबॉलिज्म दुरुस्त होता है। इससे फैट और कैलोरी को बर्न करने में भी मदद मिलती है।

## एक्सप्रेस विशेष



रमेश सर्राफ धमोरा

**उत्तरांचल में इसे श्रावणी कहते हैं। ब्राह्मण अपने यजमानों को यज्ञोपवीत तथा राखी देकर दक्षिणा लेते हैं। अमरनाथ की अतिविख्यात धार्मिक यात्रा गुरु पूर्णिमा से प्रारम्भ होकर रक्षाबन्धन के दिन सम्पूर्ण होती है। कहते हैं इसी दिन यहां का हिमानी शिवलिंग भी अपने पूर्ण आकार को प्राप्त होता है।**

# भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक है रक्षाबंधन का पर्व

**राखी के साथ एक और प्रसिद्ध कहानी जुड़ी हुई है। कहते हैं मेवाड़ की रानी कर्मावती को बादशाह बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थीं, अतः उन्होंने मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूं ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुंच कर बहादुरशाह के विरुद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की।**

**रक्षाबन्धन** का पर्व भाई-बहन के स्नेह का प्रतीक देश का एक प्रमुख त्योहार है। रक्षाबन्धन पर्व में रक्षासूत्र यानी राखी का सबसे अधिक महत्व है। इस पर्व के दिन बहनें अपने भाई को राखी बांधती हैं। श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी पर्व भी कहते हैं। इस दिन ब्राह्मण, गुरु द्वारा भी राखी बांधी जाती है। हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बांधते समय पण्डित संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं। जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है। यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र है।

***येन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबल: तेन त्वाम प्रतिबद्धनामी रक्षे माचल माचल:***

इस श्लोक का अर्थ है जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बांधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बांधता हूं। तुम अपने संकल्प से कभी भी विचलित मत होना। रक्षाबंधन का त्योहार कब शुरू हुआ, यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में इस पर्व का वर्णन मिलता है। जब देवताओं और दानवों में युद्ध शुरू हुआ। तब देवताओं पर दानव हावी होने लगे। देवराज इन्द्र ने घबरा कर देवताओं के गुरु बृहस्पति से मदद की गुहार की। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बांध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बांधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंचे। गुरु के मना करने पर भी राजा बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश, पाताल और धरती नापकर राजा बलि को पाताल लोक में भेज दिया। कहते कि पाताल लोक में राजा बलि ने भक्ति के बल पर भगवान विष्णु से रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ ले आयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। महाभारत में भी इस बात का उल्लेख है कि जब युधिष्ठिर ने भगवान कृष्ण से पूछा कि मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं। तब भगवान कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिए राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी। उनका कहना था कि राखी के इस रेशमी धागे में वह शक्ति है, जिससे आप हर विपत्ति से मुक्ति पा सकते हैं। इस समय द्रौपदी द्वारा कृष्ण को तथा कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बांधने के कई उल्लेख मिलते हैं। महाराष्ट्र राज्य में यह त्योहार नारियल पूर्णिमा या श्रावणी के नाम से विख्यात है। इस दिन लोग नदी या समुद्र के तट पर जाकर अपने जनेऊ बदलते हैं और समुद्र की पूजा करते हैं। इस अवसर पर समुद्र के स्वामी वरुण देवता को प्रसन्न करने के लिए नारियल अर्पित करने की परम्परा भी है। राजस्थान में रामराखी और चूड़ाराखी या लूंबा बांधने का रिवाज है। रामराखी सामान्य राखी से भिन्न होती है। इसमें लाल डोरे पर एक पीले छींटों वाला फुंदना लगा होता है। यह केवल भगवान को ही बाँधी जाती है। चूड़ा राखी भाभियों की चूड़ियों में बांधी जाती है। विष्णु पुराण के एक प्रसंग में कहा गया है कि श्रावण की पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु ने हयग्रीव के रूप में अवतार लेकर वेदों को ब्रह्मा के लिए फिर से प्राप्त किया था। हयग्रीव को विद्या और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। महाभारत में ही रक्षाबन्धन से सम्बन्धित कृष्ण और द्रौपदी का एक और वृत्तान्त भी मिलता है। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई। द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उंगली पर पट्टी बांध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। राजपूत योद्धा जब शत्रु से युद्ध करने जाते थे तब महिलाएं उनको माथे पर कुमकुम का तिलक लगाने के साथ हाथ में रेशमी धागा भी बांधती थीं।

# रक्षा बंधन का पर्व भाई-बहन के रिश्तों की अटूट डोर का प्रतीक है

**भारतीय परम्पराओं का यह एक ऐसा पर्व है, जो केवल भाई बहन के स्नेह के साथ साथ हर सामाजिक संबन्ध को मजबूत करता है। इस लिये यह पर्व भाई-बहन को आपस में जोडने के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व भी रखता।**

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** रक्षाबन्धन का त्योहार श्रावण माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह त्योहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई के मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बन्धन बांधती है, जिसे राखी कहते हैं। यह एक हिन्दू व जैन त्योहार है जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण (सावन) में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी (सावनी) या सलूनो भी कहते हैं।रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे, तथा सोने या चाँदी जैसी मँहगी वस्तु तक की हो सकती है। रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का प्रसिद्ध त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। राखी सामान्यतः बहनें भाई को ही बाँधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बाँधी जाती है। कभी-कभी सार्वजनिक रूप से किसी नेता या प्रतिष्ठित व्यक्ति को भी राखी बाँधी जाती है। रक्षाबंधन के दिन भाई अपने बहन को राखी के बदले कुछ उपहार देते है।हिन्दू धर्म के सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बाँधते समय कर्मकाण्डी पण्डित या आचार्य संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं, जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है

**(यह श्लोक रक्षाबन्धन का अभीष्ट मन्त्र)**

***येन बद्धो बलिराजा दानवेन्द्रो महाबल। तेन त्वामपि बध्नामि रक्षे मा चल मा चल ॥***

इस श्लोक का हिन्दी भावार्थ है- जिस रक्षासूत्र से महान शक्तिशाली दानवेन्द्र राजा बलि को बाँधा गया था, उसी सूत्र से मैं तुझे बाँधता हूँ। हे रक्षे (राखी)! तुम अडिग रहना (तू अपने संकल्प से कभी भी विचलित न हो।))।

## ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

**सफाई उत्पाद साबुन,मोमबत्ती सीखने में उत्सुकता दिखाई: वैशाली**

जन एक्सप्रेस । शाजिफ हुसैन



**लखीमपुर खीरी।** ग्रामीण महिलाओं को उनकी आय में वृद्धि करने के लिए होम मेड सोप और फैंसी कैंडिल अलावा सफाई उत्पाद बनाने के लिय महिलाओं के विकास के लिय समर्पित सामाजिक संस्था करुणा फाउन्डेशन की ओर से फूलबेहड़ ब्लॉक के ग्राम सिकटीहा में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया। आरती समूह सखी के सहयोग से उत्सुकता पूर्वक 13 स्वम् सहायता समूह की करीब 105 महिलाओं को हाथ से बने सोप, फैंसी कैंडिल और सफाई उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में निपुण महिलाओं को करूणा फाउन्डेशन की अध्यक्ष वैशाली ने प्रमाण पत्र भी दिए। बी.ए.एम.एस.अंतिम वर्ष की छात्रा और करुणा फाउन्डेशन की अध्यक्ष वैशाली लगातार प्रयास रत है कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की आमदनी बड़े। घरेलू कामकाजी महिलाओं की आय बढ़ाने के लिय रोजगार के साधन बढ़ाने के लिए बाजार की आवश्यकता और उत्पाद के आसानी से निर्माण के लिय हैण्ड मेड सोप,फैंसी कैंडिल, फिनायल,सर्फ, टॉयलेट क्लीनर, हैंड वाश, डिस वास संस्था के ट्रेनर की सहायता से बनाने का प्रशिक्षण दिया। वैशाली ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से ग्रामीण महिलाओं के हाथों से बने उत्पाद की बिक्री में सहयोग लिया जाएगा। जिससे ग्रामीण महिलाओं की आजिविका मे वृद्धि हो सके।प्रशिक्षण कार्यक्रम में समूह सखी आरती लक्ष्मी प्रेरणा समूह,बैंक सखी सुनीता देवी, सीमा देवी, सनी, सोनू, कुंवर आयुष्मान, सोनाली, मोनिका, सोरोन, कुमार अभिनव ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहयोग किया, एक दिवसीय प्रशिक्षण में लक्ष्मी प्रेरणा समूह की सचिव आरती, मां शारदा प्रेरणा समूह की अध्यक्ष आशा देवी, सचिव मनीषा देवी, कोषाध्यक्ष नीलम, मिलन राज, वर्षा प्रेरणा समूह से अनीता सिंह,परमेश्वर प्रेरणा समूह की अध्यक्ष शकुंतला, कोषाध्यक्ष माया देवी, भागीरथी प्रेरणा समूह की सदस्य शकुंतला देवी, यहोवा प्रेरणा समूह की सचिव कुसुम देवी, जल प्रेरणा समूह की सदस्य रामकली, दुर्गा प्रेरणा समूह की अध्यक्ष उषा देवी, कोषाध्यक्ष चंदरकली, राधा प्रेरणा समूह की सचिव पूनम देवी, कोषाध्यक्ष विद्यावती, उजाला प्रेरणा समूह की अध्यक्ष मालती देवी, सचिव गीता देवी,भीम प्रेरणा समूह की अध्यक्ष रिंकी,सचिव सावित्री देवी, कोषाध्यक्ष शीला,दीपक प्रेरणा समूह की अध्यक्ष शिल्पा देवी, कोषाध्यक्ष ज्योति,सदस्य आरती, कर्म प्रेरणा से कोषाध्यक्ष सरिता देवी, विभिन्न समूहों की सदस्य मिनता देवी, लालती देवी, रामजती, डाली राज,सुमन देवी, किरण, पार्वती,शीला, विमल राज, राजमणि, द्रौपदी, लालमति, रामकली, शारदा देवी, चंदा, पुष्पा,आशा देवी, सुनीता, इंद्रावती, मेवाती, चमेली देवी, निशा सिंह, चंद्रावती, सीमा सिंह, संगीता, बबीता भार्गव, अनीता, विमला, पुष्पा, आदि 105 महिलाओं को साबुन, फैंसी कैंडल, फिनायल, सर्फ, टॉयलेट क्लीनर, हैण्ड बॉस, डिश वाश को बनाना सिखाया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### टेढ़ेश्वर मानस मंदिर पर भव्य भंडारे का आयोजान किया गया

जन एक्सप्रेस/मनोज मिश्रा। बिजुआ-खीरी। पवित्र श्रवण मास के अंतिम सोमवार को बिजुआ में स्थित प्राचीन शिव मंदिर जो कि टेढेश्वर मानस मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है।बताते हैं यहां पर जो सच्चे दिल से मन्नत मांगता है उसकी मनोकामना पूर्ण होती है। टेड़ेश्वर मानस मंदिर पर गत वर्ष की भाँति आज भक्तों ने भंडारे के कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे सर्व प्रथम रामायण अखण्ड पाठ को भक्तो ने श्रद्धा भक्ति के साथ टेड़ेश्वर मानस मंदिर पर सुना भगवान शिव की पूजा विधि विधान के साथ मंदिर के पुजारी महेंद्र कुमार शुक्ला ने करवाई पूजा व रामायण अखंड पाठ संपन्न होने के बाद भक्तों विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। जिसमे सर्व प्रथम छोटी कन्याओ को भंडारे का प्रसाद खिलाया गया। उसके बाद श्रद्धालुओ में भण्डारे के प्रसाद को वितरण करना सुरू किया गया। मन्दिर पर हो रहे भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जो शाम तक चलता रहा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी स्थानीय कस्बा निवासी कार्यक्रम के आयोजक सीओ बाजपेई,श्याम प्रकाश बाजपेई,शिवम बाजपेई,आनंद प्रकाश,अतुल प्रकाश, सचिदानंद आदि ने कस्बा के प्रसिद्ध टेढेश्वर मानस मंदिर में पूजन आरती के बाद मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर बिजुआ के अभिज्ञान बाजपेई,उदय बाजपई,नरेश त्रिवेदी,नमन त्रिपाठी,अभिषेक, प्रधान प्रतिनिधि कुमार उत्कर्ष दीक्षित,शिवम त्रिपाठी,आशीष प्रकाश डॉक्टर पुरुषोत्तम वर्मा व क्षेत्रीय सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### एनडीपीएस के आरोपी को मिली सजा

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/गोला गोकर्णनाथ खीरी। एनडीपीएस के एक आरोपी को कोर्ट से 1 वर्ष की कठोर सजा सुनाई गई है और 3000 रुपए का जुर्माना किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जलालपुर निवासी राम शंकर पुत्र राधेश्याम को जुलाई माह में एनडीपीएस के तहत गिरफ्तार कर चालान भेजा गया था। बुधवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपना फैसला सुनाते हुए राम शंकर को एक वर्ष का कठोर कारावास की सजा देते हुए 3000 रुपये का जुर्माना किया है। साथ ही कहा है कि यदि जुर्माना न अदा किया तो दो माह की सजा और काटनी होगी।

### फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। स्थानीय कृषक समाज इंटर कॉलेज में बुधवार को प्रधानाचार्य डॉ एल आर वर्मा की अध्यक्षता में फाइलेरिया जागरूकता कार्यक्रम प्रार्थना सभा पर आयोजित किया गया। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने बताया कि फाइलेरिया एक घातक बीमारी है। ये साइलेंस रहकर शरीर को खराब करती है। यही कारण है कि इस बीमारी की जानकारी समय पर नहीं हो पाती। हालांकि सजगता से फाइलेरिया बीमारी से बचा जा सकता है। आमतौर पर फाइलेरिया के कोई लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते। हालांकि बुखार, बदन में खुजली और पुरुषों के जननांग और उसके आस-पास दर्द व सूजन की समस्या होती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन, हाइड्रोसिल (अंडकोषों की सूजन) भी फाइलेरिया के लक्षण हैं। चूंकि इस बीमारी में हाथ और पैरों में हाथी के पांव जैसी सूजन आ जाती है, इसलिए इस बीमारी को हाथीपांव कहा जाता है। वैसे तो फाइलेरिया का संक्रमण बचपन में ही आ जाता है, लेकिन कई सालों तक इसके लक्षण नजर नहीं आते। फाइलेरिया न सिर्फ व्यक्ति को विकलांग बना देती है बल्कि इससे मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।फाइलेरिया मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है, इसलिए बेहतर है कि मच्छरों से बचाव किया जाए। इसके लिए घर के आस-पास व घर के अंदर साफ-सफाई रखें।



## धमाकों से दहला गांव बरातघर की छत ढही, दो कारें क्षतिग्रस्त, आधी रात ग्रामीणों की उड़ गई नींद

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



मंगलवार की रात गांव बरखेरियाजाट स्थित अतुल मैरिज लॉन में एक के बाद एक कई धमाके हुए,जिससे मैरिज लॉन में बने भवन की छत गिर गई।दो कारें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। बताया गया है कि मैरिज लॉन में रखे पटाखों में धमाके हुए थे। गौरतलब है कि पुलिस चौकी जंगबहादुरगंज क्षेत्र के गांव बरखेरियाजाट स्थित अतुल मैरिज लॉन में मंगलवार रात पटाखों में तेज धमाका हुआ। इसके बाद करीब 20 मिनट तक पटाखे फटते रहे, जिससे पूरा गांव दहल गया। लोगों की नींद उड़ गई। धमाके होने से मैरिज लॉन की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई। मैरिज लॉन में पटाखों के विस्फोट से दो कारें भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। बताते चलें मंगलवार को रात लगभग दस बजे बिजली की स्पार्किंग से आग लग गई, जिससे आग धीरे धीरे मैरिज लॉन में रखे पटाखों में लग गई। इससे जोरदार विस्फोट हुआ। लगभग बीस मिनट तक पटाखे के विस्फोट की आवाज आती रही। इससे गांव में दहशत फैल गई। सूचना पर कोतवाली और चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना की जांच कर रही है कि मैरिज होम में पटाखें क्यों रखे गए थे। इससे पूर्व जंगबहादुरगंज कस्बे में 18 अगस्त की सुबह एक मकान में तेज धमाका हुआ था, जिससे पूरा मकान धराशायी हो गया। हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई थी, जबकि सात लोग घायल हुए थे। पुलिस का कहना था कि धमाका गैस सिलिंडर फटने से हुआ था,जबकि ग्रामीण इसे बारूदी विस्फोट बता रहे थे।

## सड़क हादसे में भाई की मौत, बहन की हालत गंभीर

**बाइक से बहन को बीएड का पेपर दिलाने गया था लखीमपुर, देर रात लौटते समय हुआ हादसा**

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शाहजहांपुर में बहन का बीएड का पेपर दिलाकर घर लौट रहे बाइक सवार भाई-बहन को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई-बहन बाइक से उछलकर दूर जाकर गिरे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने भाई को मृत घोषित कर गंभीर रूप से घायल बहन को राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं हालत में सुधार न होने पर घायल बहन को लखनऊ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रक्षाबंधन से एक दिन पहले हुए हादसे से परिवार में कोहराम मच गया।थाना खुटार क्षेत्र के गांव सरेली गठिया गांव निवासी रामकुमार का 25 साल का बेटा दीपक वर्मा अपनी 21 साल की बहन दुर्गा को मंगलवार सुबह लखीमपुर के एक कॉलेज में बीएड का पेपर दिलाने गया था।

**लखनऊ में कर रहा था बैंकिंग की तैयारी**

इलाज के बाद हालत में सुधार न होने पर घायल को लखनऊ रेफर कर दिया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। इधर पुलिस ने दीपक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दीपक लखनऊ में बैंकिंग की तैयारी कर रहा था। घर में रक्षाबंधन को लेकर तैयारियां की जा रही थीं। हादसे के बाद त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। खुटार थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

देर रात बाइक से वापस घर लौटते समय खुटार-गोला रोड पर किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों भाई-बहन उछलकर दूर जाकर गिरे। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों को खुटार सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने दीपक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल दुर्गा को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## बालिकाओं ने डीएम को बांधी राखी, खिले चेहरे

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बुधवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर, सनातन धर्म सरस्वती शिशु मंदिर, डॉ. हेडगेवार सरस्वती शिशु मंदिर की पांच-पांच बालिकाओं के दल शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां उन्होंने भाई-बहन के पवित्र रिश्तों के पर्व रक्षाबंधन से पूर्व बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह को राखी बांधकर राखी का त्योहार मनाया। तीनों विद्यालयों की छात्राओं ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह को तिलक लगाकर राखी बांधी। अफसरो ने बालिकाओं को उपहार भेट किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अपार प्रेम को समर्पित है। यह हमारी संस्कृति का एक पवित्र त्योहार है। यह पर्व लोगों के जीवन में स्नेह और सद्भाव की भावनाओं को मजबूत करे। डीएम ने बालिकाओं के प्रयास की सराहना करते हुए पर्व के महत्व पर रोशनी डाली। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि रक्षाबंधन पर भाई बहन की रक्षा का संकल्प लेता है। अब समाज बदल रहा है बेटियां किसी से कम नहीं हैं। वो हर क्षेत्र में आगे बढ़कर परचम लहरा रही हैं।

## चेयरमैन को शॉल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । मोबीन अहमद



**सिंगाही खीरी।** आपरेशन त्रिनेत्र के शुरूआत होते ही नगर पंचायत द्वारा सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों और चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने पर सी ओ व एस ओ ने पीस कमेटी की बैठक के दौरान चेयरमैन को शाल ओढाकर सम्मानित किया है। प्रदेश में अपराध की रोकथाम को लेकर पुलिस महकमे की ओर से आपरेशन त्रिनेत्र शुरू किया है। जिसके अंतर्गत शहरों और कस्बों को सीसीटीवी कैमरों से लैस करना है। इसी के चलते नगर पंचायत की ओर से कस्बे सभी धार्मिक स्थलों और प्रमुख चौराहों सहित चौबीस स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए गए हैं। जिसकी कमांड पंचायत सहित थाने को भी मिली है। सीसीटीवी कैमरे लगने से पुलिस का काम बहुत ही आसान हो गया है। इससे प्रसन्न होकर थाने पर हुई कमेटी की मीटिंग के दौरान सी ओ राजेश कुमार व एस ओ शिवाजी दुबे ने चेयरमैन मो. कय्यूम को शाल ओढाकर सम्मानित किया और कैमरे लगवाने के लिए उनकी प्रशंशा की। इस दौरान पूर्व चेयरमैन प्रदीप पुरवार, प्रधान के डी वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि नेकू अवस्थी, शिशिर गुप्ता सहित थाना क्षेत्र तमाम लोग मौजूद रहे।

## खेल मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण के साथ साथ मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में है सहायक

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



खेल मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ मस्तिष्क को स्वस्थ व सक्रिय रखने में भी मदद करते हैं। खेल सभी प्रकार की परिस्थितियों के लिए व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से सक्रिय रखने में विशेष सहयोग करता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। नेशनल स्पोर्ट्स डे के अवसर पर महमूदाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम में सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के स्टूडेंट्स को ऑल ओवर चौंपियनशिप सहित अन्य पुरुस्कार वितरित करते हुए जिला क्रीडा अधिकारी राजेश सोनकर ने यह बात कही। उन्होंने कहा खेल केवल मनोरंजन का साधन मात्र नहीं बल्कि लोगो को मजबूत आत्मविश्वास व कुशल बनाने के साथ ही चरित्र निर्माण में भी विशेष सहयोग करता है। मुख्य अतिथि सहित निर्णायक मंडल के शशांक वर्मा, रौनक कश्यप, जूडो कोच शिखा कश्यप, वॉलीबॉल कोच एजाज अहमद एवं फराज अली ने सीता इंटर कॉलेज की छात्रा रितिका पटेल को 15 सौ, छह सौ व 100 मीटर दौड़ व लंबी कूद में प्रथम आने पर ऑल ओवर चौंपियनशिप देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही सीता इंटर कॉलेज की आकृति वर्मा को छह सौ व 100 मीटर दौड़, लंबी कूद, अमन यादव को छह व 100 मीटर दौड़ में द्वितीय व लंबी कूद में प्रथम, सनी को लंबी कूद में तृतीय, मानस को 100 मीटर दौड़ में तृतीय, चांद बाबू को 100 मीटर दौड़ व लंबी कूद में और सौरभ को 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में महमूदाबाद क्षेत्र के काल्विन इंटर कॉलेज, राजकीय महाविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू पॉलिटेक्निक सहित अन्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी विजय प्रतिभागियों को मेडल देकर पुरस्कृत किया गया।

## लूट की घटना में शामिल 5 शातिर चोर माल सहित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में लूट,चोरी,नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए टीम का गठन कर घटनाओं को रोकनें व आपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के सख्त आदेश दिए हैं। क्षेत्राधिकारी सदर श्री राजू कुमार साव के नेतृत्व में थाना हरगांव पर पंजीकृत मुकदमे में प्रकाश में आये 3 अभियुक्त व अभियुक्ता , आमीन पुत्र नसीर अहमद निवासी ग्राम रेवाली थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर, गायत्री उर्फ द्रौपदी पत्नी रामनरेश निवासी ग्राम भगंतपुर थाना रामपुर कला सीतापुर , पूजा उर्फ आरती पत्नी अनिकेत निवासी ग्राम भगंतपुर थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर तथा 2 अभियुक्ता शैल कुमारी पत्नी कपिल निवासी ग्राम पिपरी थाना बिसवां जनपद सीतापुर तथा काजल उर्फ रामदेवी पत्नी विशाल उर्फ अन्नू निवासी ग्राम भगंतपुर थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके पास से अभियोगों से सम्बन्धित कुल 2 मंगलसूत्र पीली धातु का (लॉकेट) व 1 काले बैग में 8 इस्तेमाली साड़ी, 1 हैण्ड बैग में 1 पुरानी साड़ी इस्तेमाली दो सैफ्टी क्लिप व 1 गाडी सफेद रंग सफारी न क्क32 श्वछ्व 1525 जो घटना में प्रयुक्त करते थे बरामद हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त,अभियुक्ता द्वारा उपरोक्त घटना में संलिप्तता स्वीकार की गयी है। अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर प्राप्त साक्ष्यों,तथ्यों के आधार पर निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### रक्षा बंधन के पर्व पर राखी बनाओ मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता हुई आयोजित

जन एक्सप्रेस/महमूदाबाद(सीतापुर)। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर महमूदाबाद विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में राखी बनाओ और मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नन्हीं-मुन्नी बालिकाओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विकास खंड महमूदाबाद म प्राथमिक विद्यालय बघाइन में प्रधानाध्यपिका अर्चना वर्मा के निर्देशन में सम्पन्न हुई राखी बनाओ प्रतियोगिता में प्रतिज्ञा और जाह्नवी को प्रथम, प्रज्ञा और आयुषी को द्वितीय तथा ज़ेबा और आरूही को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जोया, अन्नू, शिवांशी, महक को सांत्वना पुरस्कार से संतोष करना पड़ा। मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता में ज़ेबा को पहला, सना को दूसरा और प्रज्ञा को तीसरा स्थान मिला। महक, प्रतिज्ञा, नायमा, आयुषी और जाह्नवी को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया।



## रक्षा बंधन पर मुख्यमंत्री द्वारा सुमंगला योजना संवाद कार्यक्रम का किया गया लाइव प्रसारण

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




रक्षाबंधन के शुभ त्यौहार के अवसर पर आज जनपद में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कन्या सुमंगला योजना संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें बेटियों को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा कन्या सुमंगला की धनराशि का चेक वितरण किया गया तथा वही कार्यक्रम जिले स्तर पर भी आयोजित किया गया जिसमें जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल की अगवाई में जिलाधिकारी महोदय, अपर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अधिशासी अभियंता की उपस्थिति में 16 सुमंगला लाभार्थियों को माननीय मुख्यमंत्री जी का संवाद कार्यक्रम कराकर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थी बालिकाओं के हाथों अधिकारीगढ़ को राखी बांधकर रक्षाबंधन त्यौहार भी मनाया गया और उपहार स्वरूप बेटियों को डेमो चेक, सम्मान पत्र, कैडबरी सेलिब्रेशन का डिब्बा, पानी की बोतल, स्कूल कलर किट वितरित किया गया तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा बालिकाओं और उनके अभिभावक को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर देने को कहा गया, क्योंकि हर क्षेत्र में बेटो से बेहतर बेटियां प्रदर्शन कर रही हैं वही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित बालिकाओं को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय योजना के अंतर्गत निःशुल्क प्रतियोगिता परीक्षा हेतु कोचिंग व छात्रावास सुविधा दी जा रही है आप बेटियों को भी आगे बढ़कर इस निशुल्क योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उसके बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व सरकार द्वारा समस्त सहायक नंबरों के बारे में बताकर बालिकाओं एवं अभिभावक को जागरूक किया। इस अवसर पर प्रोबेशन कार्यालय प्रोबेशन से महिला कल्याण अधिकारी अंजना सिंह जिला समन्वय साक्षी शुक्ला व मधु सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अंजुम परवीन, कनिष्ठ सहायक प्रेम कुमार तिवारी, देवेंद्र सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# सीएम ने किया हवाई सर्वेक्षण, लोधेश्वर में की पूजा-अर्चना, वितरित की बाढ़ राहत सामग्री

**जन एक्सप्रेस। शोभित शुक्ला/ ज्ञानेंद्र वर्मा**

## फसलों के नुकसान का आंकलन कर, क्षतिपूर्ति दिए जाने के निर्देश

**रामनगर-बाराबंकी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को तहसील रामनगर क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने महादेवा ऑडिटोरियम में लल्लू निवासी बबुरी, रामदेव निवासी बतनेरा और कृपाराम सहित 80 बाढ़ पीड़ितों राहत सामग्री वितरित की। जिसमें लोगों को 5 किलो लाई, 2 किलो भुना चना,1 किलो गुड़, एक पैकेट मोमबत्ती व माचिस 10 पैकेट बिस्किट, दो नग साबुन, 20 लीटर जरीकैन, एक तिरपाल, 10 किलो आलू व महिलाओं एवं किशोरियों के लिए डिग्निटी किट सहित राहत सामग्री शामिल है। यहां उपस्थित लोगों से सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि बाढ़ और तमाम प्रकार की आपदा है 75 जनपदों में से 37 जनपदो में सामान्य से कम बारिश हुई है या सूखे की स्थित है। 38 जनपदों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान पर है। 721 गांव बाढ़ प्रभावित है। रक्षाबंधन के अवसर पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया है। पिछली एक साल से बाबा का दर्शन नहीं किया था। बुधवार को भोलेनाथ की कृपा से अचानक बदलाव हुआ और यहां पर कार्यक्रम रखा गया।





### होगा स्थाई समाधान

मुख्यमंत्री ने यहां बताया कि सरकार बाढ़ पीड़ित के लिए स्थाई समाधान करने जा रही है। जिसमें नदी के अंदर रह रहे लोगों को बाहर बेहतर कॉलोनियों में बसाया जाएगा। महीने में दो से तीन बार आपदा राहत कोष से सामग्री दी जा रही है। यदि किसी बाढ़ क्षेत्र में घर क्षतिग्रस्त हो गया है। तो उनको मुख्यमंत्री अथवा प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा। जनहानि, सर्पदंश या किसी अन्य जीव के कारण होती है। तो 24 घंटे में सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित को दिए है। बाढ़ में जो पंचायत भवन और स्कूल चपेट में आए है। उन्हें पानी कम होने पर सुरक्षित जगह पर नया बनाया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल के नुकसान का आकलन कर जल्द से जल्द क्षतिपूर्ति किसानों तक दी जाए।

### लोधेश्वर का किया पूजन-अर्चन

मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर्व की सभी को बधाई देते हुए कहा कि सरकार गरीबों और पीड़ितों के साथ डबल इंजन की मजबूती के साथ खड़ी है। जिसके बाद सीएम योगी ने लोधेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर राज्य मंत्री सतीश शर्मा के साथ लोधेश्वर महादेव की पूजा अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। यहां मुख्यमंत्री का पूजन अर्चन मंदिर के प्रसिद्ध पुजारी आदित्य नाथ तिवारी ने कराया। फिर मंदिर संचालक व ग्राम प्रधान राजन तिवारी ने मुख्यमंत्री को लोधेश्वर भगवान का प्रतीकात्मक फोटो भेंट किया। चलते चलते मुख्यमंत्री ने मंदिर में मौजूद छोटे-छोटे नौनिहालों को अपने हाथों से चॉकलेट देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाई।

### व्यवस्थाओं का लेते रहे जायजा

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए अयोध्या कमिश्नर गौरव दयाल,आईजी प्रवीण कुमार,जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एडीएम अरुण कुमार सिंह,एएसपी उत्तरी आशुतोष मिश्रा, एएसपी दक्षिणी डॉ अखिलेश नारायण सिंह, एसडीम रामनगर अनुराग सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामनगर हर्षित चौहान, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी,प्रभारी निरीक्षक रामनगर सुरेश पांडेय आदि यहां की चप्पे-चप्पे की स्थितियों का जायजा लेते रहे। इस अवसर पर संसद उपेंद्र रावत, एमएलसी अंगद सिंह, जिलाध्यक्ष शशांक कुसमेश, जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, विधायक फतेहपुर सकेंद्र वर्मा, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख रामनगर संजय तिवारी, बीडीओ रामनगर अमित कुमार त्रिपाठी, बीडीओ सूरतगंज प्रीति वर्मा , सहायक विकास अधिकारी रामनगर राम आसरे,ग्राम विकास अधिकारी ऋषभ पांडेय,भाजपा मंडल अध्यक्ष सूरतगंज सुशील कुमार वर्मा, मंडल मंत्री लालता प्रसाद वर्मा अमित अवस्थी, राघवेंद्र सिंह, विशाल सिंह, विवेक सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस। उरई**

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा भूपका में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला ने फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही मायके पक्ष द्वारा ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाया जा रहा है।ड्ड
गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम गोरा भूपका निवासी जितेंद्र ने अपनी बहन प्रियंका देवी 25 वर्ष की शादी तीन वर्ष गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम मदनेपुर निवासी तिलक चौधरी के साथ की थी। भाई का आरोप है कि साली के कुछ समय बाद से ही बहन के ससुरालियों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। बताया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर मंगलवार रात को प्रियंका को पति व ससुरालवालों ने पहले जलाकर मारने का प्रयास किया और जब उसकी मौत ना हुई तो उसे फांसी पर लटका दिया। घटना की जानकारी होने पर पहुंचे मायके पक्ष द्वारा मामले खबर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल घटना के बाद से मृतका के मायके वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। जबकि ससुरालवालों के मुताबिक प्रियंका ने फांसी लगाकर अपनी जान दी है।

## लाखों की चोरी कर चोर हुए रफूचक्कर

**जन एक्सप्रेस। जालौन**

अज्ञात चोरों ने घर के पीछे लगे दरवाजे का ताला तोड़कर लगभग छह लाख रुपये के जेवर व नगदी उड़ाए। पीड़ित ने चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरों की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी खास निवासी जयप्रकाश ने पुलिस को बताया कि वह शादियों में नाई का काम करता है। उसके पुत्र भी बाहर रहकर काम धंधा करते हैं। मंगलवार की रात करीब 11 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खा पीकर कमरे में जाकर सो गए। उसके घर के पीछे भी एक दरवाजा है। रात में किसी समय अज्ञात चोर घर के पीछे लगे दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुस आए। चोरों ने कमरे और उसमें रखे बक्से का भी ताला तोड़ दिया। चोरों ने बक्से में रखे दो मंगलसूत्र, कानों के कुंडल, पायल व नगदी समेत लगभग छह लाख रुपये का सामान चोरीकर लिया। चोर सामान की चोरी कर बाकी सामान को यूं ही बिखरा हुआ छोड़कर भाग गए। सुबह लगभग पांच बजे जब उसकी आंख खुली तो कमरे का दरवाजा खुला हुआ देखकर उसे शक हुआ। जब वह अंदर पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित गृहस्वामी की सूचना पर कोतवाल विमलेश कुमार मौके पर पहुंचे और मौके का मुआयना कर चोरी के संबंध में जानकारी ली। उक्त संदर्भ में कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्या क्या चोरी हुआ है इसको लेकर पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

### गरीब के आशियाने में लगी आग, हजारों का नुकसान

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरालालपुर में गरीब के आशियाने में आग लग गई। जिससे घर में रखा गृहस्थी समेत हजारों रुपए का सामान जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम मदरालालपुर निवासी लालमन निषाद की पत्नी राम कटोरी घर में खाना बना रही थी। तभी अचानक सिलेंडर में हुए रिसाव के चलते आग लग गई। देखते ही देखते कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कच्चे मकान को चपेट में ले लिया। मकान से उठती आग की लपटे देखकर गांव में हड़कंप मच गया। मौजूद ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक मकान में रखा गृहस्ती समेत अन्य सामान जल कर खाक हो गया। गृहस्वामी द्वारा करीब 50 हजार रुपए का नुकसान बताया गया है।

### विद्यालय में शिक्षकों ने राखी बनाने व बांधने का हुनर देकर किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** भाई एवं बहन के प्रेम के प्रतीक का त्यौहार रक्षाबंधन कालपी में हर्षोल्लाह एवं धूमधाम पूर्वक मनाया गया। घरों से लेकर विद्यालयों तक में बच्चों ने राखी बांधने की होड़ लगी रही। बुधवार को दयानन्द बाल विद्या मंदिर कालपी में अध्यनरत छात्र-छात्रओ को राखी बनाने के गुण देकर विद्यालय मे कार्यरत अध्यापिकाओं द्वारा सिखाकर जागरुक किया। इस दौरान शिक्षिकाओ ने राखी बनवाई गई और बच्चो ने एक दूसरो को राखी भी बंधवा कर शुभकामनायें दी गई। रक्षाबंधन का पर्व शुरू होते ही राखी तथा मिठाई की दुकानों में खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही। टरननगंज बाजार, जुल्हैटी मार्केट आदि स्थानों में मिठाई तथा राखी खरीदने वालों की भीड़ बनी रही। दूर दराज से महिलाओं ने आकर अपने-अपने भाइयों की कलाई में राखियां बांधकर लम्बी उम्र की कामना की तथा शुभकामनाएं दी। ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्षाबंधन पर्व धूमधाम पूर्वक बनाया गया।

## मृतकों के आश्रितों को राहत कोष से दिलवाई जाएगी चार-चार लाख रुपए की सहायताः शेर बहादुर सिंह

# बेतवा नदी में नहाते समय गहराई में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बसरेही में बुधवार की सुबह बेतवा नदी में नहाते समय सगे भाई बहन की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद हड़कंप मच गया। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बेतवा में डूबे भाई बहन के शवों को बरामद कर लिया।
कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बसरेही निवासी ओमकार निषाद परिवार सहित गांव में ही रहता है। बताया गया है कि बुधवार को रक्षाबंधन के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए ओमकार निषाद की 7 वर्षीय पुत्री खुशी उर्फ खुशबू व राजकुमार 5 वर्ष सहित तीन लोग समीप से निकली बेतवा नदी में नहाने गए थे। बताया गया है कि नहाने के दौरान दोनों भाई-बहन अचानक गहराई में चले गए, जिससे



वह नदी में डूब कर लापता हो गए। जबकि साथी युवक ने गांव पहुंचकर घटना की जानकारी उसके परिजनों व ग्रामीणों को दी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई, और रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। वही एक साथ बेतवा नदी में डूबकर लापता हुए भाई बहन की खबर से गांव में मातम सा छा गया और ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। वही घटना की खबर मिलते ही थानाध्यक्ष भी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और उन्होंने गोताखोरों की मदद से बेतवा में डूबे दोनों मासूमों की खोजबीन शुरू कर दी। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को नदी से बरामद कर लिए। वही घटना की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी केके सिंह, तहसीलदार शेर बहादुर सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार हरदीप सिंह, लेखपाल रंजीत सिंह राजस्व विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया। मामले में तहसीलदार शेर बहादुर सिंह ने बताया कि धीरेंद्र पुत्र मानसिंह निवासी ग्राम सरेनी में यमुना नदी में डूब गया था। उन्होंने बताया कि सभी मृतकों के आश्रितों को राहत कोष से चार चार लाख रुपए की सरकारी सहायता दिलवाईं जाएगी। फिलहाल परिजनों ने बगैर पीएम कराए शवो का अंतिम संस्कार कर दिया।

## पुलिस ने मारपीट के तीन मामले किए दर्ज

**जन एक्सप्रेस। उरई**

अलग-अलग थानों में तीन मारपीट के मामले पुलिस ने दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। जानकारी के मुताबिक शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तुलसी नगर निवासी तारिक खान पुत्र हनीफ खान ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पवन त्रिपाठी के घर के सामने उरई में शनि पुत्र मंजूर हसन निवासी तुलसी नगर समेत चार लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट की और उसकी पत्नी जब बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट करके जान से मारने की धमकी दी। वही दूसरा मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर निवासी नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव पुत्र दिनेश कुमार ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि बजरंग भदोरिया पुत्र भानु प्रताप सिंह निवासी सिरसा थाना रेढर जनपद जालौन समेत दो लोगों ने मिलकर अर्चना कांपलेक्स कोतवाली उरई में उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं तीसरा मामला रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर निवासी अशोक कुमार गुप्ता पुत्र कृष्ण गोपाल गुप्ता ने पहुंचकर तहरीर देते हुए बताया कि कमलेश पुत्र राजेश निवासी जगम्मनपुर थाना रामपुरा समेत चार लोगों ने मिलकर उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट की और दुकान का सामान का नुकसान कर दिया। इसके बाद उसको जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।
पुलिस ने तीनों मामलों को संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मारपीट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तीस घंटे बाद भी नहीं मिला युवक

**सिरसा कलार।** थाना के पाल सरैनी निवासी बीस वर्षीय युवक धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरू पुत्र मानसिंह ने घर परिजन से नाराज होकर यमुना के पुल से छलांग लगा दी। जिससे वह नदी में डूब गया। पुलिस प्रशासन ने गोताखोरों की मदद से युवक की नदी में खोजबीन शुरू कर दी थी। लेकिन तीस घंटे बीत जाने के बाद भी युवक का कोई अता पता न चला। जिसके बाद थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने रेस्क्यू टीम को बुला कर नाव और गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान ने मौके का जायजा लिया।

## हापुड़ की घटना के विरोध में वकीलों ने नारेबाजी की, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। कालपी**

हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर बर्बरता पूर्वक तरीके से लाठी चार्ज करने की घटना को लेकर वकीलों में आक्रोश फूट पड़ा। लाठी चार्ज की घटना से नाराज वकीलों ने तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम केके सिंह को ज्ञापन सौंपकर कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग उठाई।
प्रदेश स्तरीय आवाहन पर कालपी के अधिवक्ताओं के द्वारा राजस्व न्यायालय तथा दीवानी न्यायालय में न्यायिक कार्यों में व्रत रहकर हापुड़



की घटना पर नाराजगी जताते हुए दोपहर को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जय किशोर कुलश्रेष्ठ अध्यक्षता में वकीलों के प्रतिनिधिमंडल ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि हापुड़ की घटना को पुलिस ने बहुत ही बर्बर तरीके से अंजाम दिया है। बेकसूर वकीलों को पुलिस ने लाठियां भांजकर घायल किया है, यह अमानवीय घटना है। अधिवक्ताओं ने मांग उठाई कि दोषी पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। वरना अधिवक्ताओं के द्वारा आगे भी आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर अमर सिंह निषाद, शरद श्रीवास्तव, रामकुमार तिवारी, रविंद्र श्रीवास्तव, गोलू श्रीवास्तव, इस्लाम अहमद, जयवीर सिंह यादव, दीपचंद सैनी आदि अधिवक्ता शामिल रहे। इससे पहले हापुड़ की घटना को लेकर वकीलों ने सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी करके विरोध जताया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ग्रामीण सेवा संस्थान ने रक्षाबंधन पर कराया राखी कंपटीशन



**जन एक्सप्रेस/रामसनेहीघाट-बाराबंकी।** बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम छंदवल में बुधवार को बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा संचालित नि:शुल्क चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में छात्र छात्राओं में राखी कंपटीशन कराया गया। इस कम्पटीशन में छात्राओं ने बेस्ट मटेरियल से सुंदर-सुंदर राखियां बनाई और सहपाठी छात्रों व शिक्षक, शिक्षिकाओं को राखी बांधी तथा ग्रीटिंग कार्ड बनाकर भेंट किये। राखी कंपटीशन में कक्षा 5 से छात्रा आराध्या वर्मा की राखी को प्रथम स्थान व कक्षा 2 से आराध्या रावत को द्वितीय स्थान व कक्षा चार से मोहिनी रावत की राखी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंधक रत्नेश कुमार के निर्देशन में विद्यालय में रक्षाबंधन का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। सभी छात्राओं ने छात्रों को रोली चंदन का तिलक लगाकर उन्हें हैंडमेड राखी बांधी व छात्रों ने भी छात्राओं को उपहार स्वरूप चॉकलेट, पेन, पेंसिल, कापी, बिस्किट दिए। प्रबंधक रत्नेश कुमार जी ने सभी बच्चों को रक्षाबंधन की बधाई व शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने बच्चों को राखी के महत्व को समझाया। विद्यालय के शिक्षक उमेश कुमार, शिक्षिका वंदना वर्मा, पूनम रत्नाकर, शारदा रावत, सरिता यादव, अनीता, सरोज, सरस्वती, जियालाल सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे और हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन का त्यौहार मनाया।

### 52 हजार 328 बच्चों ने मिशन परीक्षा में लिया भाग



**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** जनपद के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में मिशन पहचान परीक्षा का आयोजन होने से तेजी से सुधार आया है। कल तक जो बच्चे किसी के सामने अपना नाम तक बताने में हिचकिचाते थे। वही बच्चे आज विद्यालय की प्रार्थना के समय बाल एंकर बनकर समाचार पत्रों को पढ़ रहे हैं। बता दें कि इस परीक्षा के लिए विभाग से कोई अतिरिक्त बजट नहीं है। फिर भी डीआईओएस ओपी त्रिपाठी ने नवाचार मिशन के तहत इस परीक्षा की शुरुआत परिषदीय विद्यालयों में की है। जिसमें बच्चों और अध्यापक दोनों को ही परस्पर मेहनत करनी पड़ती है। बुधवार को जनपद में आयोजित मिशन पहचान परीक्षा का निरीक्षण करने जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी शाहबपुर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज व बीपी शुक्ला इंटर कॉलेज पहुंचे थे। यह डीआईओएस ने बताया कि विद्यार्थियों में मूल्यांकन को लेकर काफी उत्साह है। बुधवार को 6 से 12 तक के कुल 52 हजार 328 बच्चों ने मिशन पहचान परीक्षा में भाग लिया।

### बालिकाओं ने किसान संगठन के चेयरमैन को बांधी राखी



**जन एक्सप्रेस/मसौली-बाराबंकी।** रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर बुधवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज बरेठी की दर्जनों छात्राओं ने जनकल्याण किसान संगठन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव के हाथ में राखी बांधकर उनका मुंह मीठा कराया। आपको निरंतर लोगों को सम्मानित किया जा रहा है।वहीं बुधवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज बरेठी में उत्कर्ष छात्राओं को सम्मानित करने के लिए जब चेयरमैन धर्म कुमार यादव पहुंचे तो वहां की दर्जनों छात्राओं ने चेयरमैन के हाथ में राखी बांधकर उनका मुंह मीठा कराया। चेयरमैन ने राखी बांधने वाली 31छात्राओं का गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मान किया।सभी छात्राओं से उन्होंने कहा कि अभी तक मेरे चार बहने थी अब बहनों की संख्या बढ़ने लगी है। राखी बंधवाने के उपरांत चेयरमैन ने सभी बहन रूपी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी बहनों के लिए मैं एक भाई का फर्ज निभाता रहूंगा। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक योगेंद्र बहादुर सिंह बिसेन,विकास सिंह बिसेन,श्रेष्ठी, दर्शिका,शालिनी, शिवांगी, रोली, शिवानी, मोहिनी, प्रियंका, सोनल, अंजली सहित तमाम छात्राएं उपस्थित रही।

### बच्चों ने हेलमेट बांटकर लोगों को किया जागरूक




**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** देवा कोतवाली के मामापुर नहर पुल पर यातायात जागरूकता का एक आश्चर्यजनक दृश्य दिखा।जहां जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के अरुणोदय पब्लिक स्कूल मसूदपुर पलिया के नन्हे मुन्ने बच्चे चंदा लगाकर हेलमेट वितरण करने के साथ-साथ बिना हेलमेट लगाए मोटरसाइकिल चालकों को टॉफी खिलाकर सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक कर रहे थे।सड़क सुरक्षा संबंधी तमाम स्लोगन लिखी तख्तियां लोगों का मन मोह रहीं थीं। देवा कोतवाली के अपर प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह, देवा यातायात प्रभारी राम यतन, अरुणोदय पब्लिक स्कूल के मैनेजर विजय सिंह व जनकल्याण किसान एसोसिएशन के चेयरमैन धर्म कुमार यादव के संयुक्त नेतृत्व में एक दर्जन मोटरसाइकिल चालकों को नि:शुल्क हेलमेट वितरण किया गया। हेलमेट व्यवस्था में स्कूल की प्रधानाचार्या बुशरा किदवई, अध्यापिका शाजिया अल्वी आदि का विशेष मार्गदर्शन रहा। इस अवसर पर उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह,हेड कांस्टेबल राजेश सिंह, पी आर डी बबिता, भूपेंद्र कुमार यादव, राम सुंदर, राकेश, विपिन कुमार, रामानंद, अभयराज यादव, जनकल्याण किसान एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश मिश्रा, प्रदेश महासचिव राज बहादुर यादव, जिला मीडिया प्रभारी अंजनी कुमार, ब्लॉक सचिव पुरुषोत्तम कुमार आदि उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने 59 और भवन स्वामियों को वितरित किया पेइंग गेस्ट प्रमाण-पत्र

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

जिलाधिकारी नितीश कुमार ने आयुक्त कार्यालय सभागार में पेइंग गेस्ट योजना के तहत 59 भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित भवन स्वामियों को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी दीपोत्सव कार्यक्रम तथा निर्माणाधीन श्री राम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अयोध्या धाम में वृहद स्तर पर श्रद्धालुओं/पर्यटकों के आगमन व रात्रि विश्राम के दृष्टिगत अधिक से अधिक भवन स्वामियों को पेइंग गेस्ट योजना से जोड़ने हेतु अभियान चलाकर कार्य किया जा रहा है जिसके क्रम में आज 59 भवन स्वामियों को पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किया गया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि यह यूनिक योजना अयोध्या में विशेष रूप से संचालित की जा रही है। इसका प्रयास




अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को भवन स्वामियों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पेइंग गेस्ट योजना से संस्कृति आदान-प्रदान के साथ ही स्थानीय व्यंजन एवं अवधी पकवान से भी श्रद्धालु अवगत हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि भविष्य में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी इससे पूरे अयोध्या में लोगों को रोजगार सृजन के साथ ही आय सृजन भी होगा। उन्होंने कहा कि पेइंग गेस्ट में ठहरने वाले लोगों से विनम्रता के साथ अच्छा व्यवहार करें, परिवार की तरह रखें, अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करायें, साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें, कम से कम मूल्य पर अच्छा से अच्छा सर्विस दें।

उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने भावनो को व्यवस्थित रखने एवं स्टैंण्डर्ड निरंतर सुनिश्चित रखें। साथ ही आसपास के भवन स्वामियों को भी पेइंग गेस्ट योजना की जानकारी देने तथा योजना से जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि यह उत्तर प्रदेश पर्यटन की पेइंग गेस्ट योजना है इस योजना के माध्यम से हम अपने घरों में रहते हुए 02 रूम से लेकर 05 रूम तक रजिस्टर करवा सकते हैं। पर्यटन विभाग द्वारा किराए का निर्धारण 1500 से लेकर 2500 तक का किया गया है। इसके अतिरिक्त भोजन के चार्ज अलग से होंगे। अभी तक इस योजना के माध्यम से लगभग 300 घरों के आवेदन स्वीकार किए गए हैं। प्रथम चरण में 41 भवन स्वामियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए, द्वितीय चरण में 102 भवन स्वामियों को सर्टिफिकेट दिए गए तथा तृतीय चरण में 59 भवन स्वामियों को सर्टिफिकेट दिए गए हैं। शेष भवन स्वामियों का सर्टिफिकेट उनके द्वारा चरित्र प्रमाण पत्र मिलते ही वितरित कर दिए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से यहां के स्थानीय भोजन को एक थाली के रूप में अयोध्या की थाली भी विकसित की जा सकती है। जिससे कि अयोध्या के पारंपरिक व दैनिक खाद्य पदार्थ को ग्लोबल लेवल पर प्रदर्शित कर एक पहचान बनाने का भी कार्य कर सकते हैं। इस योजना से लोगों की प्रति व्यक्ति आय तो बढ़ेगी अपितु अयोध्या एक आत्मनिर्भर नगरी के रूप में भी निखर कर आएगी।बैठक में नगर आयुक्त विशाल सिंह, उप निदेशक पर्यटन सहित अन्य संबंधित अधिकारी व भवन स्वामी उपस्थित रहे।

# 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को 385 या उससे ज्यादा सीटें मिलेंगी: विजय बंसल

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

दिल्ली से आए विजय बंसल ने सरयू नदी में स्नान-पूजन उपरांत श्रीरामलला के दरबार में हाजिरी लगाई और मत्था टेका। उसके बाद रामघाट चौराहा स्थित मानस भवन में मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि उनके द्वारा 1985 से अब तक राजनीतिक क्षेत्र में कुल 12 भविष्यवाणियां की गई हैं, जिसमें से सभी भविष्यवाणियां सही निकली। मैं कोई ज्योतिषी नही हूं। मेरे अंतरआत्मा या मन की जो बात निकलती है। उसी को कहता हूं अब तक मन की जितनी बातें कहा हूं। वह सच निकली है।

इस बार मेरी अंतरआत्मा की आवाज कह रही है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को 385 या उससे ज्यादा सीटें मिलेंगी। नरेंद्र दामोदर दास मोदी 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। इस बात को मेरे द्वारा लिखित रूप से पांच महीना पहले ही पीएम मोदी व अमित शाह को भेंज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, जम्मू एंड कश्मीर के



विधानसभा चुनावों में भी भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनेगी। यह मेरे मन की बात कह रही है।

इसको भी लिखित रूप भाजपा नेतृत्व को भेजा गया है। विवेक बंसल ने कहा कि 2014, 19 लोकसभा एवं 2017, 22 यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए उनके द्वारा जो भविष्यवाणी की गई थी। वह सच साबित हुई। नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री व योगी आदित्यनाथ यूपी के मुख्यमंत्री बने। इससे पहले धारा 370, 35ए, राममंदिर निर्माण के लिए कही गई भविष्यवाणी सच हुई। इसी तरह से उन्होंने अन्य भविष्यवाणियां की है। जो शत-प्रतिशत सत्य रही हैं। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के समय में भारतवासियों को देश-विदेश में जितना सम्मान मिला है। उतना सम्मान इससे पहले कभी नही मिला है। मोदी 18 घंटे बिना थके-बिना रूके प्रतिदिन कार्य करते हैं। उनसे सभी लोगों को सीख लेनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के साथ देश के 140 करोड़ भारतीय है। विपक्ष द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए जो इंडिया गठबंधन बनाया गया है। वह बिखर जायेगा। यह मेरे अंतरआत्मा की आवाज कह रही है। नरेंद्र मोदी वर्तमान समय में सबसे सशक्त प्रधानमंत्री हैं। उनके समय में भारत देश का सीना गर्व से ऊंचा हुआ है। भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

# भाकियू ने किसानों को फ्री बिजली उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

सभी ट्रांसफार्मरों से नलकूप हेतु विद्युत कनेक्शन दिये जाने, प्रतिदिन 18 घंटे विद्युत आपूर्ति करने, विद्युत बिल वसूली में किसानों मजदूरों का उत्पीड़न न करने, उपखंड अधिकारी कार्यालय स्तर पर उपखंड अधिकारी मीटर के कार्यालय खोले जाने, किसानों को फ्री बिजली उपलब्ध कराने आदि मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन उप जिला अधिकारी अभिषेक सिंह को सौंपा गया।भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि बिजली विभाग द्वारा किसानों को ऐसे ट्रांसफार्मरों से ट्यूबेल कनेक्शन नहीं दिए जा रहे हैं जिन ट्रांसफार्मर से घरेलू कनेक्शन दिए गए हैं जिसके कारण लगभग 20



गुना महंगा स्टीमेट बनाया जा रहा है जो क्षम्य नहीं है।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिदिन 18 घंटा बिजली देने का आदेश होने के बावजूद भी स्थानीय स्तर पर 8 घंटे बिजली भी नहीं दी जा रही है उसमें भी बार-बार ट्रिप हो रही है, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा फ्री बिजली देने का घोषणा करने के बाद भी किसानों से बिल लिया जा रहा है, उपखंड अधिकारी कार्यालय स्तर पर उपखंड अधिकारी मीटर का कार्यालय ना होने के नाते मीटर संबंधी समस्या बड़े पैमाने पर व्याप्त है जिसका समाधान नहीं हो पा रहा है जिसके संबंध में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पांच सूत्रीय समस्याओं का ज्ञापन सौंपकर समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा, जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ,देवी प्रसाद वर्मा ,पंकज सिंह, राजेश मिश्र शामिल रहे।

# अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने मनाई श्रावणी पूर्णिमा

**✻ प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा- समाज के समस्त वर्गो को इस त्यौहार को मनाना चाहिए**

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वाधान में विधि विधान के साथ अनेकों स्थानों पर प्रमुख रूप से गोपाल मंदिर लक्ष्मण घाट के द्वारा झुनकी घाट में श्रावणी पूर्णिमा उपक्रमों का कार्यक्रम मनाया गया। यह कार्यक्रम ब्राह्मणों का प्रमुख त्यौहार है। जिसमें नदी व जलाशयों में सभी ब्राह्मण उपस्थिति होकर विधि विधान के साथ प्रथमतः हेमाद्रिक संकल्प जिसमें वर्षभर में यवद् जीवनपर्यंत वाल्या अवस्था से लेकर वृद्धा अवस्था तक ज्ञात अज्ञात प्रायश्चित समन का संकल्प के साथ में दश विधि स्नान जिसमें कई प्रकार के वस्तुओं औषधियों से स्नान कराया गया जिसमे ब्रह्मण समाज एवम सर्व समाज के कल्याण के लिए रोग मुक्ति के लिए तथा प्रखर ज्ञान वर्धक होता है।

इस कार्यक्रम में ऋषि तर्पण, देव तर्पण, पितृ तर्पण एवम पितामह के आत्म तृप्ति के लिए तर्पण किया गया साथ में लुप्त पिंड का तर्पण किया गया। संध्या एवम सूर्योपस्थान हुआ सप्त ऋषियों एवम मां अरुंधती का पूजन गोपाल मंदिर लक्ष्मण घाट में विधि विधान से संपन्न हुआ जिसके मुख्य आचार्य वीरेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में संपन्न हुआ। ब्राह्मण इस विशेष पूजा द्वारा श्रावणी महापर्व आयोजित कर वर्ष भर के लिए ऋषि



परंपरा द्वारा ब्राह्मण को शुद्ध पूजित यज्ञोपवित प्रदान किया जाता हैं। इस कार्यक्रम में प्रायश्चित स्वरूप दही जौ का सेवन किया जाता है। जिसमे आध्यात्मिक शक्ति प्रदान किया जाता है। संस्कृत दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। समाज के समस्त वर्गो को इस त्यौहार को मनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में विशेष पूजन दिलीप राम त्रिपाठी प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि आचार्य राधेश्याम मिश्र राष्ट्रीय महामंत्री उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ जय गुरुदेव शुक्ल, कोषाध्यक्ष प्रदेश राधा रमण त्रिपाठी रामभद्र जानकी कुंज, रणंजय शास्त्री, सूर्य कांत मिश्र, राम जश दास जी, आचार्य राजेश तिवारी राघव जी, जगदम्बा मणि त्रिपाठी, मनोज मिश्र, विजय प्रकाश मणि, अवधेंद्र प्रापन्नाचार्य, महामंडलेश्वर आशुतोष दास कामधेनु मंदिर बड़ा अखाड़ा, गौरव, महंत विशंभर दास, शेखर द्विवेदी, हर्ष पांडेय, शिवाकांत मिश्र, प्रमोद पांडे ज्ञानेंद्र नागा द्वारा संपन्न हुआ। इसी क्रम में सूर्य कुंड पर सत्यदेव मिश्र, क्षीरेश्वर दत्त मिश्र सचिन तिवारी आदि मौजूद रहे।भरत कुंड में सच्चिदानंद के अचारत्व में सतीश चंद्र पांडेय एवम सीता कुंड मानस तिवारी सुरेश प्रधान मौजूद रहे ऋषि पांडेय मौजूद रहे, दिलाशीगंज में जय प्रकाश तिवारी कार्यपरिषद सदस्य के सानिध्य में सरयू नदी पर कार्यक्रम आयोजित हुआ सभी का कल्याण हो।

# एक दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट में खेलो इंडिया टीम बनी उपविजेता

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय की अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के खिलाड़ियों ने मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव उपलक्ष में स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किए गए एक दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट के दौरान खेलो इंडिया की ओर से प्रतिभागी किया। टूर्नामेंट में कडे मुकाबले के दौरान खेलो इंडिया की टीम उप विजेता बनी। वही स्पोर्ट स्टेडियम की टीम ने कड़े मुकाबले में स्ट्रोक के जरिए विजय हासिल किया।

जानकारी के अनुसार 30 अगस्त को ''मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस'' के उपलक्ष में बलरामपुर स्टेडियम में एक दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। हॉकी टूर्नामेंट में पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने खेलो इंण्डिया टीम की तरफ से मैच खेला। इनका मैच



फाइनल में बलरामपुर स्पोर्ट स्टेडियम की टीम से खेला गया। दोनों टीमों के बीच में बराबर संघर्ष होता रहा। अंत में दोनों टीमों मे एक टीम को विजयी घोषित करने के लिए स्ट्रोक के द्वारा विजेता एवं उप विजेता घोषित किया गया। खेलो इण्डिया की टीम से पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के छात्र-छात्राएँ उप विजेता रहे। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, तहसीलदार बलरामपुर, स्टेडियम के कोच कमाल अहमद, जिला स्पोर्ट अधिकारी दिनेश, खेलो इंडिया के कोच अभय सिंह, अमित राणा व आबिद अली की उपस्थिति में हॉकी टूर्नामेंट सम्पन्न हुआ।

विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व में टीम कोच अमित राना व आबिद अली की संरक्षता में हॉकी टीम के छात्र-छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित किया गया। सभी छात्र-छात्राएँ अत्यधिक उत्साहित दिखे तथा समस्त छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसे देखकर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने खेल को देखकर बच्चों की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के हॉकी टीम में भाग लेने वाले छात्र में महेश, आराध्या, देवेश, उमेश, ओंमकार, हर्ष, बृजेश, मुकेश, अंश, अमर, विवेक, जीवेश, निशांत, अबू सुलेह एवं राहुल ने हॉकी फील्ड में अपना जौहर दिखाया। चयनित छात्र-छात्राओं को तहसीलदार बलरामपुर द्वारा हॉकी किट प्रत्येक छात्र-छात्राओं को प्रदान किया गया। प्रबन्ध निदेशक डा0 तिवारी ने विद्यालय के चयनित छात्र-छात्राओं को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, अध्यापक राघवेन्द्र त्रिपाठी (एक्टीविटी इंचार्ज), अशोक कुमार शुक्ला, ए0के0 तिवारी, टी0एन0 शुक्ला, पूनम चौहान, राजमणि, लता श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, नीलम श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव, विश्वनाथ तिवारी, कपिल निषाद, शालिनी शुक्ला, दुर्गा प्रसाद यादव, राजीव श्रीवास्तव ने उपस्थित होकर हॉकी खेल में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# एसएसबी मुख्यालय पहुंचकर विद्यालय की छात्राओं ने जवानों को बांधी राखी

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल नवी वाहिनी मुख्यालय पहुंचकर सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने जवानों के कलाई पर राखी बांधी और उनके लंबी उम्र की कामना की। विद्यालय में आयोजित राखी मेकिंग कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया।

जानकारी के अनुसार 30 अगस्त को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रक्षाबंधन के पर्व पर भारतीय सैनिकों की प्रतिबद्धता और कर्तव्य परायणता को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य आसिम रूमी के दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विद्यालय से रिश्तों की डोर -सरहद के जवानों की ओर



कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं का एक दल लईक अंसारी एवं कीर्ति भटनागर के साथ रक्षा सूत्र बांधने के लिए सशस्त्र सीमा सुरक्षा बल 9वी वाहिनी के मुख्यालय पंहुचा । रक्षाबंधन से पूर्व छात्राओं द्वारा किये गये इस भावपूर्ण रक्षा सूत्र कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के द्वारा अधिकारियों एवं जवानों को राखियां बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई । मुख्यालय अधिकारियों एवं जवानों ने छात्राओ का मुह मीठा कराते हुए उन्हें स्नहे स्वरूप उपहार राशि भेट की । अधिकारियों द्वारा प्राचार्य की इस पहल की भूरि भूरि प्रशंसा की गई एवं आगामी वर्षो हेतु इस परंपरा को निभाते रहने के लिए भावभीनी अपील भी सेंट जेवियर्स परिवार से की गई।

**अमन चैन सुख समृद्धि व लंबी उम्र की कामना की**

# छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक समेत कार्यालय के पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

शहर के विभिन्न विद्यालय की छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को राखी बांधी और मिठाई खिलाई। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तैनात अधिकारियों, पुलिस कर्मियों को भी राखी बांधकर उन्हें भी मिठाई खिलाई। छात्राओं ने जिले में अमन चैन पुलिस कर्मियों के सुख समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की।

पुलिस अधीक्षक ने भी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें सतत प्रयासरत रहते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। रक्षाबंधन पर्व पर पुलिस शिक्षक कार्यालय पर सुबह ही काफी संख्या में शहर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय की छात्राएं भारी संख्या में जमा हो गई छात्राओं के हाथ में रोली चंदन से सजी हुई थाली और राखी थी। छात्राओं के साथ विद्यालय के



प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ भी मौजूद रहे। जब इस बात की जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा तक पहुंची तो उन्होंने तत्काल छात्राओं को राखी बांधने के लिए कार्यालय में सम्मान के साथ आमंत्रित किया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानजय सिंह समेत काफी संख्या में पुलिस जन मौजूद रहे छात्राओं ने पुलिस अधीक्षक को रोली चंदन का टीका लगाया राखी बांधी उनके लंबी उम्र की कामना की इसी के साथ कार्यालय में मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पुलिस कर्मियों को भी छात्राओं ने रोली चंदन का टीका लगाकर राखी बांधी उनके सुख समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की थोड़ी देर के लिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय रक्षाबंधन कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित रहा।

# सूना घर पाकर चोरों ने उड़ाए 18 लाख से अधिक के जेवर व पौने दो लाख से अधिक की नगदी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अन्तर्गत मोहल्ला रायपुरराजा केडिया हॉस्पिटल के सामने से चोरों ने सूना घर पाकर मकान मालिक व किरायेदार दोनो के घरों का ताला तोड़कर 18 लाख से अधिक मूल्य के जेवर तथा पौने दो लाख रूपये से अधिक की नगदी पर हाथ साफ किया। घटना की सूचना घर में पूजा करने वाली महिला ने पीड़ित को दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की प्राथमिकी दर्ज करने तथा चोरी गये माल की बरामदगी करने के साथ वांछित चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

पीड़ित अम्बुज सिंह ने बताया कि उनका घर मोहल्ला रायपुरराजा स्थित केडिया हॉस्पिटल के सामने है। 25 अगस्त की शाम वह अपने बेटे का एडमिशन कराने परिवार समेत दिल्ली गये थे। उस समय घर पर उनके किरायेदार आनन्द गुप्ता थे। 26 अगस्त को आनन्द गुप्ता अपने घर राबर्ट्सगंज चले गये। पीड़ित ने बताया कि जाते समय उन्होंने अपने घर काम करने वाली रीना को छुट्टी दे दी थी, जबकि एक परिचित महिला मीना को पूजा इत्यादि करने के लिए पूजा घर की चाभी दे दी थी। अन्य कमरों में ताले लगे थे। 29 अगस्त की सुबह मीना ने पड़ोसी के फोन से चोरी के घटना की सूचना दी। पीड़ित ने बहराइच आकर पता किया तो मालूम हुआ कि चोरों ने उनके तीन कमरों का ताला तोड़कर चोरों ने 28/29 अगस्त की रात सोने के 37 अदद जेवर वजन लगभग 344 ग्राम, चांदी के 29 सिक्के, 30 अदद चांदी के जेवर वजन लगभग 750 ग्राम तथा 1 लाख 35 हजार नगद चोरी कर लिये। इसके साथ ही किरायेदार आनन्द गुप्ता के कमरे में रखी लोहे की अलमारी से 42 हजार रूपये नगद निकालकर छत के रास्ते भाग गये। पीड़ित ने पुलिस को सूचित कर मामले की त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

# रोडवेज बस में तोड़फोड़, अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** जिला मुख्यालय स्थित रोडवेज बस स्टेशन से लखनऊ जा रही रोडवेज बस को आधा दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों ने रोक लिया। इन लोगों ने टेंपो को टक्कर मारने का उलाहना देते हुए बस में तोड़फोड़ शुरू कर दी। पुलिस ने बस परिचालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बहराइच रोडवेज बस स्टेशन से लखनऊ जा रही रोडवेज बस संख्या यूपी 78 एफटी 7135 सोमवार शाम को गजाधरपुर गांव के निकट पहुंची। तभी 6 से 7 की संख्या में अज्ञात लोग पहुंच गए। इसके बाद बस को घेरकर रोकवा लिया। सभी ने एक टेंपो को टक्कर मारने का उलाहना देते बस में तोड़फोड़ शुरू कर दी। बस में बैठी सवारियों ने साहस दिखाते हुए उपद्रवियों की इस हरकत का कड़ा विरोध किया। सवारियों के विरोधी तेवर को देखकर उपद्रवियों के हौसले पस्त हो गए और सभी मौके से चले गए। बस के परिचालक अभिषेक कुमार ने फखरपुर थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी।

# रक्षाबन्धन के उपलक्ष में 21 कन्याओं को मिला गिफ्ट, मिष्ठान व उपहार

**मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों से सीएम ने किया संवाद**

जन एक्सप्रेस । बहराइच

''बेटियां हैं घर की शान उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण पर पूरा ध्यान'' की थीम पर लोक भवन सभागार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निराश्रिम महिला पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाथार्थियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि का हस्तान्तरण किया तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना अन्तर्गत जनपद लखनऊ व बाराबंकी के लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें रक्षाबन्धन पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान लोकभवन सभागार में मौजूद कन्याओं ने मुख्यमंत्री को रक्षासूत्र बांधकर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बताया कि 2024-25 में कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को मिलने वाली धनराशि जो अभी 15 हजार रूपये है उसे बढ़ाकर 25 हजार रूपये करने पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है।

कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मा. मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मौजूद 21 कन्याओं को विधायक श्री वर्मा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व अन्य अधिकारियों के साथ उपहार स्वरूप स्कूल बैग, थर्मस, टिफिन बाक्स, चाकलेट व मिष्ठान का वितरण कर उन्हें रक्षाबन्धन पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में सम्मिलित बालिकाओं ने सभी अतिथियों व अधिकारियों को रक्षासूत्र बांध कर आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव पाण्डेय, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राएं, शिक्षण स्टाफ, अभिभावक तथा योजनाओं के लाभार्थी मौजूद रहे।

# डीएम ने तरेरी आँखें, कार्यालय छोड़कर भागा बाबू

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- मंगलवार शाम होम्योपैथिक कार्यालय में मौजूद मिला स्थानांतरित लिपिक
- जिला होम्योपैथिक अधिकारी की पड़ी फटकार
- डीएम ने सीएमओ से तलब किया लिपिक का ब्यौरा

जनपद से स्थानांतरित हो चुके स्वास्थ्य विभाग के लिपिक हीरेश सरन सक्सेना को अवैध रूप से जिला होम्योपैथिक अधिकारी द्वारा अपने कार्यालय में बैठाने पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। डीएम ने जिला होम्योपैथिक अधिकारी की कड़ी फटकार लगाई, जिसके बाद जिला होम्योपैथिक अधिकारी के इशारे पर लिपिक हीरेश सरन कमरा व आफिस बंद करके भाग गया।

### विभागीय पत्रावलियों पर लिपिक का कब्जा

इन सबके बावजूद जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा.राजीव शर्मा द्वारा अवैध रूप से हीरेश सरन सक्सेना को अपने कार्यालय में अवैध रूप से संरक्षण देकर शासन के आदेशों का मजाक बनाया जा रहा है। साथ ही जिला होम्योपैथिक अधिकारी ने गोपनीय सरकारी पत्रावलियां अवैध रूप से लिपिक को सौंप रखी हैं, जबकि लिपिक हीरेश का जिला होम्योपैथिक कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। लिपिक हीरेश स्वास्थ्य विभाग का कार्मिक है, जबकि होम्योपैथिक कार्यालय आयुष विभाग के अंतर्गत आता है।

### जिला होम्योपैथिक अधिकारी का दोहरा चरित्र उजागर

जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. राजीव शर्मा झूठ का पुलिंदा पेशकर दोहरा आचरण करने के आदी हैं। वह लिपिक हीरेश सरन के मामले से खुद का कोई संबंध होने से लगातार इंकार करते रहे हैं, दूसरी ओर लिपिक को अपने कार्यालय में बैठाकर उसे संरक्षण देते हैं व उसकी रखवाली भी करते हैं। निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए यह सिलसिला कई माह से चलता आ रहा है। मंगलवार को जिला होम्योपैथिक अधिकारी की पोल जिलाधिकारी समेत प्रदेश भर में खुल गई। खुद को सच्चाई व ईमानदारी की मूर्ति बताने वाला जिला होम्योपैथिक अधिकारी शासन के आदेशों पर पलीता लगाकर उच्चाधिकारियों को गुमराह कर रहा है।

फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। डीएम ने सीएमओ से स्थानांतरित लिपिक के संबंध में ब्यौरा तलब किया है। मंगलवार शाम करीब 5 बजे लिपिक हीरेश सरन सक्सेना जिला होम्योपैथिक अधिकारी के कार्यालय में बैठा था। मामले की जानकारी जिलाधिकारी को हुई, जिसके बाद उन्होंने स्थानांतरण संबंधी आदेश तलब किए। उन्होंने सीएमओ से पूरे मामले की जानकारी ली व जिला होम्योपैथिक अधिकारी को फोन कर कड़ी नाराजगी जाहिर की। डीएम ने जिला होम्योपैथिक अधिकारी डा. राजीव शर्मा को फटकारा, जिसके बाद जिला होम्योपैथिक अधिकारी ने फोन कर लिपिक हीरेश से कमरा व आफिस बंद करने को कहा। फोन आते ही भयभीत लिपिक आफिस से भाग निकला। दरअसल, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत तैनात लिपिक हीरेश सरन सक्सेना का स्थानांतरण बीते 30 जून 2022 को लखीमपुर खीरी किया गया था। लिपिक ने अब तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, जबकि सीएमओ डा. आलोक कुमार ने लिपिक हीरेश को 13 जुलाई 2022 को रिलीव कर दिया था। शासन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सचिव व निदेशक (प्रशासन) डा. राजागणपति आर ने कई बार आदेश जारी कर लिपिक को लखीमपुर खीरी में ज्वाइन करने के आदेश दिए। हाल ही में उच्च न्यायालय इलाहाबाद में लिपिक द्वारा योजित याचिका की सुनवाई करते हुए जस्टिस अजीत कुमार ने स्थानांतरण पर स्थगन आदेश देने से इंकार कर दिया, साथ ही अपने आदेश में कड़े शब्दों में टिप्पणी अंकित करते हुए कहा कि याचिका लंबित होने का मतलब स्थानांतरण पर रोक नहीं है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भाजपा महिला मोर्चा जौनपुर ने वाहन चालकों और सफाई कर्मियों को बांधी राखी, खिलाई मिठाई



जन एक्सप्रेस/जौनपुर। भाई-बहन के पवित्र रिश्ते के पर्व रक्षाबंधन को भाजपा महिला मोर्चा जौनपुर हर्षोल्लास के साथ मनाई भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रागिनी सिंह के नेतृत्व में महिला मोर्चा के पदाधिकारी ने ऑटो रिक्शा और सफाई कर्मियों के साथ रक्षाबंधन के त्योहार को मनाई। रागिनी सिंह ने कहा कि रक्षा बधन स्नेह यात्रा माननीय प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा व सासंद राज्य सभा गीता शाक्य के मार्ग दर्शन में चल रहे कार्यक्रम के अन्तर्गत आज सुबह टी डी कालेज जौनपुर के दक्षिणी गेट पर सफाई कर्मी भाइयों को और रिक्शा चालक भाइयों को राखी बांधकर शुभकामनाएं दी और मिठाई खिलाकर उनके साथ इस पावन पर्व पर इस मोर्चा और समूह की बहनो द्वारा मनाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से वो लोग जो पारिवारिक दायित्वों को लेकर घर से दूर रहते है और रक्षा बंधन के त्योहार में अपने बहनों के बीच नही पहुंच पाते उन सभी को राखी बांधकर और मिठाई खिला कर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई और उनकी हौसलों की आफजाही की गई। इस अवसर पर हमारे महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष राखी सिंह, मंडल दक्षिणी की मंडल अध्यक्ष सीमा तिवारी और समूह की बहनों में उषा मौर्य, शकुंतला, नीलम और सुमन विश्वकर्मा की उपस्थिति रही।

### पल्सर सवार युवक की सड़क दुर्घटना में मौत

जन एक्सप्रेस/वाराणसी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक रितेश सिंह उर्फ चंदन उम्र 30 वर्ष निवासी रामगढ़ मोहनिया बिहार पल्सर से अपने एक और साथी के साथ मोहनसराय से कैंट की तरफ जा रहे थे रात्रि लगभग 12 बजे के आसपास जगतपुर पीजी कॉलेज के पास जीटी रोड पर बीती रात 12 बजे के आसपास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों लोगगंभीर रूप से घायल हुए जिसे मोहन सराय पुलिस चौकी इंचार्ज हरिकेश सिंह ने पहुंचकर इनको गंभीर अवस्था में बीएचयू के ट्रामा सेंटर भिजवाया जहां पर चंदन की मौत हो गई और उनके साथी का इलाज चल रहा है परिजनों के मुताबिक सीमेंट और खाद के बड़े व्यवसाय थे किसी मीटिंग के दौरान बनारस में सिगरा थाना क्षेत्र की जानकी होटल में ठहरे हुए थे हर भाइयों में सबसे छोटे थे पिता सुरेंद्र सिंह सहित परिजन बीएचयू के ट्रामा सेंटर पहुंच गए।

### राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन



जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। बुधवार को रक्षाबंधन के पावन पर्व पर अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मे राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा षष्ठ से कक्षा द्वादश तक की लगभग पचास छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तत्पश्चात रक्षाबंधन पीआरवी भी मनाया गया भाई बहन के पावन संबंधो को लेकर सुंदर सुंदर गीत सुनाये गए सांस्कृतिक पर्व रक्षा बंधन की ऐतिहासिकता बताते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने वर्तमान समय मे राखी पर्व के महत्व को बताया और शुभकामनाएँ दी प्रतियोगिता मे कक्षा षष्ठ से द्वादश छात्राओं ने प्रतिभाग किया जिसमें पल्लवी, सिद्धि पांडे, रिद्धिमा सिंह, अंशी, अवनी रस्तोगी ,गौरी अग्निहोत्री, श्रेया वर्मा, प्राची शर्मा, साक्षी गंगवार, दिव्यांशी विश्वकर्मा ,रिया सक्सेना, इशिका राठौर, आदिति पांडे ,कशिश, शिप्रा, अंबिका सिंह, झनक साक्षी मौर्य आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन अनीता दीक्षित ने किया व निर्णायिका निधि शर्मा रही समस्त कार्यक्रम में पूरे विद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता रही।



### कलम बंद हड़ताल पर रहे आज जनपद के अधिवक्ता

जन एक्सप्रेस/पीलीभीत। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के आवाहन पर जनपद के अधिवक्ता आज कलम बंद हड़ताल पर रहे। अदालती कामकाज ठप रहा। आज जिला जजी में अवकाश था ।कलेक्ट्रेट के राजस्व अदालतो में कोई भी काम नहीं हुआ। अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट में हापुड़ पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं की हड़ताल 31 अगस्त 2023 को भी रहेगी। इस अवसर पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रएडवोकेट, सचिनवआनंद मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष किशनलाल, वरिष्ठ अधिवक्ता राम सिंह गंगवार, चोखेलाल वर्मा ,कुलदीप अवस्थी ,जयप्रकाश वर्मा, गिरीश चंद्र शर्मा, सैयद हैदर जाफरी, वीरेंद्र कुमार सक्सेना, आदि थे।







# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में राखी मेकिंग कंपटीशन में छात्र-छात्राओं ने दिखाई अपनी प्रतिभा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में राखी मेकिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राखी बनाने के लिए विद्यार्थियों ने वेस्ट मटेरियल का उपयोग किया। घर में रखी चीजों से उन्होंने सुंदर-सुंदर राखियां बनाई। मोती, रेशमी धागे, कार्डबोर्ड, लेस, रिबन,शीशे,थर्माकोल बॉल इत्यादि की मदद से आकर्षक राखियां सजाकर सभी का दिल जीत लिया। राखी मेकिंग कंपटीशन में कक्षा एक में रुशिता सिंह, आव्या राना और अनिरुद्ध ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दो में तनुष्का ,प्रज्ञा,श्रेयांश,अभिनव और दित्या ,दर्शिका ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन में श्रेयश ,अवनी केशव ,लक्षिता ,अक्षिता, एकमजीत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार में दिव्यांशी सृष्टि ने प्रथम अनुज्ञा, आराध्या ने द्वितीय और नैतिक ,अनु गंगवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांच में श्रीशअग्रवाल , सांगवी राणा प्रथम, बिप्लब,अन्नया द्वितीय, लक्षिता राणा, सात्विक कुमार तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छह में अंबिका ने प्रथम लतिका द्वितीय और आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात में रिया गौतम वैष्णवी भारती और अराध्या राय ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठ में मानवी गंगवार प्रथम स्थान पर श्रेया श्रीवास्तव द्वितीय स्थान पर और वैभवी सक्सेना तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने रक्षाबंधन के त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया और इस त्योहार को मनाने की पौराणिक कथा के विषय में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनकी बनाई गई आकर्षक राखियों की सराहना की। उन्होंने राखी मेकिंग कंपटीशन में विजयी बच्चों को बधाई दी।

## हापुड़ में महिला अधिवक्ता के साथ मारपीट का विरोध कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग
- घायल अधिवक्ताओं को दी जाए आर्थिक सहायता

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** हापुड़ में पुलिस द्वारा महिला अधिवक्ता के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने लाठी चार्ज की जिससे कई अधिवक्ता घायल हो गए। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर घटना की निंदा की।दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। हापुड़ में महिला अधिवक्ता से मारपीट के विरोध में बुधवार दोपहर सैकड़ो अधिवक्ता तहसील पहुंचे। अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में घटना की निंदा कर जमकर नारेबाजी की। दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। दिए गए ज्ञापन में बताया कि महिला अधिवक्ता कम निपटाकर वापस लौट रही थी। बाइक सवार पुलिसकर्मी ने पीछे से टक्कर मार दी। पुलिस ने महिला अधिवक्ता के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया। महिला अधिवक्ता की ओर से दी गई तहरीर के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की। काम निपटाकर लौट रही महिला अधिवक्ता व अन्य अधिवक्ताओं पर पुलिस ने जमकर लाठीचार्ज कर मारपीट की। पुलिस के लाठी चार्ज में कई अधिवक्ता घायल हो गए। घटना के बाद से बार संगठन व अधिवक्ताओं में गहरा रोष व्याप्त है। तहसील पहुंचे अधिवक्ताओं ने घटना की घोर निंदा की।अधिवक्ताओं ने नारेबाजी कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सक्सेना, आलोक शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय विश्वास महामंत्री, मोहित कुमार सक्सेना, हरिओम कुशवाहा, प्रदीप कुमार सक्सेना, इफ्तिखार खां, शिवराम, नईम खां, अजीब मिश्रा, नाजिम आदि लोग शामिल रहे।

## प्रयागराज में दरोगा के बेटे को गोली मारकर मौत के घाट उतारा

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

- गंगानगर के थरवई क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई घटना

गंगानगर के थरवई थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इलाके में हड़कंप मच गया।40 नंबर गोमती के पास प्राइवेट क्लीनिक में घटना बुधवार को सुबह हुई। क्लीनिक संचालक पर गोली मारने का आरोप है। घटना के बाद से ही क्लीनिक संचालक मौके से फरार बताया जा रहा है। मारे गए युवक का नाम पंकज यादव है। पुलिस के अनुसार थरवई थाना क्षेत्र के सराय चंडी स्थित कोरारी हसनपुर गांव निवासी बद्री प्रसाद यादव का पुत्र पंकज यादव (27) चालीस नंबर गोमती के पास नई बस्ती में मकान बनवा रहा था। मकान के समीप ही जन कल्याण चिकित्सालय नाम से प्राइवेट क्लीनिक है। बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह मामूली कहासुनी होने के बाद घटना हुई। क्लीनिक संचालक मौके से बाइक लेकर भाग निकला। घटना की सूचना मिलने के बाद थरवई और फाफामऊ थाने की पुलिस घटनास्थल पहुंची। युवक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पंकज यादव दो भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। पंकज यादव के पिता बद्री प्रसाद यादव वाराणसी में दरोगा पद पर तैनात हैं।

> “चालीस नंबर गोमती के पास पंकज यादव नामक युवक को गोली मारने की जानकारी मिली है। मौके पर पुलिस गई है। अभी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। जांच की जा रही है।
> **-जंग बहादुर यादव**
> एसीपी थरवई

## बहनों ने बांधे रक्षासूत्र, भाइयों ने दोहराया रक्षा का संकल्प



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

रक्षाबंधन पूरे जनपद में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उत्साहित बहनों ने भाइयों के कलाई में रक्षासूत्र बांधा। भाइयों ने रक्षा का संकल्प दोहराया। इसी क्रम में कई जगह आयोजन भी किए गए। गंगा तट पर बड़ी संख्या में श्रावणी उपाकर्म किए भी किए गए। फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने कन्या सुमंगला योजना के 25 लाभार्थी बालिकाओं से रक्षा सूत्र बंधवाकर बालिकाओं को प्रमाण पत्र व उपहार दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से धनराज से प्रेषित करने वाले कार्यक्रम का भी सजीव प्रसारण निक कच्छ में किया गया। जिला प्रोफेसर अधिकारी सर्वजीत सिंह संरक्षण अधिकारी ज्योत्सना त्रिपाठी जिला प्रोबेशन कार्यालय के कर्मचारी समेत अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### आशुतोष मेमोरियल में स्कूली बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

धनैचा- मलखानपुर स्थित आशुतोष मेमोरियल स्कूल में बच्चों ने भाई बहन के स्नेह का प्रतीक,राखी का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यापक- अध्यापिकाओं के निर्देशन में नन्हें मुन्ने बच्चों ने अपने हाथ से रंग बिरंगी राखियां बनायी और फिर अपने सहपाठी भाइयों के हाथ में बांधा। बड़ी कक्षाओं की छात्राओं ने अपने सहपाठी भाइयों की कलाई पर मनमोहक राखियां बांधी और बदले में भाइयों ने उन्हें स्नेह स्वरूप उपहार दिया। विद्यालय के प्रांगण में छात्र - छात्राएं पंक्तिबद्ध बैठे और बहनों ने अपनी अपनी राखी अपने सामने रख भाइयों को तिलक लगाया और फ़िर राखी बांधी वह छटा अत्यंत मनमोहक रही। सभी सहपाठी भाइयों ने अपनी सहपाठी बहनों को उपहार दिया।

## अमरिया बार एसोसिएशन ने हापुड़ घटना पर उपजिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**अमरिया।** तहसील अमरिया में अमरिया बार एसोसिएशन द्वारा उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह को हापुड में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज को लेकर अधिवक्ताओं ने एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम दिया गया। जिसमे पुलिस के खिलाफ कार्यवाही तथा घायलों के उचित मुआवजा देने की अपील की है तथा शीघ्र ही पुलिस कर्मियों को बरखास्त कर घायलो को मुआवजा देने की बात कही है हापुड़ में मंगलबार को पुलिस व अधिवक्ताओं के बीच झड़प हो गयी थी जिसको लेकर पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कर दिया जिससे दर्जनों भर अधिवक्ताओं के गंभीर चोटे आई अमरिया तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा इसको लेकर गहरी नाराजगी देखी गयी । जिसमे पुलिस के खिलाफ कार्यवाही तथा घायलों के उचित मुआवजा देने की अपील की है ज्ञापन देने में अधिवक्ता अध्यक्ष सुंदर लाल चतुर्वेदी हबीब खां एडवोकेट इलयास खां एडवोकेट तनवीर अंसारी एडवोकेट निरंजन पाल एडवोकेट बसीम मलिक नदीम मलिक हसनैन मलिक तस्लीम हुसैन छत्रपाल एडवोकेट अनिल कुमार एडवोकेट महीपाल पाल गंगवार एडवोकेट शान्ति स्वरूप गंगवार एडवोकेट एम एम मदार एडवोकेट निजामुद्दीन एडवोकेट धर्मवीर एडवोकेट गुलाबुल हसन आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### सपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन देकर पुलों की मरम्मत कराए जाने की उठाई मांग

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** तहसील बीसलपुर से दियोरिया मार्ग से जुड़ने वाला मार्ग गढ़ों में तब्दील हो गया है पुल की दोनों साइड बैठ गई है जिससे कोई भी बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता जिसको देखते हुए सपा कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर मार्ग वपुलो की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। बीसलपुर से रामलीला होते हुए दियोरिया मार्ग से ए मार्ग जुड़ता है इस मार्ग पर गुजरौला ढकिया रंजीत में माला नदी पर दो पुल बने हुए हैं जिनकी दोनों साइड बैठ चुकी हैं कोई भी बड़ा वहान निकलने पर हादसा हो सकता है यही मार्ग गझाड़ा तक गया हुआ है मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं जिसकी शिकायत पीडब्ल्यूडी विभाग से कई बार की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिसको देखते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व सपा लोहिया वाहिनी अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए कार्यकर्ताओं ने पीडब्ल्यूडी विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा उपजिला अधिकारी को ज्ञापन देकर मरम्मत कराए जाने की मांग की प्रदर्शन करने वालों में विधानसभा अध्यक्ष शैलेश शर्मा भानु यादव राम सिंह गंगवार लाजपत गंगवार भगवत शरण मदनलाल अभिषेक मुकेश कुमार कृष्ण पाल अनोखेलाल रामपाल अशोक कुमार सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे।

# देश के महान क्रांतिवीरों की गाथा सुनायेंगे वंशज

जन एक्सप्रेस । वाराणसी




आओ झुककर सलाम करें उनको, जिनके हिस्से में यह मुकाम आता है। खुशनसीब होता है वह खून जो देश के काम आता है। महान क्रांतिकारियों और उनके परिजनों को सैल्यूट करने का यादगार अवसर होगा काशी वैश्विक गौरव सम्मान समारोह। महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वीं जयंती को समर्पित इस समारोह का आयोजन तीन सितम्बर को नदेसर स्थित होटल ताज गैंगेज के दरबार हाल में अपराह्न तीन बजे से किया गया है। महर्षि दयानंद के लगभग सभी शिष्य आजादी के नायक थे। समारोह में देश के उन्हीं सच्चे नायकों को स्मरण व नमन करने के साथ ही उनके वंशजों का सम्मान किया जायेगा। मुंबई निवासी अलगोल फिल्म्स के एमडी अजय जायसवाल (मूल जनपद वाराणसी), इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के आमंत्रित सदस्य नीरज पारिख, भारत विकास परिषद के नमीत पारिख, रक्षामंत्रालय में कार्यरत अजय सहगल ने आयोजन के बारे में संयुक्त रूप से बताया कि देश आजादी का अमृत महोत्सव भले मना रहा है, लेकिन यह आजादी हमें यूं ही नहीं मिली। इसके लिए न जाने कितने फांसी के फंदे पर झूले थे और न जाने कितनों ने गोली खाई थी। तब जाकर हमने यह आजादी पाई थी। देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का जिन्होंने मां भारती को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। ऐसे महानायकों की गाथा खुद उनके वशंज काशी वैश्विक गौरव सम्मान समारोह के दौरान बयां करेंगे। शहीद-ए-आजम भगत सिंह के भतीजे किरनजीत, अशफाक उल्ला खान के प्रपौत्र अशफाक, राजगुरु के पौत्र सत्यशील, शहीद ठाकुर रोशन सिंह के पौत्र प्रियांशु, स्वराज हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है का नारा देने वाले लोकमान्य गंगाधर तिलक के प्रपौत्र शैलेष, दुर्गा भाभी के प्रपौत्र श्री जगदीश, योगेश राव अरुण राव झांसी की रानी महान वीरांगना लक्ष्मीबाई की छठवीं पीढ़ी से, शहीद मंगल पांडे की चौथी पीढ़ी से रघुनाथ पांडेय, सुखदेव के प्रपौत्र अनुज थापर, राम प्रसाद बिस्मिल के भतीजे राजबहादुर को सम्मानित कर %काशी वैश्विक गौरव सम्मान÷ खुद को गौरान्वित करेगा। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज तिवारी-सांसद, विशिष्ट अतिथि रवींद्र जायसवाल-राज्यमंत्री एवम् अशोक तिवारी- महापौर होंगे।

# मानवी मिश्र व स्नेहा ग्रुप ने मारी बाजी

- मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय खानापट्टी मे आयोजित हुआ मेहंदी रचाओ, राखी बनाओ प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




छात्राओं में छिपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय खानापट्टी में बुधवार को मेहंदी रचाओ व राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता मे मानवी मिश्रा ने तो राखी बनाओ प्रतियोगिता मे स्नेहा ग्रुप ने बाजी मारी। मेंहदी प्रतियोगिता मे अरेबियन व दुल्हन डिजाइन की धूम रही। मेहंदी प्रतियोगिता मे सत्तर छात्राओ की जोड़ी ने भाग लिया। सहयोगी छात्राओ के हाथों पर एक से बढ़कर एक डिजाइन बनाकर भावविभोर कर दिया। प्रतियोगिता मे रौनक़ परवीन दूसरे, गुंजा मौर्या तीसरे, मुस्कान यादव चौथे व श्रेया यादव पांचवे स्थान पर रही। छात्राओं द्वारा सहयोगी छात्राओं के हाथों पर बनाए गए डिजाइन को अभिभावकों ने भी सराहा। राखी बनाओ प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जानवी ग्रुप दूसरे, अनन्या ग्रुप तीसरे, सत्यम विश्वकर्मा चौथे व अंशिका उपाध्याय ग्रुप पांचवाँ स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक जगदीश नारायण सिंह व प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य शरद कुमार सिंह ने आभार जताया। निर्णायको मे कविता सिंह, रामचंद्र सिंह, अर्चना सिंह, दामिनी सिंह प्रमुख थी। इस अवसर पर रामचंद्र सिंह, सुशील कुमार सिंह, श्रवण यादव, दिलीप सिंह, अजय जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, राहुल यादव, सौरभ सिंह, प्रवीण सिंह, विवेक मिश्र, कार्तिकेय प्रजापति, अतुल गौड़, अंजनी उपाध्याय, जितेंद्र सिंह, यशवंत यादव ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# 6 वर्ष की अलंकृति ने विधायक सांगा को राखी बांध गिफ्ट में मांगी बिजली

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर








बिठूर विधानसभा के विधायक अभिजीत सिंह सांगा को 6 साल की मासूम ने राखी बांधकर गिफ्ट के रूप में गांव की विकास के लिए बिजली की मांग की है। मासूम ने विधायक से कहा कि उसके घर में बिजली न आने की वजह से हम कई सालों से अंधेरे में रह रहे हैं आप हमारे गांव में बिजली लाकर हमारे गांव का विकास कर दीजिए। बीते दिन बुधवार को बघारा तहसील नरवल की रहने वाली 6 साल की मासूम अलंकृति उर्फ मिष्ठी बिठूर विधायक को राखी बांधने उनके आवाज पर पहुंची। यहां पर पहुंचकर सर्वप्रथम मासूम ने बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा को राखी बांधी। उन्हें बताया की जहां वह रह रही है वहां पर लाइट नहीं आती है। उसने बिठूर विधायक से गिफ्ट के तौर पर गांव में लाइट मांगी है ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। जिसके बाद बिठूर विधानसभा के विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने मासूम से प्रॉमिस किया कि जल्द ही वे बिजली समस्या को दूर करेंगे। विधायक अभिजीत सांगा ने बताया कि बिधनू थाना क्षेत्र के बघारा गांव उनकी विधानसभा में नहीं आता हैं बघारा गांव महाराजपुर विधानसभा में आता है बघारा में नई प्लाटिंग हुई है। प्लाटिंग करने वालों ने बिजली कनेक्शन वहां नहीं दिए हैं जो लोग वहां प्लाटिंग कर रहे हैं वह उनसे बात करेंगे और गांव में जल्द बिजली की समस्या को दूर करेंगे। उन्होंने अभी बताया कि महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का विधान सभा क्षेत्र है। मैं उनसे बात करके जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाएंगे। साथ ही साथ उन्होंने मासूम के पिता यश अस्थान से प्लाटिंग मलिक के खिलाफ प्रार्थना पत्र देने के लिए कहा है। विधायक ने यह अभी कहां की क्षेत्र में कई ऐसे बिल्डर हैं जो बिना लेआउट के प्लाटिंग कर रहे हैं और गरीब जनता उनके झांसे में फस जाती है। एसे बिल्डरों के खिलाफ वह जल्दी जिलाधिकारी से मिलकर कार्यवाही करेंगे।

## पानी घटते ही प्रशासन ने मुंह मोड़ा, गरीब कर रहे मदद का इंतजार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर एक सप्ताह से बह रहा है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों मकान जलमग्न हैं, खुले आसमान के नीचे सैकड़ों लोग रहने को मजबूर हैं। जिला प्रशासन की ओर से ऐसे लोगों को अभी तक मदद नहीं पहुचाई गई हैं। सैकड़ों लोग प्रशासन से राहत की आस लगाए बैठे हुए हैं। पानी घटते ही प्रशासन ने मुंह मोड़ लिया है। गंगा का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से तीन सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। अभी भी चंपापुरवा, मनसुख खेड़ा, तेजी पुरवा, गोताखोर, राजीव नगर, भातू फार्म, गायत्री नगर, नई बस्ती, आजाद नगर, श्री नगर, रविदास नगर, आलम नगर, अखलॉक नगर, रतीराम पुरवा के सैकड़ों मकान जलमग्न हैं। लोग सड़क के किनारे झोपड़ी और तिरपाल डाल कर खुले आसमान के नीचे रात गुजार रहे हैं। प्रशासन उन्हें राहत तक नहीं दे सका है। इधर जलस्तर घटने लगा है तो प्रशासन ने मान लिया है कि अब बाढ़ नहीं है। जिससे राहत सामग्री बांटने का इरादा टाल दिया गया है। वहीं प्रशासन ने बाढ़ राहत शिविर में रूकने वालों का ही राहत सामग्री दी है।

## जिले के 2730 जरूरतमंदों को जल्द ही मिलेगी अपनी छत

* केंद्र व राज्य की आवास योजना के लिए जिले को मिला लक्ष्य

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

केंद्र व राज्य सरकार की आवास योजना के तहत कच्चे मकानों में जीवन यापन करने वाले 2730 जरूरतमंद परिवारों को अपनी छत मिलने का रास्ता साफ हुआ है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 565 तो मुख्यमंत्री आवास योजना के 2165 आवासां का लक्ष्य जिले को मिला है। आवास हीन गरीबों को अपनी छत मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना चलाई थी। इस योजना में 40 हजार की तीन किश्तों में चयनित लाभार्थी को 1.20 लाख रुपये दिए जाते हैं। इस योजना में लाभार्थी मनरेगा योजना के तहत 90 दिन की मजदूरी और शौचालय की धनराशी अलग से दी जाती है। वर्ष 2016-17 में जनगणना से अलग दूसरा सर्वे कराकर पात्रों की आवास प्लस सूची तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। जिसमें जिले के 12088 पात्रों का चयन हुआ था। वर्ष 2022-23 में इनमें से 11373 पात्र जरूरतमंदों को लाभांवित किया जा चुका है। शेष बचे 715 में 565 लाभार्थियों को इस साल मिले लक्ष्य में आवास दिया जाएगा। बाकी बचे 150 पात्रों को भी जल्द योजना से लाभांवित किए जाने की उम्मीद की जा रही है। केंद्र की योजना की तर्ज पर प्रदेश की योगी सरकार भी मुख्यमंत्री आवास योजना चला रही है। जिससे प्राकृतिक आपदा, दिव्यांग, कुष्ठ रोगी, नट बिरादरी के जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर पक्की छत सुलभ कराई जाती है। मुख्यमंत्री आवास योजना में इस बार 2165 आवासों का लक्ष्य मिला है। जिसमें 451 दैवीय आपदा के, 1728 दिव्यांग, आठ कुष्ठ रोगी व शेष नट बिरादरी के लाभार्थियों शामिल है। लाभार्थियों को योजना से लाभांवित कराने के लिए सर्वे शुरू करा दिया गया है। पीडी डीआरडीए कमलेश कुमार ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योजना के तहत कुल 2730 आवासों का आवंटन किया जाना है। पात्रों की जांच का काम पूरा हो चुका है। जल्द ही खातों में आवास योजना की पहली किश्त भेज दी जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कुएं पर लेटा युवक करवट लेने में अंदर गिरा, मौत

**मौरावां कस्बे के चौधरिन टोला में बुधवार सुबह हुई घटना**

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** थाना व कस्बा मौरावां के चौधरिन टोला में बुधवार सुबह कुएं की जगत पर बैठा युवक अंदर चला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से उसे कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौरावां चौधरिन टोला निवासी श्रीश (30) मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। सुबह वह गांव स्थित कुएं की जगत पर लेटा था। नींद में करवट लेते समय वह कुएं के अंदर चला गया। उसके कुएं में गिरने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े। उधर घटना की जानकारी पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। ग्रामीणों और पुलिस के संयुक्त प्रयासों से कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला जा सका। आनन फानन उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा रामू के मुताबिक श्रीश की शादी हुई थी लेकिन पत्नी उसे छोड़ कर चली गयी थी। उसकी मौत पर मां निर्मला, भाईयों सर्वेश, अमरेंद्र व वीरेंद्र और बहन आरती का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। एसओ भवन कुमार मौर्य ने बताया कि कुएं में गिरने से युवक की मौत हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

### शहर के घर के बाहर खड़ी कार उठा ले गए चोर

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र में वाहन चोरों का आतंक कायम है। बीती रात आदर्श नगर मोहल्ले में खड़ी एक कार चोरों ने पार कर दी। सुबह जागने पर चालक ने कार गायब देखी तो उसके होश उड़ गए। उसने तत्काल मामले की जानकारी गाड़ी मालिक को दी। मोटर मालिक ने घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। सदर कोवताली के मगरवारा गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र इंद्रबहादुर सिंह ने कोवताली पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि उसके पास मारुती कंपनी की ईको कार है। जिसे सदर कोतवाली के मोहल्ला आदर्श नगर निवासी गौरव शुक्ला चलाता है। वह कार अपने ही घर पर खड़ी करता था। बीती रात भी कार उसी के घर पर खड़ी थी। जिसे देर रात चोर उठा ले गए। सुबह जागने पर गाड़ी गायब देख चालक ने उसे फोन कर घटना की जानकारी दी। काफी खोजबीन के बाद भी कार का कोई पता न चलने पर उसने कोतवाली पहुंच कर घटना की तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### विकास कार्य को लेकर सभासदों ने किया जमकर हंगामा

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** पालिका क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों को लेकर पालिका में बोर्ड बैठक होनी थी लेकिन दो बार से मौखिक रूप से पालिका की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया। इधर क्षेत्रीय लोग अपने सभासदों से छोटे-मोटे कार्य के लिये पहुंचे लेकिन सभासद असमर्थ दिखे। कार्य न करा पाने से आहत सभासदों का बुधवार दोपहर सभासद अभिषेक द्विवेदी, योगेश मिश्रा, अभिषेक शुक्ला, फुरकान, रोहित कटारिया, अशोक सविता, अखिलेश निषाद व सभासद प्रतिनिधि पालिका पहुंचे। जहां सभी ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष कार्यालय में तोड़ फोड़ शुरू कर दी। मौजूद ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने समझाने का प्रयास किया। इसके बावजूद कोई नहीं माना और पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे को बुलाने की मांग करते रहे। जिसके बाद अध्यक्ष मौके पर पहुंची। जहां उन्होंने 4 सितंबर बोर्ड बैठक बुलाने का पत्र सौंपा। जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। वहीं सभासदों ने तमाम आरोप भी लगाये हैं।

### कानपुर के ट्रांसपोर्टर से बदमाशों ने की मोबाइल लूट

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** आजाद नगर नई बस्ती निवासी अशोक दीक्षित कानपुर में ट्रांसपोर्ट कर्मचारी हैं वह शाम करीब साढ़े सात बजे कानपुर कैनाल रोड स्थित अपने ऑफिस जा रहे थे तभी नवीन पुल के पास बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीन लिया शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े लेकिन बदमाश भाग निकले पीड़ित ने घटना की जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है।

### नगर में सजी राखी की दुकानें, बढ़े हैं रेट

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए राजधानी मार्ग, पोनी रोड, चंपापुरवा, सुभाष नगर, कंचन नगर, ऋषि नगर, श्री नगर, बृह्म नगर समेत तमाम स्थानों पर राखियों की दुकानें सजी हुई हैं। लेकिन इस बार राखियों के दामों में हुई बढ़ोत्तरी के चलते बहनों को इस बार अधिक रुपये खर्च करने पड़ेगें। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार राखी के दामों में पंद्रह से बीस रुपये तक की बढ़ोत्तरी हुई है। पिछले वर्ष जहां राखी दस रुपये से शुरूआत होती थीं। वहीं इस बार राखी के दाम 20 रुपये से शुरूआत हो रही है। वहीं जरकन, लुम्बे, फैंसी धागे एवं डिजाइनर राखियों की भी मांग अधिक है। राखी विक्रेता अजय गुप्ता, सोनू, आसू आदि ने बताया कि अच्छी राखी तीस रुपये से लेकर डेढ़ सौ रुपये तक बिक रही हैं।

## धूमधाम से मनायी गयी बाबू भगवती चरण वर्मा की 120वीं जयंती

* अर्चना परिषद के तत्वाधान में हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



सफीपुर में अर्चना परिषद के तत्वाधान में बाबू भगवती चरण वर्मा की 120 वीं जयंती बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाई गई। जहां पर चेयरमैन पति सौरभ बाजपेई 'राजा बेटा' ने मां सरस्वती मां एवं बाबू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि बाबू जी की रचनाएं युगीन विसंगतियों पर मार्मिक प्रहार करते हुए नवयुग के सृजन की दिशा में आगे बढ़ने को प्रेरित करती हैं। सफीपुर कस्बे में 30 अगस्त 1903 में जन्मे उपन्यास सम्राट बाबू भगवती चरण वर्मा को हिदी साहित्य क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। बाबू जी की जयंती के अवसर पर अर्चना परिषद द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन दिवाकर द्विवेदी पूर्व प्रवक्ता महात्मा गांधी इंटर कॉलेज ने किया। सफीपुर के साहित्य प्रेमियों ने उनकी स्मृति में अर्चना परिषद गठित करने के बाद उनके नाम से पार्क का निर्माण कराया है। इस दौरान प्रमुख रूप से सुरेंद्र नाथ पाण्डेय, पुष्पा देवी गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता किरन, वरिष्ठ समाजसेवी नागेंद्र सिंह सेंगर, शिवबालक सिंह, सर्वेश कुमार गुप्ता, मंजू सिंह चौहान, व्यापार मंडल अध्यक्ष उत्तम निषाद, वीरेंद्र मिश्रा, सभासद बेंचेलाल गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

## कार से टकराई स्कूल वैन, तीन बच्चियां हुई चुटहिल

* पुलिस घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा कर कराया प्राथमिक उपचार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



स्कूली बच्चों को लेकर जा रही वैन कार से टकरा गई जिससे उसमे बैठे तीन बच्चों को मामूली चोटें आ गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को हटवा कर घायल बच्चों का प्राथमिक उपचार कराया जिसके बाद उन्हें घर भेज दिया गया। कानपुर लखनऊ राज मार्ग के आजाद मार्ग चौराहे पर बुधवार सुबह बन्थर स्थित एक निजी स्कूल की वैन जालिमखेड़ा से बच्चों को लेकर स्कूल की ओर आ रही थी। जैसे ही आजाद मार्ग चौराहे को पार करने की कोशिश की तभी कानपुर की ओर जा रही एक कार से टकरा गई। अचानक लगे धक्के से वैन में बैठी कक्षा 1 की छात्राएं जालिमखेड़ा निवासी शगुन, कौशिकी व शिल्पा आपस में टकरा गई जिससे उन्हें मामूली चोटे आयी। जबकि कार चला रही कानपुर नौबस्ता निवासी एडवोकेट सौम्या चतुर्वेदी को भी मामूली चोट आई। सूचना पर बदरका चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनो वाहनों को अलग किया और घायलों को प्रारंभिक उपचार के बाद घर भिजवा दिया।

## बिल्हौर कस्बे में रोडवेज बसें नदारत, प्राइवेट वाहनों ने 70 रू से 100 रू प्रति सवारी भाड़ा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



तहसील क्षेत्र में रक्षाबंधन के मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शासनादेश जारी हुआ कि 29 तारीख की रात से लेकर 31 तारीख रात तक रोडवेज बसों के संचालन में महिलाएं मुफ्त में यात्रा कर सकेंगी। लेकिन 30 तारीख को रक्षाबंधन के लिए अपने भाइयों को राखी बांधने के लिए रोड पर खड़ी रही कस्बे में महिलाएं। लेकिन बसें एन एच 34 से बाईपास होकर के ही निकलती नजर आई जिसके चलते परेशान होकर महिलाओं ने प्राइवेट वाहन मारुति वैन आदि का सहारा लिया जो प्रतिदिन रू50 प्रति सवारी बिल्हौर से कल्याणपुर तक लेते थे आज उन्होंने 70 रू से 100 रू तक लेकर सवारियों को लेकर गए हैं। वहीं पर रेलवे स्टेशन पर भी ट्रेनों में इतनी भीड़ थी यात्री चढ़ ना सके और प्राइवेट वाहनों से गए अपने गंतव्य स्थान को वहीं पर प्राइवेट वाहनों को अआडा तिरछा लगाने पर जीटी रोड पर जाम की स्थिति बनी रही भारी भरकम भीड़ के चलते रोडवेज बसों का संचालन ठीक नहीं रहा ना उनकी संख्या बढ़ाई नहीं गई थी। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं सुबह से लेकर दोपहर तक रोडवेज बसों का इंतजार करती रही थक हार कर प्राइवेट वाहनों से अपने गंतव्य स्थान को गई।

## हसनगंज में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष का हुआ स्वागत




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला शाखा ने हसनगंज तहसील मुख्यालय पर कार्यक्रम आयोजित कर सहकारी बैंक के जिला अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान अध्यक्ष ने सभी के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करने का आश्वासन दिया। संघ के प्रांतीय महामंत्री अशोक कुमार अवस्थी के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष संदीप दीक्षित व उनके तहसील स्तरीय सहयोगी सचिवों ने जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह का स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ज्ञानेंद्र सिंह, नवाबगंज सहकारी संघ के अध्यक्ष एवम पीएससी के प्रतिनिधि एवं डीसीडीएफ़ के निदेशक बालेन्द्र प्रताप सिंह, संतोष सिंह, वीरपाल सिंह, शिवमोहन शर्मा, उदयभान सिंह आदि मौजूद रहें। विस्तृत चर्चा के दौरान अरुण सिंह ने सहकारिता परिवार के सचिवों शाखा प्रबंध को एवं एडीओ सहकारिता सम्मान समारोह के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा सहकारिता परिवार के प्रत्येक सदस्य के मान-सम्मान के लिए सदैव कंधे से कंधा मिलाकर उनके संघर्षों एवं हर सुख दुख में साथ रहूंगा। प्रत्येक समिति से अधिक से अधिक संख्या में सदस्यता बनाने का आवाहन करते कहा जिले में सर्वाधिक सदस्यता का कीर्तिमान स्थापित होना चाहिए।

## तीन दिन बाद मिला गंगा में डूबे उज्ज्वल का शव

* बिठूर के श्मशान घाट के पास मिला उज्जवल का शव, बहन आयुषी का रो-रो कर बुरा हाल
* बेटे के शव मिलने की खबर के बाद मां ज्योति दुबे और सगी बहन आयुषी अन्य रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



सावन के अंतिम सोमवार को गंगा में डूब रही बहन साक्षी को बचाने में गंगा में डूबे मंधना बहलोलपुर निवासी उज्ज्वल दुबे उम्र 13 वर्ष का शव बुधवार की शाम को 5:30 बजे बिठूर के शमशान घाट के पास बिठूर थाने की सर्च टीम को मिला है।

सूत्रों के मुताबिक उज्जवल का शव को ढूंढने के लिए बुधवार की सुबह 5:00 बजे से उज्ज्वल के पिता राजीव दुबे, और बिठूर थाने से कस्बा इंचार्ज धन सिंह एस आई पुष्पेंद्र सिंह, एस आई सुरेंद्र सिंह के अलावा पीएसी फ्लड की टीम दो नावों व स्टीमर से तलाश करने के लिए निकली थी। पहले तो उन्होंने बिठूर के सुंदर घाट से लेकर गंगा बैराज तक उज्जवल के शव को काफी तलाश किया। शाम के वक्त जब तलाश शुरू की तो बिठूर के श्मशान घाट के पास उज्जवल का शव उतरता हुआ मिला है। बेटे के शव मिलने की खबर के बाद मां ज्योति दुबे और सगी बहन आयुषी अन्य रिश्तेदारों का रो-रो कर बुरा हाल है वही आयुषी यह कहते हुए बार-बार बेहोश हो जा रही है कि मेरा भाई मुझे छोड़ कर चला गया अब मैं किसकी कलाई पर राखी बांधूंगी। वहीं साक्षी को सांस लेने में तकलीफ थोड़ी तकलीफ हो रही है बाकी डॉक्टर ने साक्षी को स्वस्थ बताया है। उधर बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शौक के मिलने के बाद शव का पंचायत मामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रक्षाबंधन त्योहार दो दिनों का होने पर मिठाइयों की दुकानों पर लगी भारी भीड़

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर तहसील क्षेत्र में रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन का जो साल में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है हर छोटे बड़े कस्बे में मिठाइयों की दुकानों पर भारी भरकम भीड़ लगी रही दोपहर के समय में मूसलाधार बारिश के बीच में कई दुकानदारों को भारी नुकसान का भी सामना करना पड़ा बाकोठी में टेंट लगाकर ही मिठाई की दुकान सजाई गई थी। मूसलाधार बारिश के बीच हवा के झोंकों में सारी मिठाई पानी में बह गई वहीं पर दुकानदार ने बताया कि दुकानदारी शुरू हुई थी कि एकाएक बारिश आई और सारा कुछ तहशनहश करकरे चली गई । हम बेबस होकर खड़े देखते रहे । बिल्हौर कस्बे में मदन हलवाई की दुकान में भीड़ कम नजर आई वहीं बनखंडेश्वर मंदिर स्थित मिठाई की दुकान और बेनी हलवाई की दुकानों पर भी भारी भीड़ दिखाई पड़ी वही रेलवे स्टेशन के समीप दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ रही है वहीं का कौन रोड पर प्रेम हवाई व राठौर हलवाई की दुकान पर भी खूब भीड़ रही दुकान मालिक ने बताया कि हम दुकान हमारी 2 वर्षों से चालू है लेकिन हम क्वालिटी से समझौता नहीं करते हैं जो 12 महीना मिठाई जो क्वालिटी देते हैं इस क्वालिटी के बल पर आज हमारे पास दुकानदारी ठीक होती है । रक्षाबंधन के मौके पर खाद्य विभाग के इंस्पेक्टर आदि बिल्हौर तहसील क्षेत्र में कहीं पर भी कोई छापेमारी करने तक नहीं आए जबकि बनावटी खोए से बनी मिठाईयां और अन्य किस्म के छेना मार्केट में धड़ल्ले से बिकते नजर आए दुकानदारों ने नाम न छापने पर बताया कि त्योहार से पहले ही एक कर्मचारी आया था सभी के यहां से मिठाई के डिब्बे ले गए थे और सुविधा शुल्क भी ले गए की जांच की रिपोर्ट आप लोगों को भेज दी जाएगी आखिरकार रामराज में कोई भी अधिकारी भी आना पसंद नहीं करता है केवल कागजों पर खाना पूरी करके रिपोर्ट देना पसंद करता है।

## भ्रस्टाचार की भेट चढ़ा इंदलपुर जुगराज गांव का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र





जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम इंदलपुर जुगराज में घटिया सामिग्री से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण किया जा रहा हैं। चौबेपुर विकास खण्ड अंतर्गत ग्रामपंचायत इंदलपुर जुगराज में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कार्य घटिया सामिग्री से किया जा रहा हैं जिसमे सीमेंट का तो सिर्फ नाम ही और रेत से पूरी इमारत खड़ी कर दी गईं हैं आलम यह हैं कि बानी हुई इमारत पर जहा हाथ रखो वही से प्लास्टर की पपड़ी गिर रही हैं वही ग्राम प्रधान अखिलेश कमल ने बताया कि निर्माण कार्य के समय पीली ईट का प्रयोग किया जा रहा था ज़ब उसने यह घटिया सामिग्री से निर्माण कार्य को बंद करने के लिए कहा तो ठेकेदार ने यह कहते हुए उसे वहा से हटा दिया कि यह तुम्हारी ग्रामपंचायत का कार्य नहीं हैं इसलिए तुम दूर रहो वही पूर्व ग्राम प्रधान व वरिष्ठ भाजपा नेता अभिषेक त्रिपाठी उर्फ़ बिट्टू ने बताया कि इमारत के निर्माण कार्य में मानक को दरकिनार कर दिया हैं अब सवाल यह उठता कि लाखो का टेंडर पास होने के बाद भी क्यों मिलावट कर स्वास्थ्य केंद्र बनाया जा रहा हैं यदि कभी इस इमारत के कारण को घटना घटित होती हैं तो उसका जिम्मेदार कौन होगा व इस भ्रस्टाचार को जिम्मेदार क्यों नहीं देख रहे हैं क्या किसी हादसे के होने का इंतजार हैं।


मिल्कोमोर
पशु आहार
अपने पशुओं को स्वस्थ बनाएं
मिल्कोमोर पशु आहार खिलाएं
आप सभी को
रक्षाबंधन
की हार्दिक
शुभकामनाएं
**मिल्कोमोर अब कृषि नेटवर्क पर भी।
कृषि नेटवर्क - किसान का स्वाभिमान
कृषि नेटवर्क
किसान का स्वाभिमान
अभी डाउनलोड करें
Google Play
मिल्कोफॉड
पशु चारा
आया भूसे का बाप
"दूध बहेगा मुनाफा बढ़ेगा"
मिल्कोमोर
पशु आहार
उत्तम फीड
SUPREME FEED
निर्माता
कपिला
कृषि उद्योग लि.
दूध बहेगा,
मुनाफा बढ़ेगा..
सम्पर्क करें
9310500105
विश्वसनीयतम उत्पाद
सबसे ज्यादा पोषण 75%
अच्छा स्वास्थ्य
ज़्यादा दूध
लंबी आयु